

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • रविवार • 10 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 157 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


मातृत्व दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,39,650 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1526 :** पानीपत की पहली लड़ाई में जीत के बाद बाबर ने तत्कालीन भारत की राजधानी अकबराबाद (आगरा) में प्रवेश किया।

**1857 :** 1857 के भारतीय विद्रोहः भारतीय लड़ाकों ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से दिल्ली में विद्रोह शुरू किया।

## न्यूज बाइट्स

### सिंचाई सुविधाओं का किया जाएगा विस्तार:मंत्री

**पटना (नि.सं.)** । लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने विकास भवन में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जलस्तर में वृद्धि और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों की मुस्कान लाना प्राथमिकता है। विभागीय योजनाओं की समीक्षा और नई योजनाओं की शुरुआत कर कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक उन्नति सुनिश्चित की जाएगी। लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने शनिवार को विकास भवन स्थित अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया। मौके पर विभाग के सचिव बी. कार्तिकेय धनजी, अपर सचिव संगीता सिंह और सुशांत कुमार, अभियंता प्रमुख सुनील कुमार समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। विभागीय सचिव ने मंत्री को विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी दी। भविष्य की कार्य योजनाओं से अवगत कराया। मौके पर मंत्री ने कहा कि जलस्तर में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार तथा जल संसाधनों के समुचित प्रबंधन के माध्यम से किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाना विभाग की पहली प्राथमिकता है।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ने रचा इतिहास

# शुभेंदु अधिकारी बने पश्चिम बंगाल के पहले भारतीय जनता पार्टी के सीएम

एजेंसी | पं. बंगाल

शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रच दिया। वे राज्य में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बन गए। कोलकाता में आयोजित भव्य समारोह में शुभेंदु अधिकारी ने बांग्ला भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नरेंद्र मोदी को झुककर प्रणाम किया। शुभेंदु अधिकारी के साथ पांच अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू तथा निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा शिवराज सिंह चौहान समेत अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री भी समारोह में शामिल हुए।

समारोह से पहले नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में जनसंपर्क यात्रा की। मंच पर पहुंचकर उन्होंने गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे भारतीय जनता पार्टी के 98 वर्षीय कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पास पहुंचे, उन्हें शॉल ओढ़ाया और सम्मान स्वरूप उनके चरण स्पर्श किए। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की शपथ पूरी होने के बाद नरेंद्र मोदी ने मंच से घुटनों के बल झुककर बंगाल की जनता को प्रणाम किया। समारोह के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।



**सुवेंदु अधिकारी**

**जन्म:** 15 दिसंबर 1970

**शिक्षा:** पोस्ट ग्रेजुएट

### नवनियुक्त सीएम से मिले बिहार के सीएम सम्राट चौधरी



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप शपथ लेने वाले शुवेंदु अधिकारी से शनिवार से बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुलाकात की. कोलकाता में शपथ ग्रहण समारोह के बाद दोनों नेताओं की मुलाकात की. वहीं इस दौरान बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खास माने जाने वाले केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने भी शुवेंदु से मुलाकात कर उन्हें सीएम बनने की बधाई दी. दोनों नेताओं ने अपने सोशल मीडिया पेज पर मुलाकात की तस्वीरें पोस्ट कर खास संदेश भी दिया।

"बंगाल में वो हो गया... जिसकी कल्पना तक करने से राजनीतिक पंडित हिचकिचाते थे। ममता बनर्जी की 15 साल पुरानी सत्ता ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और बीजेपी ने बंगाल की सत्ता पर हुकूमत जमा ली। सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ क्या ली, पूरा बंगाल सियासी भूचाल में बदल गया। लेकिन रुकिए... असली कहानी सिर्फ सीएम की कुर्सी नहीं है... असली खेल उस 5 लोगों वाली मिनी कैबिनेट में छिपा है, जिसने ममता कैंप की नींद उड़ा दी है। सिर्फ पांच मंत्री... लेकिन हर चेहरा एक राजनीतिक मिसाइल से कम नहीं है। एक महिला चेहरा, ताकि महिला वोट बैंक लॉक हो जाए... एक आदिवासी चेहरा... ताकि जंगलमहल पूरी तरह बीजेपी के साथ खड़ा रहे... मतुआ कार्ड... राजबंशी कार्ड... ओबीसी बैलेंस... यानी बीजेपी ने सरकार बनाते ही पूरा सोशल इंजीनियरिंग का ऐसा चक्रव्यूह रच दिया है जिसे देखकर विपक्ष भी हैरान है।"

# भीषण अग्निकांड : भाई-बहन समेत तीन की जिंदा जलकर हुई मौत

• स्थानीय लोगों के अनुसार, राजकुमार साह की दुकान इलाके की सबसे पुरानी दुकानों में से एक थी, जिसे लगभग 40 वर्ष पहले उनके पिता ने शुरू किया था। समय के साथ दुकान का विस्तार कर उसे बड़े प्रतिष्ठान का रूप दिया गया था।



सृष्टि
मृतक बहन



रूद्र
मृतक भाई



प्रिंस
मृतक स्टाफ



निज संवाददाता | मोतिहारी

मोतिहारी में शुक्रवार देर रात हुए भीषण अग्निकांड में भाई-बहन समेत तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ढाका प्रखंड के बड़हरवा फतेह मोहम्मद गांव की है। जानकारी के अनुसार, देर रात करीब साढ़े 12 बजे एक थोक किराना दुकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी दो मंजिला इमारत उसकी चपेट में आ गई। दूर-दूर तक आग की ऊंची लपटें दिखाई देने लगीं और पूरा भवन किसी भट्टी की तरह धधकता नजर आया। भवन के निचले हिस्से में दुकान थी, जबकि ऊपर दुकान मालिक का परिवार रहता था।

घटना के समय घर में दुकान मालिक राजकुमार साह के दो बच्चे और एक कर्मचारी सो रहे थे। आग की भयावहता के कारण तीनों बाहर नहीं निकल सके और जिंदा जल गए। मृतकों की पहचान राजकुमार साह के पुत्र रुद्र (8 वर्ष), पुत्री सृष्टि (10 वर्ष) तथा झरोखर थाना क्षेत्र के भंगहा निवासी कर्मचारी प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कोई भी भवन के पास जाने का साहस नहीं कर पा रहा था। अपनी जान बचाने के लिए दुकान मालिक राजकुमार साह ने खिड़की तोड़कर छत से छलांग लगा दी। नीचे खड़े एक ऑटो पर गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज मोतिहारी सदर अस्पताल में चल रहा है। एक ग्रामीण विजय बैठा भी इस हादसे में घायल हुए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन बड़ी और तीन छोटी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब साढ़े सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझाने के दौरान दमकल वाहनों का पानी समाप्त हो गया, जिसके बाद आसपास के घरों से पानी भरकर आग बुझाने का कार्य जारी रखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने के कुछ देर बाद घर में रखे दो गैस सिलेंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे आग और भी विकराल हो गई। इसके अलावा रेफ्रिजरेटर फटने की भी आवाज सुनाई दी। आग बुझने के बाद भी कई घंटों तक भवन से धुआं उठता रहा।

बताया गया कि राजकुमार साह की पत्नी नीरा गुप्ता 5 मई को अपने बच्चों के साथ रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होने पताही गई थीं। विवाह समारोह समाप्त होने के बाद बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए 8 मई को राजकुमार अपने बेटे रुद्र और बेटी सृष्टि को लेकर घर लौट आए थे, जबकि उनकी पत्नी छोटी बेटी के साथ वहीं रुक गई थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, राजकुमार साह की दुकान इलाके की सबसे पुरानी दुकानों में से एक थी, जिसे लगभग 40 वर्ष पहले उनके पिता ने शुरू किया था। समय के साथ दुकान का विस्तार कर उसे बड़े प्रतिष्ठान का रूप दिया गया था। अग्निकांड में दुकान में रखा भारी मात्रा में किराना और अन्य सामान जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये की क्षति हुई है। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक आशंका विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जताई जा रही है।

## औरंगाबाद में झमाझम बारिश से मिली राहत

# बिहार में आंधी-बारिश से नौ लोगों की मौत

निज संवाददाता | पटना



बिहार में पिछले कई दिनों से जारी आंधी और बारिश का दौर शनिवार को भी जारी रहा। औरंगाबाद में शनिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली। दिनभर गर्मी से परेशान लोग शाम होते ही बदले मौसम का आनंद लेते नजर आए। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिलों में आए तेज तूफान और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। राज्यभर में पेड़ गिरने और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कुल 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें सबसे अधिक चार लोगों की मौत पटना में हुई है। पटना में शुक्रवार शाम करीब 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज आंधी ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। महज आधे घंटे की बारिश और तूफान में राजधानी में 200 से अधिक पेड़ धराशायी हो गए, जबकि पूरे जिले में 600 से ज्यादा पेड़ गिरने की सूचना है। तेज हवा के कारण कई जगहों पर होर्डिंग और बिजली के पोल भी गिर गए, जिससे 50 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सड़कों पर पेड़ गिरने और जलजमाव के कारण पटना की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

### बिहार में छोटू सिलिंडर की ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**पटना (नि.सं.)**। बिहार के घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। अब 5 किलो वाले छोटू सिलिंडर की बुकिंग भी ऑनलाइन शुरू कर दी गई है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को छोटू सिलिंडर लेने के लिए गैस एजेंसी में लाइन लगाने या बार-बार चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब लोग घर बैठे ही आसानी से छोटू सिलिंडर बुक करा सकेंगे। तेल कंपनियों की ओर से बताया गया है कि 5 किलो वाले छोटू सिलिंडर की मांग लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया को और आसान बनाया गया है। अब उपभोक्ता मोबाइल ऐप, वेबसाइट, व्हाट्सएप और कॉल सेंटर के जरिए भी छोटू सिलिंडर बुक कर सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटू सिलिंडर छोटे परिवारों, किरायेदारों, छात्रों, मजदूरों और अस्थायी रूप से रहने वाले लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। कम वजन होने के कारण इसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाना भी आसान होता है। यही वजह है कि शहरों के साथ-साथ छोटे कस्बों में भी इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। गैस एजेंसियों का मानना है कि डिजिटल सुविधा बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और तेज सेवा मिल सकेगी। ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था लागू होने से समय की बचत होगी और उपभोक्ताओं को लंबी कतारों से भी राहत मिलेगी। तेल कंपनियों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में छोटू सिलिंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था को भी और मजबूत किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सके।







बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रजौली में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, 11 मई तक चलेगा अनुष्ठान

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के महसई मंझला में नौ कुंडीय श्रद्धा संवर्धन गायत्री महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। गायत्री परिवार के सदस्यों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा महसई मंझला स्थित यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर संगत मोड़ होते हुए राज शिव मंदिर स्थित धनंजय नदी के तट पर पहुंची। वहां विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ जल भरा गया। इसके बाद कलश लेकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। यात्रा के दौरान गायत्री मंत्र के जाप और भजन कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गायत्री परिवार की सदस्य प्रमिला देवी ने बताया कि नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ तीन दिनों तक चलेगा। इसकी शुरुआत 9 मई शनिवार से हो गई है और समापन 11 मई 2026 सोमवार को होगा। शनिवार को कलश शोभायात्रा के बाद संध्या में प्रवचन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 10 मई रविवार को सर्वदेव आवाह्न, पूजन एवं यज्ञ का कार्यक्रम होगा। वहीं 11 मई सोमवार को गायत्री महायज्ञ दीक्षा, विभिन्न संस्कार, पूर्णाहुति और विदाई के साथ नौ कुंडीय श्रद्धा संवर्धन गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ का उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का प्रसार करना है। यज्ञ के माध्यम से लोगों को गायत्री मंत्र की महिमा और भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए जल और छाया की व्यवस्था की गई है।

### पुलिस ने हरदिया डैम के पास से किया शराब धंधे का भंडाफोड़,112 लीटर महुआ शराब बरामद

**रजौली।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में रजौली पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए हरदिया डैम के पास से भारी मात्रा में अवैध देशी महुआ शराब बरामद की है। यह कार्रवाई रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत के निर्देशानुसार पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पाल व बीटीसी रितेश कुमार के नेतृत्व में की गई, जब पुलिस की विशेष टीम शाम के वक्त गश्ती और छापेमारी अभियान पर निकली थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सवा आठ बजे यह गुप्त जानकारी मिली थी कि हरदिया डैम के पास कुछ शराब कारोबारी भारी मात्रा में देशी महुआ शराब को ठिकाने लगाने और उसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए बिना समय गंवाए चिन्हित स्थान की घेराबंदी पुलिस टीम ने शुरू की। जैसे ही पुलिस की गाड़ी की रोशनी डैम के पास पहुंची, वहां झाड़ियों में छिपे दो युवक पुलिस को देखते ही अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा भी किया, लेकिन भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर वे फरार होने में सफल रहे। हालांकि, मौके पर मौजूद चौकीदार ने भागने वाले दोनों व्यक्तियों की पहचान फूलवरिया निवासी धर्मेंद्र कुमार शर्मा और पंकज कुमार के रूप में की है।पुलिस द्वारा आस पास तलाशी लेने पर पुलिस को जूट और प्लास्टिक के तीन बोरे बरामद हुए, जिनमें सफेद रंग की पन्नियों में भरकर रखी गई कुल 112 लीटर देशी महुआ शराब मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब को जब्त कर लिया और फरार आरोपियों के खिलाफ मद्यनिषेध कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### पटना में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण : संजय कुमार सिंह

*टीआरई-4 अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ कांग्रेस का हमला, कहा युवाओं के साथ हो रहा छल*




**कटिहार।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 का विज्ञापन जारी करने में लगातार हो रही देरी और पटना में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी (अर्बन) ने स्थानीय राजेंद्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी (अर्बन) के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने पटना के जेपी गोलंबर पर छात्रों पर हुए "बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज" की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि टीआरई-4 के लाखों अभ्यर्थियों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। आयोग बार-बार विज्ञापन जारी करने की नई तारीख बताकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 से ही अधियाचना मिलने की बात कही जा रही है, लेकिन अब तक विज्ञापन जारी नहीं किया गया। हाल ही में परीक्षा नियंत्रक ने 19 अप्रैल तक विज्ञापन जारी करने और 25-26 अप्रैल से आवेदन प्रक्रिया शुरू होने की बात कही थी, लेकिन 8 मई तक भी कोई विज्ञापन जारी नहीं हुआ। इसी के विरोध में बड़ी संख्या में छात्र पटना पहुंचे थे। जहां पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें हटाया और कई छात्र घायल हो गए। संजय कुमार सिंह ने कहा कि टीआरई-4 के तहत कुल 46,882 पदों पर नियुक्ति होनी है, जिसमें शिक्षा विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, लेकिन सरकार भर्ती प्रक्रिया को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है।

उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी छात्रों के आंदोलन के साथ खड़ी है और आगे प्रदेश नेतृत्व जो भी रणनीति तय करेगा, कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी उसमें पूरी मजबूती से भागीदारी निभाएगी। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला,नगर अध्यक्ष अ पुतुल सिंह, नगर अध्यक्ष ब रिंकू मिश्रा, अररिया कांग्रेस प्रभारी नैयर मसूद खान,युवा अध्यक्ष मन्नी पासवान,प्रदेश युवा नेता मो.इश्तियाक, राज आनंद सिंह, मीनाक्षी श्वेता, प्रीतम चक्रवर्ती, धीरेन्द्र चन्द्र गुप्ता, मोहर्रम खान समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय वादों का हुआ समझौता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में अरविन्द कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहयोग सेआज दिनांक 09.05.2026 को व्यावहार न्यायालय, नवादा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया एवं पक्षकारों को सुलह के आधार पर वादों के निष्पादन किया गया।

इस मौके पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा, प्रिंसराज प्रशिक्षु आइ०ए०एस०, निशु मल्लिक, पुलिस उपाधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, प्रधान न्यायाधीश गिरधारी उपाध्याय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धनन्जय कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय उपेन्द्र कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय, उमेश कुमार, विशेष न्यायाधीश अनु० जाति/जनजाति, संजय कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंचम, मिस रश्मि, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय, मिस कुमारी विजया, विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम, मिस० ज्योति कुमारी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ग्यारह, आशुतोष खेतान, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो, विकास झा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार, आनन्द भूषण, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, राहुल किशोर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम, सुस्मिता कुमारी, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी चतुर्थ, अश्विनी कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम लक्ष्मीनाथ, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय, चन्द्रभूषण भारती, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी षष्ठ चन्दालाल, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सप्तम कुमारी प्रियंका, अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी रजत दीप, देवव्रत कुमार, प्रधान दण्डाधिकारी किशोर न्याय परिषद, अनिता कुमारी, मिस० प्रज्ञा ऐश्वर्या, शत्रुंजय कुशवाहा, संतोष कुमार, सोनम रानी, शन्नी गौरव, आकांक्षा आनन्द, मिस० दीक्षा, अनुराग, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा एवं चन्द्रलेखा मौर्य, न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय श्रेणी तथा पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयं सेवक मनीष कु० सिन्हा रविरंजन, मो० इमरान खान आदि एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के समस्त कर्मचारीगण मो० अली शब्बीर हसनैन, सुशील कुमार के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया।

मंच का संचालन सुश्री चन्द्रलेखा मौर्य, न्यायिक पदाधिकारी नवादा ने अपनी मधुर स्वर में किया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत से कोई भी निराश होकर पक्षकार नहीं लौटे। लोग अधिक से अधिक इस अवसर का लाभ उठावें।

सचिव महोदय ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय के बोझ को कम करने का सरल तरीका है। इस लोक अदालत में उभयपक्षों की जीत होती है। सुलहनीय योग्य न्यायालय आधारित कुल 142 मामले का निष्पादन किया गया तथा प्री लिटिगेशन के 595 बैंक के मामले का निष्पादन किया गया। श्रम वाद के 02 मामले का निष्पादन किया। ग्राम कचहरी के 05 मामले का निष्पादन किया गया। ट्रैफिक चालान के 285 मामले का निष्पादन किया गया तथा वैवाहिक मामले के 03 वादों का निष्पादन किया गया। इस प्रकार व्यवहार न्यायालय आधारित कुल 142 मामले का निष्पादन किया गया। इसमें बैंक द्वारा कुल 13560632/-रु० समझौता राशि ऋणियों से वसूली की गयी।मौके पर चन्द्रमौली शर्मा सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## वारिसलीगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 11 साइबर अपराधी गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**:जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर वारिसलीगंज थाना की पुलिस ने विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें 11 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग स्थानों—द्वायनगर नहर के पूर्वी बांध और चकवाय हाईस्कूल के दक्षिण स्थित सीसम बगीचा—में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान अपराधियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से 19 एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 6 पन्नों में दर्ज कस्टमर डाटा बरामद किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये लोग विभिन्न कंपनियों और लोन दिलाने के नाम पर ग्राहकों को झांसा देकर ठगी करते थे। कस्टमर डाटा के जरिए ये मोबाइल नंबरों पर कॉल कर लोगों को फर्जी लोन ऑफर देकर अपने जाल में फंसाते थे।

इस संबंध में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 320/26 दर्ज करते हुए आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में छोटू कुमार, आशिष रंजन कुमार, सुनील राउत, गुलशन कुमार, समित कुमार, परमेंद्र कुमार, यशराज पटेल, चंदन पटेल, नवनीत कुमार और कुंदन कुमार शामिल हैं। वहीं एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है तथा एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।

इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों और सशस्त्र बल की टीम सक्रिय रही।

पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार भास्कर ने प्रेस वार्ता में बताया कि साइबर अपराध के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

*देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा*

## अखंड रामधुनी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, 09 मई को होगा दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत बन्दैली कला गांव में देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुक्रवार को नव भारती युवा क्लब के सौजन्य से 24 घंटे की अखंड रामधुनी का आयोजन किया गया। धार्मिक माहौल में श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता देखने को मिली।

इस अवसर पर गांव स्थित मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जो जोरावरडीह होते हुए सोखोदेवरा स्थित जेपी सूर्य मंदिर पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत जल भराई की गई। इसके बाद श्रद्धालु पुनः पूजा मंडप पहुंचे, जहां पंडित रघुनंदन पांडेय एवं पंडित कुंदन पराशर द्वारा पूजा-अर्चना एवं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ कराया गया। आयोजन समिति के अनुसार 09 मई को दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बोकारो (झारखंड) के व्यास अनिल यादव तथा शेखपुरा (बिहार) के व्यास कमलेश चौहान के बीच सांस्कृतिक मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में भूषण यादव उर्फ भगत जी सहित समस्त ग्रामीण बढ़-चढ़कर योगदान दे रहे हैं।

# 'हमारा बच्चा, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर फरका बुजुर्ग विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फरका बुजुर्ग में 'हमारा बच्चा, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इससे स्पष्ट हुआ कि समुदाय अब विद्यालय को बच्चों के समग्र विकास के केंद्र के रूप में स्वीकार कर रहा है। प्रधान शिक्षक शशिकांत नारायण के नेतृत्व में विद्यालय में कई नवाचार किए गए हैं। विद्यालय में स्थापित क्रिएटिव पुस्तकालय बच्चों की पढ़ने की क्षमता विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।




विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक व अभिभावक

पुस्तकालय का सुव्यवस्थित संचालन और बच्चों की सक्रिय सहभागिता दर्शाती है कि संसाधनों का प्रभावी उपयोग हो रहा है। विद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑडियो वीडियो आधारित शिक्षण, टीएलएम कॉर्नर और टीएलएम किट का नियमित उपयोग बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक बना रहा है। स्पोर्ट्स कॉर्नर, अग्निशामक यंत्र और स्वच्छ परिसर विद्यालय की सुरक्षा और बच्चों के अनुकूल माहौल को दिखाते हैं। विद्यालय में करीब 95 प्रतिशत उपस्थिति यह संकेत देती है कि बच्चे स्कूल आने के लिए प्रेरित हैं और अभिभावकों का विद्यालय पर विश्वास बढ़ा है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय परिवार निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कर रहा है। इसी का परिणाम है कि विद्यालय का नामांकन 120 के पार पहुंच चुका है। बैठक में अभिभावकों ने बच्चों की शिक्षा, पोषण और नियमित पढ़ाई में सहयोग का भरोसा दिया। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के नवादा जिला प्रोग्राम मैनेजर सुजीत सुमन, शिक्षक अशोक प्रसाद तथा कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन के गांधी फेलो प्रशांत सोनटक्के मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के एकीकृत महत्व पर जोर दिया। हालांकि विद्यालय में कई सकारात्मक पहल हुई हैं, लेकिन बाला यानी बिल्डिंग एज लर्निंग एड की अनुपलब्धता और बाउंड्री वॉल का अभाव अभी भी चुनौती बना हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि इन बुनियादी सुविधाओं के मिलने से विद्यालय का शैक्षणिक और सुरक्षित माहौल और मजबूत होगा। बैठक के बाद अभिभावकों ने विद्यालय का भ्रमण कर पुस्तकालय, डिजिटल शिक्षण संसाधनों और अन्य नवाचारों का अवलोकन किया। विद्यालय के प्रयासों से प्रभावित अभिभावकों ने शिक्षा व्यवस्था के प्रति संतोष जताया। यह पहल विद्यालय और समुदाय की साझेदारी को मजबूत कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अहम कदम है।

## रजौली अस्पताल में प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर आयोजित, 204 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रजौली और आसपास के क्षेत्रों से पहुंची कुल 204 गर्भवती महिलाओं की जांच कर जरूरी दवाइयां दी गईं। अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत शिविर लगाया जाता है। शिविर में डॉ. परितोष कुमार, डॉ. अभिप्राय चौधरी एवं डॉ. निवेदिता नंदिनी ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान महिलाओं का बीपी, शुगर और सीबीसी समेत अन्य ब्लड सैंपलों की जांच कराई गई। जांच के बाद चिकित्सकीय सलाह पर आयरन, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और उचित पोषण बेहद जरूरी है, ताकि जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। शिविर में आई गर्भवती महिलाओं ने बताया कि उन्हें यहां बहुत अच्छी सुविधाएं मिलीं। डॉक्टरों और नर्सों ने अच्छे से जांच की और जरूरी दवाइयां दीं। घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं मिलने से काफी राहत मिली है। इस मौके पर जीएनएम सियामणि कुमारी, नेहा कुमारी, पुष्पलता सिन्हा, नविता कुमारी, अर्चना कुमारी, प्रेमा कुमारी, सुमन कुमारी, पुनीता कुमारी, अनिल कुमार, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, परिवार कल्याण परामर्शी राकेश कुमार सिंह एवं हेल्थ मैनेजर विकास कुमार समेत दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



अस्पताल में जांच के दौरान महिलाएं व स्वास्थ्यकर्मी

# रामलाल इंटर विद्यालय में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

## आगलगी से बचाव पर दी गई जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड के तारगीर स्थित रामलाल इंटर विद्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आगलगी से बचाव एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद और सजग कार्यक्रम की प्रभारी शिक्षिका काजल कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाध्यापक ने मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य छात्र छात्राओं को प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं से बचाव के लिए तैयार करना है, ताकि वे खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित कर सकें।



विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण

**छात्राओं ने मॉडल और पेंटिंग से समझाए बचाव के उपाय :** कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 9 की ऋषिका और नाजिया प्रवीण ने आग लगने के कारणों और बचाव पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 10 की चांदनी, मोनिका, चंद्रमणि और नेहा ने भाषण, संगीत प्रोजेक्ट और पेंटिंग के माध्यम से आगलगी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को प्रभावी तरीके से बताया। बच्चों ने बताया कि आग लगने पर घबराएं नहीं, शोर मचाकर लोगों को सतर्क करें, नाक मुंह पर गीला कपड़ा रखें और रेंगकर बाहर निकलें।

**प्रधानाध्यापक ने बताया जागरूकता की जरूरत :** प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद ने कहा कि गर्मी के मौसम में आगलगी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में स्कूली बच्चों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। बच्चे जो सीखते हैं, उसे अपने घर और समाज तक पहुंचाते हैं। सजग प्रभारी काजल कुमारी ने कहा कि बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों के जरिए आपदा प्रबंधन को आसानी से समझा और समझाया है। कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्र छात्राओं को मिला सम्मान :** कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षिका नित्या कुमारी, सोनी कुमारी, नाजिया तबस्सुम, शिक्षक गौतम कुमार शर्मा, अब्दुल सलाम, विजय शंकर पाठक, रही गजाला, मुकेश, संजय कुमार और उपेंद्र कुमार ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# रेफरल अस्पताल वारिसलीगंज में पीएमएसएमए दिवस का हुआ आयोज, 355 गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य जाँच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज नवादा।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित रेफरल अस्पताल में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आरती अर्चना के नेतृत्व एवं देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की समुचित स्वास्थ्य जांच कर उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था एवं एनीमिया की पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के दौरान कुल 355 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के उपरांत 31 महिलाओं को उच्च जोखिम वाली गर्भवती के रूप में चिन्हित किया गया। इनमें से गंभीर रूप से एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को IV Sucrose इंजेक्शन चढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया मां एवं शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। समय पर जांच एवं उचित उपचार से इससे होने वाली जटिलताओं को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि चिन्हित एनीमिक एवं गंभीर एनीमिक महिलाओं को चिकित्सकीय निगरानी में Injection IV Sucrose एवं FCM (Ferric Carboxymaltose) थेरेपी दी जा रही है।

गर्भवती महिलाओं की ANC जांच चिकित्सकों के द्वारा की गयी।स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को पोषण, आयरन युक्त भोजन एवं नियमित जांच के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि वारिसलीगंज में एनीमिया से पीड़ित महिलाओं के उपचार हेतु Injection IV Sucrose एवं FCM दोनों सुविधाएं उपलब्ध हैं और जरूरतमंद महिलाओं को नियमित रूप से यह उपचार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनीमिया से ग्रसित कोई भी गर्भवती महिला किसी भी दिन पहुंचकर इस सुविधा का लाभ ले सकती है। उन्होंने बताया कि FCM एवं IV Sucrose थेरेपी एनीमिया के इलाज में अत्यंत प्रभावी है। यह एक प्रकार की "सिंगल डोज थेरेपी" है, जिससे गर्भवती महिलाओं में लगभग 2 से 2.5 ग्राम तक हीमोग्लोबिन बढ़ाने में सहायता मिलती है। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होता है तथा सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिलता है।मौके पर सभी एएनएम तथा स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।



पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM

INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM, GOVT. OF INDIA & DEPT. OF TOURISM, GOVT. OF BIHAR)

NCHMCT BIHAR TOURISM

DEGREE IN HOTEL MANAGEMENT

3 Years B.Sc. in Hotel Management
1½ Year Diploma in F & B Service
1½ Year Diploma in Food Production

DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course

100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)

हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
ई-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है



# संक्षिप्त समाचार

## शराब के नशे में पड़ोसी ने ली जान, नालंदा में डस्टबिन विवाद में मारपीट, बुजुर्ग के सिर पर लगी ईंट

**नालंदा।** नालंदा में शुक्रवार की देर शाम कूड़ेदान(डस्टबिन) रखने के मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जिसमें एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रामाधीन प्रसाद(70) के रूप में हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना राजगीर थाना क्षेत्र के नौन्ही गांव की है। मृतक के नाती मंदीप कुमार ने बताया कि विवाद की शुरुआत डस्टबिन की जगह बदलने को लेकर हुई थी। पड़ोसी पप्पू यादव का आरोप था कि डस्टबिन को उनके स्थान से हटाकर दूसरी तरफ रख दिया गया है, जबकि हमलोगों का कहना था कि सफाईकर्मियों ने उसे वहां रखा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। रात करीब 11 बजे पड़ोसी पक्ष के लोग शराब के नशे में धुत होकर आए और गाली-गलौज करने लगे। जब नाना रामाधीन प्रसाद शोर सुनकर बाहर निकले, तो उन पर ईंट से हमला कर दिया गया। ईंट सिर में लगने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों के फर्द बयान के आधार पर कुल तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने छापेमारी कर इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी को दबोच लिया है, जबकि अन्य दो की तलाश जारी है।

## गयाजी में मंगला गौरी टंकी से गंदे पानी की सप्लाई, पाइपलाइन में लीकेज से बढ़ी परेशानी; लोगों में रोष

**गयाजी।** गयाजी शहर में पिछले दो दिनों से पेयजल संकट गहरा गया है। मंगला गौरी पहाड़ी स्थित पानी टंकी से कई मोहल्लों में गंदे और मटमैले पानी की आपूर्ति हो रही है। इससे स्थानीय लोगों में भारी रोष है। विभाग से जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की है। गोदावरी निवासी संजय कुमार सिन्हा बताया कि माडनपुर मोड़ के पास राइजिंग पाइप में लीकेज है। इस लीकेज के कारण नाले और आसपास की गंदगी पाइपलाइन में मिल रही है, जिससे पानी का रंग बदल गया है। सुबह-शाम की आपूर्ति के दौरान नलों से आने वाला पानी पीने योग्य नहीं है। भैरव स्थान निवासी शंकर प्रसाद ने कहा कि दूषित पानी का सबसे अधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर पड़ सकता है। अगर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। कई परिवार बाजार से पानी खरीदने को मजबूर हैं। पाइपलाइन की नियमित जांच और रखरखाव न होने के कारण ऐसी समस्याएं बार-बार उत्पन्न होती हैं। जानकारी अधिकारियों को दी गई है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। वहीं, पानी आपूर्ति विभाग के अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं था। शिकायत मिलने के बाद संबंधित कर्मचारियों को जांच के निर्देश दिए जाएंगे। जहां भी पाइपलाइन में लीकेज पाया जाएगा, उसे तत्काल ठीक कराया जाएगा ताकि शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## पैदल जा रहे युवक को ट्रक ने रौंदा, सदर हॉस्पिटल पहुंचने से पहले तोड़ दम, सामान खरीदने बाजार गया था

**नालंदा।** नालंदा में तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को रौंद दिया। हादसे के बाद गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।



मृतक की पहचान वृंदावन निवासी राम जीवन मिस्त्री के पुत्र धनराज कुमार(20) के तौर पर हुई है। घटना सरमेरा थाना क्षेत्र के सरमेरा गांव के पास की है। चचेरे भाई रंजन कुमार ने बताया कि धनराज सामान लाने के लिए पैदल ही बाजार जा रहा है। रास्ते में ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वो सड़क पर गिर गया। पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से पीएचसी लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आगाज, 14 बेंचों पर 17,076 मामलों के निपटारे का लक्ष्य




**नालंदा।** नालंदा कोर्ट परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ हुआ। औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना हाईकोर्ट के जज सह नालंदा के इंस्पेक्टिव जज न्यायमूर्ति राजीव रंजन राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं और आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत उन लोगों के लिए वरदान है जो अपने विवादों का त्वरित, सुलभ और अंतिम समाधान चाहते हैं। यह मंच आपसी समझौते के आधार पर बिना किसी हार-जीत के मामलों के निष्पादन का एक सशक्त और पारदर्शी माध्यम है, जिससे समाज में सद्भाव बना रहता है। इस बार ट्रैफिक चालानों के सुगम निपटारे के लिए विशेष काउंटरों की व्यवस्था की गई है, ताकि आम जनता को सहूलियत हो सके। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इस बार कुल 17,076 मामलों को सूचीबद्ध किया गया है। इनमें विभिन्न बैंकों के 10,500 और न्यायालयों में लंबित 6,576 मामले शामिल है। सुचारू संचालन के लिए व्यवहार न्यायालय के विभिन्न भवनों में कुल 14 बेंचों का गठन किया गया है, जहां न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता सदस्य के रूप में तैनात होकर सुबह से ही मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। इन सभी बेंच पर पारा विधिक स्वयंसेवकों और न्यायालय कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि पक्षकारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम के दौरान मंच पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा और प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव सहित कई वरिष्ठ न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न बेंचों पर समझौता प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें बिजली विभाग, बैंक ऋण, माप-तोल, वन विभाग, एक्ट और वैवाहिक विवादों जैसे सुलहनीय मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जा रहा है। लोक अदालत के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# तिलक समारोह में भोज खाने के बाद 40 लोग बीमार

## गयाजी में फूड प्वाइजनिंग की आशंका, उल्टी, दस्त-पेट दर्द की शिकायत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गया में एक तिलक समारोह के भोज के बाद 40 लोग बीमार पड़ गए। सभी को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुआ प्रखंड स्थित धाना विगहा गांव का है। धाना विगहा गांव निवासी शिक्षक रमेश दास के भांजे के तिलक समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में गांव के सैकड़ों लोग और रिश्तेदार शामिल हुए थे। तिलक कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया गया था। भोज खत्म



होने के कुछ ही देर बाद कई लोगों को अचानक उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते बीमार पड़ने वालों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी।

परिजनों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बीमार लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गुरुआ पहुंचाया। कुछ मरीजों को आसपास के निजी क्लीनिकों में भी भर्ती कराया गया। एक साथ बड़ी संख्या में मरीज पहुंचने से अस्पताल परिसर में भी हलचल बढ़ गई। चिकित्सकों की टीम ने तत्काल सभी मरीजों का इलाज शुरू किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को प्राथमिक उपचार देने के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं।

**सभी मरीजों की स्थिति फिलहाल सामान्यः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गुरुआ में मौजूद चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने बताया कि सभी मरीजों की स्थिति फिलहाल सामान्य है। उन्होंने कहा कि किसी की हालत गंभीर नहीं है और समय पर इलाज मिलने से मरीजों की हालत में तेजी से सुधार हुआ है। आशंका है कि इन्हें फूंड प्वाइजनिंग हुई है। मरीजों के लक्षण भी फूड प्वाइजनिंग के ही हैं। सभी लोग फिलहाल ठीक है। भर्ती मरीज रमेश राम ने बताया है कि तिलक समारोह में खाने के बाद तबीयत बिगड़ गई है।

बीमार लोगों में 35 साल के सुनीता देवी, 44 साल के प्रेमनी देवी, 17 साल के रौशन कुमार, 22 साल के आनंद कुमार, 45 साल के रमेश राम, 28 साल के राहुल राज, 30 साल के आकाश कुमार, 25 साल के कुंदन कुमार और 10 साल के अंकुश कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।

# 'मगध में बढ़ते अपराध को आईजी रोकने में नाकाम'




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** मगध प्रमंडल में लगातार बढ़ रहे अपराधों को लेकर आम जनता में आक्रोश बढ़ गया है। शुक्रवार रात गयाजी में आईजी कार्यालय के ठीक सामने रोड के दूसरी तरफ एक बड़ा पोस्टर लगा है। जिसमें साफ-साफ लिखा है 'मगध में बढ़ते अपराध को आईजी रोकने में नाकाम, मगध आईजी इस्तीफा दो।' पोस्टर के नीचे 'मुन्ना जी' का नाम दर्ज है। अब यह पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है।

**पुलिस की गश्त पर सवालः** आखिर गुस्से का इजहार करने वाला कौन है। तमाम तरह के सवाल लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। खास बात यह भी रात में गश्त के दावे करने वाली सिविल लाइंस थाने की पुलिस को भी यह नजर नहीं आई। जबकि पोस्टर आईजी कार्यालय के गेट के सामने रोड के दूसरी तरफ है। जहां भरपूर रोशनी होती है। इस संबंध में जब डीएसपी-1 सरोज शाह से पूछा गया तो उन्होंने संक्षिप्त जवाब दिया, 'अभी दिखवाते हैं।'

**पुलिस के खिलाफ लोगों में नाराजगीः** स्थानीय लोगों ने पहचान उजगार नहीं करने की शर्त पर बताया कि मगध क्षेत्र(खासकर गयाजी) में पिछले कई महीनों से चोरी, लूटपाट, बाइक चोरी, साइबर ठगी और महिला सुरक्षा से जुड़ी घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

> ◆ **गयाजी में लगे पोस्टर, 'मगध आईजी इस्तीफा दो', लूटपाट, चोरी की घटना से लोगों में नाराजगी**

कई बार पुलिस में शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न होने से लोगों का भरोसा डगमगा गया है। छोटी-छोटी घटनाएं रोज हो रही है, लेकिन पुलिस सिर्फ कागजों और सरकारी बैठकों में व्यस्त रहती है।

पोस्टर में आईजी पर सीधा आरोप लगाया गया है कि वे अपराध को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। इस तरह के सार्वजनिक प्रदर्शन से साफ है कि कहीं न कहीं लोगों के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर रोष है। जिसके चलते मगध में पुलिस के सबसे बड़े अधिकारी से ही इस्तीफे की मांग की जा रही है।

**शांति व्यवस्था के लिए चुनौतीः** यह घटना मगध पुलिस प्रशासन के लिए एक चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। अगर समय रहते अपराध पर अंकुश नहीं लगाया गया और पोस्टर लगाने वाले की पहचान कर उसकी समस्या का समाधान नहीं किया तो ऐसी हरकतें शांति व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती है।

# गयाजी में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, गुस्साए परिजनों ने सड़क जाम किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी शहर के चंदौती थाना क्षेत्र अंतर्गत कुजाप पंचायत के इंग्लिश गांव के पास आज एक सड़क हादसे में 55 साल के रोहित यादव की मौत हो गई। बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर NH-22 को जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। रोहित यादव शनिवार को साइकिल से बाजार जा रहे थे। इंग्लिश गांव के समीप NH-22 पर एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोहित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।



**परिजनों ने की मुआवजे की मांगः** आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। रोहित यादव की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में शोक छा गया। मृतक के परिजनों और गांव के लोगों ने घटना के विरोध में NH-22 पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। वे प्रशासन से मुआवजे और दोषी बाइक चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सड़क जाम के कारण दोनों ओर गाड़ी की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही चंदौती थाना पुलिस और नगर बीडीओ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को तत्काल 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

**फरार बाइक सवार की तलाश कर रही पुलिसः** अधिकारियों ने सरकारी प्रावधानों के तहत आगे भी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन सड़क जाम हटाने को तैयार हुए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। सड़क जाम हटने के बाद यातायात सामान्य हो सका। इस संबंध में चंदौती थाना अध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार बाइक चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 'धर्म-संस्कृति संगम भारत की हजारों साल पुरानी परंपरा', प्रेम कुमार बोले- बोधगया की धरती सदियों से मानवता का संदेश देती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** विश्व प्रसिद्ध पावन धरती बोधगया में चार दिनों तक चले धर्म-संस्कृति संगम के वार्षिक चीवरदान और संघदान कार्यक्रम का महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया परिसर में भव्य समापन हुआ। 6 मई से शुरू हुए इस आयोजन के अंतिम दिन श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का ऐसा संगम दिखा, जहां देशभर से पहुंचे बौद्ध भिक्षु, धर्माचार्य, उपासक और श्रद्धालु एक साथ मानवता और करुणा का संदेश देते नजर आए। पूरे परिसर में मंत्रोच्चार, बौद्ध परंपराओं और भारतीय सांस्कृतिक विरासत की अनूठी छटा बिखरी रही। चीवरदान और संघदान के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने भिक्षु संघ को चीवर अर्पित कर



कथित पुण्य अर्जित किया। माहौल पूरी तरह श्रद्धा और भक्ति में डूबा दिखा।

मुख्य वक्ता इंद्रेश कुमार ने कहा कि धर्म का असली उद्देश्य समाज में शांति, करुणा, भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने बोधगया और गया को छुआछूत, जातिवाद, हिंसा और प्रदूषण से मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जब समाज करुणा और सद्भाव के रास्ते पर चलेगा। तभी सच्चे अर्थों में धर्म की स्थापना होगी। बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि धर्म-संस्कृति संगम केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की हजारों साल पुरानी आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बोधगया की धरती सदियों से पूरी दुनिया को ज्ञान, शांति और मानवता का संदेश देती रही है। इस आयोजन में शामिल होना गर्व की बात है। मीडिया से बातचीत में डॉ. प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल की राजनीति पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि वहां नए युग की शुरुआत होने जा रही है और विकास व सुशासन की नई दिशा बनेगी। साथ ही उन्होंने बिहार की राजनीति पर कहा कि युवा नेतृत्व में सेवा की क्षमता है, जिसका फायदा आने वाले समय में जनता को मिलेगा। चार दिवसीय इस आयोजन के समापन पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, धर्माचार्य, स्थानीय लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे। शांति, सद्भाव और मानव कल्याण की मंगलकामनाओं के साथ कार्यक्रम खत्म हुआ।

# गयाजी में शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज का विरोध, कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना, जिला अध्यक्ष बोले- बहाली प्रक्रिया को टाला जा रहा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** राजधानी पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। टीईटी-एसटीईटी पास अभ्यर्थियों के समर्थन में उतरी कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गयाजी कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता कर घटना की कड़ी निंदा की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अपनी नियुक्ति और रिक्त पदों पर बहाली की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। उन्होंने इसे लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, शिक्षक अभ्यर्थी लंबे समय से टीआरई-4 की वैकेंसी जारी करने और शिक्षकों के खाली पदों पर बहाली की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर वे पटना के जेपी गोलंबर के पास शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे।

**कई अभ्यर्थी घायल हो गएः** आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने अचानक लाठीचार्ज कर युवाओं को खदेड़ा। इस कार्रवाई में कई अभ्यर्थी घायल हो गए। कुछ छात्रों के सिर में चोटें आईं, जबकि कई के हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें लगीं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बिहार में शिक्षकों के दो लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार बहाली प्रक्रिया को लगातार टाल रही है।




पार्टी नेताओं ने कहा कि टीआरई-4 की प्रक्रिया शुरू नहीं होने से हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। लगातार देरी के कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उम्र सीमा पार कर रहे हैं, जिससे उनमें भारी आक्रोश है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पटना का जेपी गोलंबर एक ऐसे स्थल में बदल गया था, जहां अपने अधिकार की मांग कर रहे युवाओं पर पुलिस ने कार्रवाई की। पार्टी ने नौकरी मांगने वाले युवाओं के साथ इस तरह के व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

गया जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने भी घटना की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, "बिहार के युवा रोजगार मांग रहे हैं, कोई अपराध नहीं कर रहे हैं।" सरकार युवाओं को नौकरी देने के बजाय उन पर डंडे बरसा रही है। यह लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी।" उन्होंने मांग की कि सरकार अविलंब टीआरई-4 की प्रक्रिया शुरू करे और सभी रिक्त पदों पर पारदर्शी तरीके से बहाली सुनिश्चित करे। साथ ही घायल अभ्यर्थियों के समुचित इलाज और दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की गई।

कांग्रेस ने घोषणा की कि वह शिक्षक अभ्यर्थियों के संघर्ष में उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और रोजगार और शिक्षा के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ आंदोलन जारी रखेगी। इस मौके पर प्रेस वार्ता में रंजीत कश्यप, युगल किशोर सिंह, प्रदीप शर्मा, भाई ओंकार शक्ति, मदीना खातून, विद्या शर्मा, अर्जुन गुप्ता, अनिल कुमार पासवान, धर्मेन्द्र शर्मा, शिवनाथ प्रसाद और मोहम्मद कमरू, जिला प्रवक्ता अशोक प्रसाद भारती मौके पर रहे। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने वाले शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज बेहद निंदनीय है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह की पहल से राकियान बीघा में हटे सभी ब्रेकर

**तिलौथू (रोहतास)।** रकियान बीघा में सड़क पर लगाए गए सभी अवैध ब्रेकर को प्रशासन द्वारा हटा दिया गया, बताया जाता है कि सड़क पर अधिक संख्या में बने ब्रेकर के कारण आम लोगों, वाहन चालकों एवं एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने विभागीय अधिकारियों से बातचीत कर ब्रेकर हटाने की मांग की थी। उनकी पहल के बाद संबंधित विभाग ने कार्रवाई करते हुए सभी ब्रेकर को हटवा दिया। वहीं सड़क के जिस हिस्से की स्थिति काफी जर्जर थी, वहां मरम्मत कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सड़क मरम्मत शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि अब आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने विधायक प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनसमस्याओं को लेकर उनकी सक्रियता से लोगों को राहत मिली है। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने पर भी लोगों ने आभार व्यक्त किया है।

### प्रेम प्रसंग के मामले में शादी का झांसा देकर यौन शोषण, आरोपी युवक गिरफ्तार

**अकोढी गोला(रोहतास)** जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला सामने आया है। इस मामले पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीड़िता ने आयर कोठा थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र के निवासी प्रिंस कुमार ने प्रेम प्रसंग के दौरान शादी का वादा कर उसका यौन शोषण किया। उन्होंने कार्रवाई की मांग की थी। थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर BNS की धारा 69 के तहत कांड संख्या 57/26 दर्ज की गई है। आरोपी प्रिंस कुमार को ग्राम अहराव स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने BNSS की धारा 183 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़िता का बयान भी दर्ज कराया है। मामले की जांच जारी है।

### नालंदा में 5 दिनों से लापता अधेड़ की हत्या, पईन में मिला शव, भाई बोले- गांव के ही दबंग ने ली जमीन के लिए जान



**नालन्दा।** नालंदा के मानपुर थाना क्षेत्र के तेतरावां गांव स्थित पईन से आज पुलिस ने 5 दिनों से लापता एक अधेड़ का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के अस्थावां बस्ती निवासी सुरेश राम के बेटे सोनू राम (45) के रूप में हुई है। परिजनों ने गांव के ही एक दबंग पर 13 कट्ठा जमीन हड़पने और बकाया 13 लाख रुपये नहीं देने के विवाद में गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के मौसेरे भाई सबलू कुमार ने बताया कि गांव के ही दबंग मुकेश यादव ने सोनू की 13 कट्ठा जमीन पर कब्जा कर लिया है। आरोपी ने पहले 8 कट्ठा जमीन अपने नाम लिखवा ली थी, लेकिन पैसे नहीं दिए। पैसे मांगने पर उसने 5 कट्ठा जमीन और जबरन जोत ली। जमीन के एवज में कुल 13 लाख रुपये बकाया थे। इसे लेकर 24 अप्रैल को गांव में पंचायती भी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद और हाथापाई हुई थी। मृतक के परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। पिछले माह 25 अप्रैल को ही बेटी की शादी हुई थी। सबलू ने बताया कि पंचायती के दो-तीन दिन बाद तक सोनू दिखे थे, लेकिन पिछले 4-5 दिनों से वे लापता थे। पुलिस के माध्यम से तेतरावां के पईन में शव पड़े होने की सूचना मिली। शव के पास से मिले आधार कार्ड से उनकी शिनाख्त हुई। परिजनों का आरोप है कि सोनू का हाथ टूटा हुआ है, सिर पर चोट के गहरे निशान हैं और गला दबाकर उनकी निर्मम हत्या की गई है। परिजन ने बताया कि आरोपी इलाके में अक्सर जमीन कब्जाने का काम करता है और अपनी ऊंची पहुंच की धौंस दिखाता है। मानपुर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या कहीं और की गई है और साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को पईन में लाकर फेंका गया है। वैज्ञानिक जांच और साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और परिजनों का लिखित आवेदन मिलने पर आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रामदयाल मध्य विद्यालय परभैली के छात्र-छात्राओं को वितरण किया पाठ्य पुस्तक



**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत परभैली पंचायत स्थित में उत्क्रमित मध्य विद्यालय परभैली में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्य पुस्तक वितरण से पूर्व पिछले दिनों विद्यालय में हुए वार्षिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। वर्ग आठ में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया। विधालय में नामांकन प्रारंभ है। वर्ग एक में 28 छात्र-छात्राओं का नामांकन किया गया है। आगे नामांकन जारी है।बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अभिभावक विद्यालय आते हैं और अपने-अपने बच्चों का नामांकन करवा रहे हैं। इस क्षेत्र में रामदयाल मध्य विद्यालय परभैली में बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। विद्यालय में अच्छे-अच्छे शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं शिक्षा सेवक है,जो बच्चों के हित में लगे रहते हैं। प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव कुशल व्यवहार के साथ-साथ कुशल व्यवस्थापक भी हैं। प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव शिक्षक-शिक्षिकाओं के अच्छा तालमेल रखते हुए विधालय का संचालन कर रहे हैं। सभी बच्चों को एक समान देखते हैं। रामदयाल मध्य विद्यालय परभैली के प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने बताया कि वर्ग एक से आठ तक के 1033 छात्र-छात्राओं पिछले दिनों रिजल्ट जारी कर प्रगति पत्रक वितरण किया गया। वर्ग 8 में पठन-पाठन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने बताया कि विद्यालय में एक समारोह का आयोजन कर 60% छात्रों के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक असीम लाल यादव, प्रियंका सिंह,बीबी शबनम,आभा कुमारी,निखत परवीन सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपस्थित होकर पुस्तक वितरण में काफी सहयोग किया। छात्र-छात्राओं पाठ्य पुस्तक लेते ही काफी खुश नजर आये। पाठ्य पुस्तक मिलते ही बच्चों के चेहरे पर एक नई मुस्कान देखने को मिला। बाल कल्याण समिति के नि:स्वर्तमान सदस्य सह शिक्षा प्रेमी सह वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा ने विद्यालय पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना दिया।साथ ही पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में भी भाग लिया।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत 72 महिलाओं की हुई जांच

## 12 महिलाओं ने करवाया बंध्याकरण, कुल 158 मरीजों का हुआ ईलाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना अन्तर्गत 72 प्रेग्नेंट माताओं ने प्रसव पूर्व जांच कराया.वहीं एक दर्जन महिलाओं ने बंध्याकरण ऑपरेशन करवाया.

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम के तहत 72 प्रेग्नेंट माताओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच हुआ. सभी जच्चा बच्चा स्वस्थ्य पाये गये.कुछ माताओं में एनीमिया की शिकायत मिला.जिसके उपचार के लिए विशेष टीम गठित करके सभी गर्भवती माताओं का प्रसव पूर्व हीमोग्लोबिन को कम्प्लीट करने के लिए निर्देशित किया गया.ईलाज में सहयोग प्रदान कर रहे डा अरविंद कुमार के नेतृत्व में एनएम मालती कुमारी,प्रभा कुमारी के सहयोग से गर्भवती माताओं का ब्लड शुगर लेवल,वजन,हीमोग्लोबिन,ब्लड प्रेशर,गर्भ में पल रहे बच्चे की स्थिति आदी का जांच किया गया.

उन्होंने बताया कि शनिवार को कुल 158 मरीजों का ईलाज किया गया.हीमोग्लोबिन एवं कमजोर ब्लड प्रेशर वाले मताओं को आवशयक दवाईयां,आयरन कैल्शियम व विटामिन प्रदान करते हुए सुरक्षित मातृत्व के लिए खान पान एवं रहन सहन का उचित सलाह प्रदान करके बिदा किया गया.

मौके पर पीएचसी मैनेजर संदीप कुमार,एकाउंटेंट बिनोद द्विवेदी,बीसीएम विकास कुमार,प्रखंड एमई अभय कुमार जीएनएम रविशंकर कुमार सिंह, लिपिक मुकेश कुमार गुप्ता,ड्रग स्टोर डाटा अपरेटर धीरज कुमार,कर्मी नवीन गौतम,बडा बाबु मनोज कुमार,सुनिता,सुरक्षा कर्मी मुन्ना पाण्डेय,प्रकाश तिवारी,बिनोद यादव,समेत अन्य मौजूद रहे.

### व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मे 410 मामले का हुआ निपटारा

#### 1 करोड़ 76 लाख 90 हजार वसूल किये गए




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मे 410 मामलों का निपटारा हुआ। और 1 करोड़ 76 लाख 90 हजार वसूली हुई। इसमें बैंकों के कुल 263 मामले में 56 लाख 40 हजाररुपये में हुआ। इसके अलावे 59 आपराधिक मामले और 61 बिजली से संबंधित मामलों का निष्पादन हुआ, जिसमें 40 लाख 37 हजार 662 रुपये राजस्व बिजली विभाग को प्राप्त हुआ। इससे पूर्व इस राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बता दें कि जिला जज ने यहां 8 बेंच का गठन किया था। पहला बेंच के पीठासीन पदाधिकारी जिला अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ओम सागर, दूसरे बेंच के पीठासीन पदाधिकारी जिला अपर सत्र न्याधीश द्वितीय कृष्ण प्रताप राना, तीसरा बेंच के पीठासीन पदाधिकारी एसीजेएम प्रथम राजेश कुमार चौथे बेंच में के पीठासीन पदाधिकारी मुंसफ स्वयं श्रीवास्तव पांचवें बेंच के पीठासीन पदाधिकारी एसडीजेएम जन्मजय चौधरी, छठे बेंच के पीठासीन पदाधिकारी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राकेश रंजन, सातवे बेंच के पीठासीन पदाधिकारी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सावा सकिल तथा आठवें बेंच के पीठासीन पदाधिकारी एडिशनल मुंसफ प्रतिक शैल थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

# जनगणना को ले बीडीओ ने की बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में जनगणना को तेज गति देने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रभूषण गुप्ता ने शनिवार को बैठक आयोजित की जिसकी अध्यक्षता खुद ने की।जिसमें पंचायती राज पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कोचस सुमित चौधरी तथा प्रखंड के सभी पर्वेक्षकों ने भाग लिया। बीडीओ ने कहा कि जनगणना कार्य में लगें सभी कर्मी कार्यों में तेजी लाएं जिससे समय से रिपोर्ट जिला में दिया जा सकें। बीडीओ ने कहा कि जिस प्रगणक के एचएलओ एप्प में शून्य दिखा रहा है उसे दूर कर मकान एवं मुखिया समेत परिवार का बायोडाटा भरने का कार्य तेजी से सम्पन्न करें। कही किसी प्रगणक का अधिक पड़ रहा था या कई प्रकार समस्या आ रहा था उसे तत्काल निपटारा किया गया।वहीं शिक्षकों के उपस्थिति दर्ज के सवाल पर प्रभारी बीईओ कहा कि अभी जिला से कोई नया दिशा निर्देश प्राप्त नहीं है। इसलिए पुराने आदेश के अनुसार विद्यालय में नौ बजे तक कार्य करके जनगणना का कार्य सम्पन्न करेंगे। जनगणना में लगें शिक्षकों का कहना है कि साढ़े नौ बजे तक विद्यालय में शिक्षण कार्य समाप्त करने व जलपान करने में दस बज जाता है। जनगणना स्थल तक पहुंचने में कम से कम ग्यारह बज जाता है। तबतक देहात की मकानों के दरवाजे बंद कर देते हैं। मुश्किल से दरवाजा खुलवाने पर खुलता है तो दो तीन घर हीं धूप में कर पाते हैं। ऐसे में जनगणना में तेजी लाने की बात बेमानी होगी।शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने कहा कि सासाराम नगर निगम समेत अन्य जिले व प्रखंड से मार्क ऑन ड्यूटी उपस्थिति दर्ज करने के लिए बजाप्ता पत्र जारी किया गया है ताकि जनगणना कार्य समय से पूरा किया जा सकें।बैठक में पर्वेक्षक बीरेंद्र सिंह, अजय कुमार सिंह, संतोष राय, संतोष सिंह, राधेश्याम पाल, जयराम पाल, कृष्णबिहारी सिंह, संजय राम, अनिल सिंह आदि शामिल थे।

# 163 गर्भवती महिलाओं का हुआ जांच, दी गई परामर्श

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस मे शनिवार को 163 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 163 गर्भवती महिलाओं का शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन ,एचआईवी ,वजन आदि का जांच किया गया। जांच के दौरान एक भी हाई रिस्क गर्भवती महिला चिन्हित नहीं हुई है। सभी महिला जांच में समान पाई गई है। पीएचसी मे आई हुई महिलाओं का काउंसलिंग करने के बाद चिकित्सकों ने गर्भावस्था के दौरान जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में जानकारी दी, प्रसव के बाद परिवार कल्याण के तरीके के बारे में भी विस्तार से बताया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड के सभी आशाओं ने गर्भवती महिलाओं को निजी वाहन से लाया जहां जांचों उपरांत सभी महिलाओं को भोजन में हरी साग, सब्जी, अंडा, दूध, घी, मछली सेवन करने के सलाह के साथ दवा दे उन्हें घर भेजा गया। बताया गया कि अगर किसी भी गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी होती हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सको को दिखाएं। मौके पर लैब टेक्नीडियन प्रभु कुमार, एसटीएस सोनू शर्मा, एमडी प्रभारी मतीउर रहमान ताज, मनोज कुमार, नीता कुमारी, चिंता देवी ,आरती कुमारी ,सविता कुमारी ,ज्योति कुमारी ,संगीता कुमारी, सुशीला कुमारी, के साथ चिकित्सक, एएनएम, आशा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# कर्ण विद्या विहार में मातृ दिवस पर भावनाओं से सराबोर आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां




**बिक्रमगंज / रोहतास।** बिक्रमगंज के बरुणा रोड स्थित कर्ण विद्या विहार, के प्रांगण में शुक्रवार को राष्ट्रीय मातृत्व दिवस भावपूर्ण उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह ने मंत्रोउच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा परिसर माँ की ममता और त्याग के संदेश से गूंज उठा।

इस अवसर पर पूर्व प्राथमिक से लेकर सीनियर कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने माँ को समर्पित विविध रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कक्षा 2 के नन्हे-मुन्नों ने "मेरी प्यारी माँ" गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। वहीं कक्षा 6 से 8 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक "माँः पहला स्कूल" ने दर्शकों को भावुक कर दिया। विद्यालय के निदेशक डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "माँ केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि संस्कारों की पहली संस्था है। शिक्षा के साथ-साथ यदि हम बच्चों में माँ के प्रति आदर का भाव विकसित कर दें, तो एक सशक्त समाज का निर्माण स्वतः हो जाएगा।"

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह ने कहा, "माँ का त्याग, तपस्या और बिना शर्त प्रेम ही बच्चे की पहली पाठशाला है। जिस घर में माँ को सम्मान मिलता है, उस घर के बच्चे आत्मविश्वास से भरे होते हैं।और जीवन में बड़ी से बड़ी चुनौती पार कर जाते हैं।" कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माँ के निस्वार्थ योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना, छात्रों में संवेदनशीलता विकसित करना था। मंच संचालन विद्यालय की छात्राओं ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उप-प्रधानाचार्य समीर चौधरी ने किया। वहीं विद्यालय प्रबंधक पप्पू सिंह ने बच्चों को मदर्स डे पर विशेष रूप से बधाई दे देते हुए कहा कि मां के त्याग से ही बच्चे अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं। कर्ण विद्या विहार का यह आयोजन महज एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी में मातृत्व के प्रति सम्मान और बालिकाओं के सशक्तिकरण का बीजारोपण था।

### वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य,धर्म, संस्कार और सदाचार की राह दिखाने वाले सनातन ज्ञान के अनमोल स्रोत हैं :मुक्ति नाथ जी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोथा के बावन बिगहा पोखरा स्थित भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव में श्रद्धा,भक्ति और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला । महायज्ञ के दौरान श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के शिष्य मुक्तिनाथ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को चारों वेदों की महिमा का दिव्य संदेश सुनाया ।

अपने ओजस्वी प्रवचन में उन्होंने कहा कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य,धर्म, संस्कार और सदाचार की राह दिखाने वाले सनातन ज्ञान के अनमोल स्रोत हैं । ऋग्वेद,यजुर्वेद,सामवेद एवं अथर्ववेद की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि वेदों में संपूर्ण मानव कल्याण का मार्ग निहित है । वेदों के अनुसरण से समाज में शांति, भाईचारा और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है । मुक्तिनाथ जी महाराज ने भगवान भास्कर की महिमा का बखान करते हुए कहा कि सूर्यदेव प्रत्यक्ष देवता हैं,जिनकी कृपा से पूरी सृष्टि प्रकाशित और ऊर्जावान रहती है । उन्होंने कहा कि भगवान भास्कर की उपासना से मनुष्य के जीवन में आरोग्यता,तेज, सकारात्मक ऊर्जा और सुख-समृद्धि का संचार होता है । प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए । मंदिर परिसर वेद मंत्रों,भजन-कीर्तन और जयघोष से देर तक गुंजायमान रहा । धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया । आयोजन समिति के सदस्य महायज्ञ को भव्य एवं सफल बनाने में पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं ।

# अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का भव्य आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत परभैली पंचायत मुख्यालय स्थित रामदयाल मध्य विद्यालय परभैली में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी का अध्यक्षता विद्यालय समिति के अध्यक्ष मोहम्मद सरवर आलम ने किया। संगोष्ठी का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने किया। प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने बताया कि आज का संगोष्ठी का विषय हमारा बच्चा, हमारी जिम्मेवारी पर आधारित है। संगोष्ठी में विषय पर विस्तार पूर्वक से चर्चा किया गया। प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य रूप से स्वच्छता बनाए रखना, एक दूसरे का सम्मान करना, बेहतर भविष्य बनाना,नियमित विद्यालय जाना, समय पर पढ़ाई करना विषय पर चर्चा किया गया। प्रधानाध्यापक राम नारायण यादव ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में आने वाले सभी बच्चों की सुरक्षा करना हम सभी विद्यालय परिवार के साथ बच्चों के अभिभावक की जिम्मेवारी बनता है। अभिभावकों का भी जिम्मेवारी बनता है कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। विद्यालय तथा घर पर बच्चें जाकर पढ़ाई करें। विद्यालय में स्वच्छता बनाये रखने में हम सभी बराबर के हकदार हैं। हम सभी को एक दूसरे को सम्मान करना चाहिए और हम सभी मिलकर बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में किए दिशा में कार्य करेंगे। गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक, माता-पिता भाग लिये।

अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में वरिष्ठ शिक्षक असित लाल यादव,शिक्षिका प्रियंका सिंह, बीबी शबनम,आभा कुमारी, निखत प्रवीण,अभिभावक में विपिन कुमार,साजिद अली, जमील,जीनेश खातून, मुन्नी देवी, इमाजुद्दीन,अंजू देवी, चुन्नी देवी, तारा देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, रितु देवी, फूलों देवी, सुजाता देवी, अंजली देवी सहित बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता व परिजन ने भाग लिया और अपना-अपना विचार रखा।

# संतोष सुमन बोले- बिहार कभी भय से कांपता था, मंत्री ने कहा- जंगलराज-2 के युवराज हैं तेजस्वी यादव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** बिहार कैबिनेट विस्तार के बाद पहली बार गया पहुंचे लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के खिलाफ बयान दिया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बारे में कहा कि जब से हाफ पैंट पहनना शुरू किया था, तब से हम जमीन से जुड़ कर राजनीति कर रहे हैं। वे जंगलराज 2 के युवराज हैं। गया पहुंचने पर हम के समर्थकों ने मंत्री का जोरदार स्वागत, फूल-माला और नारों के बीच किया। इसके बाद मंत्री संतोष सुमन सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने तेजस्वी यादव और राजद पर जमकर निशाना साधा। संतोष सुमन ने तेजस्वी यादव को "जंगलराज पार्ट-2 का युवराज" बताते हुए कहा कि बिहार की जनता अब सब समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि जिनके शासनकाल में बिहार अपराध, भय और भ्रष्टाचार से कांपता था। वे अब फिर सत्ता का सपना देख रहे हैं। लेकिन जनता ने उन्हें पहले ही 25 सीटों पर समेटकर जवाब दे दिया है।

**राजनीति, प्रशासन और संविधान की समझ नहीं:** उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को राजनीति, प्रशासन और संविधान की समझ नहीं है। तंज कसते हुए बोले कि राबड़ी देवी को सीधे किचन से मुख्यमंत्री बना दिया गया और तेजस्वी यादव को भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा से दो-दो बार उपमुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला। इसके बावजूद वे उन्हीं पर सवाल उठाते हैं, जिन्होंने उन्हें राजनीतिक पहचान दी। संतोष सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास की राह पर खड़ा किया। सड़क, शिक्षा, रोजगार और कानून व्यवस्था में बड़ा बदलाव हुआ। आज बिहार आगे बढ़ रहा है, लेकिन विपक्ष केवल भ्रम फैलाने और बयानबाजी की राजनीति कर रहा है।

निशांत कुमार पर तेजस्वी की टिप्पणी को लेकर भी मंत्री ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार शांत, संस्कारी और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके अंदर भी नीतीश कुमार के संस्कार साफ दिखते हैं। बिना वजह निजी टिप्पणी करना विपक्ष की हताशा दिखाता है। परिवारवाद पर हमला बोलते हुए संतोष सुमन ने कहा कि जब तेजस्वी राजनीति सीख भी नहीं रहे थे, तब से वह सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहे हैं। भाजपा, एनसीसी और सामाजिक संगठनों के जरिए उन्होंने जमीन पर काम किया है। उन्होंने साफ कहा कि बिहार की जनता विकास चाहती है, वंशवाद नहीं चाहती। नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और एनडीए के सभी सहयोगी मिलकर बिहार को नई ऊंचाई देने में जुटे हैं। जबकि विपक्ष के पास सिर्फ आरोप, भ्रम और कुर्सी की राजनीति बची है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरएस में घर-गोदाम जलकर राख

**अररिया।** अररिया शहर के आरएस वार्ड संख्या 03 में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। इस घटना में विकास गुप्ता का घर और किराना दुकान का गोदाम पूरी तरह जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, आग से 60 से 70 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। यह घटना शुक्रवार रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि स्थानीय लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया।

**2 घंटे बाद पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ीः** सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद अग्निशमन विभाग की पहली छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए विभाग की पांच छोटी और दो बड़ी गाड़ियों को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, तब तक घर और गोदाम का अधिकांश सामान नष्ट हो चुका था। विकास गुप्ता परिवार के अनुसार, गोदाम में किराना सामान, घरेलू वस्तुएं, बाइक, फोर व्हीलर और अन्य आवश्यक चीजें रखी हुई थीं, जो सभी जलकर स्वाहा हो गईं। परिवार को इस घटना से भारी क्षति हुई है।

**शॉर्ट सर्किट से आगजनी की आशंकाः** स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग पर देरी से पहुंचने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होते तो नुकसान को कुछ हद तक कम किया जा सकता था। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर जांच कर रही है। यह घटना एक बार फिर अररिया शहर में अग्निशमन सेवाओं की तैयारियों पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

### दीवार काटकर मोबाइल दुकान में चोरी

**अररिया।** अररिया शहर में चोरी की दो घटनाएं सामने आई हैं। शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने वार्ड संख्या 7 स्थित राम जानकी मंदिर चौक पर एक मोबाइल दुकान और अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन के सामने एक पान की दुकान को निशाना बनाया। इन दोनों वारदातों में कुल 50 से 60 हजार रुपये के सामान की चोरी हुई है। पीड़ित मोबाइल दुकानदार गोविंद कुमार मंडल ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे उन्होंने अपनी दुकान बंद की थी। शनिवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो देखा कि चोरों ने दुकान की पिछली दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया था। चोर कीमती मोबाइल फोन, बिजली के तार, पंखा और अन्य उपकरण ले गए। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के तार भी काट दिए, जिससे घटना की कोई रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं हो सकी। गोविंद मंडल ने यह भी बताया कि उनकी दुकान में पहले भी तीन बार चोरी हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी रात चोरों ने अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन के सामने संतोष महतो की पान की दुकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया।

**व्यापारियों और आम नागरिकों में आक्रोशः** इन लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय वार्ड पार्षद श्याम कुमार मंडल ने कहा कि वार्ड संख्या 7 में लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों और आम नागरिकों में दहशत का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से इन मामलों का तुरंत उद्भेदन करने और चोरों को पकड़ने की मांग की। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि रात के समय बाजार क्षेत्र में पुलिस की पर्याप्त गश्त नहीं होती है। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी प्रभावी नहीं है, जिसके कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### बिना ओटीपी और बायोमेट्रिक के खाते से उड़े 75 हजार

**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलकपुर गांव में एक दंपति के बैंक खातों से 75,500 रुपये गायब होने का मामला सामने आया है। यह घटना बिना किसी ओटीपी साझा किए या बायोमेट्रिक उपयोग के हुई है, जिससे पीड़ित परिवार में चिंता बढ़ गई है। पीड़ित मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि उनके मोबाइल नंबर से उनका आधार और उनकी पत्नी फरजाना का आधार लिंक है। मनोज का खाता इंडियन बैंक में है, जबकि उनकी पत्नी फरजाना का खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सोहली बामदेव शाखा में है।

**खाते से 50,000 रुपये की निकासी हो गईः** दंपती का कहना है कि उन्होंने न तो किसी प्रकार का बायोमेट्रिक इस्तेमाल किया और न ही किसी को ओटीपी साझा किया। इसके बावजूद, अचानक उनके मोबाइल पर खातों से पैसे कटने के कई मैसेज आने लगे। मनोज ने बताया कि उनकी पत्नी के खाते से अलग-अलग किस्तों में 25,500 रुपये और उनके खाते से 50,000 रुपये की निकासी हो गई। मनोज कुमार सिंह ने इस मामले की शिकायत ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई है। साथ ही, उन्होंने रजौन थाने में भी एक आवेदन दिया है।

**लोगों में भय और चिंता का माहौलः** उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक जाने पर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला और न ही किसी प्रकार की मदद की गई। पीड़िता फरजाना ने बताया कि बैंक में जमा यह राशि ही उनके परिवार के पालन-पोषण का मुख्य जरिया थी। इधर, प्रखंड क्षेत्र में बिना किसी गलती के खातों से लगातार पैसे कटने की घटनाओं से लोगों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है।

### राष्ट्रवाद संगोष्ठी में 'मैं भारत हूं' नृत्य नाटिका की प्रस्तुति कल

**भागलपुर।** भारत विकास परिषद सत्यम शाखा के तत्वावधान में 10 मई को टाउन हॉल में आयोजित राष्ट्रवाद संगोष्ठी में प्रसिद्ध वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ के आगमन पर 'मैं भारत हूं' नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। नाटिका का लेखन और निर्देशन भी स्वेता सुमन ने की है। जनसंपर्क पदाधिकारी सुमित जैन और मुख्य संयोजक डॉ. रतन संथालिया ने बताया कि प्रस्तुति में मां भारती संवादों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाएंगी। इसमें भगवान राम और श्रीकृष्ण के आदर्शों के साथ भारत की गुलामी, स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन की पीड़ा को मंचित किया जाएगा। नाटिका में बेटियों की सुरक्षा, भ्रूण हत्या, पर्यावरण संरक्षण, गंगा स्वच्छता और सनातन संस्कृति संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। कृष्ण कलायन कला केंद्र और नवयुग विद्यालय के बच्चे विभिन्न दृश्यों को जीवंत बनाएंगे। परिषद के सदस्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं।

### मिथिला विवि ने जारी किया पैट 2024 का रिजल्ट

**बेगूसराय।** बेगूसराय / दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को पैट 2024 का परिणाम जारी किया। कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने पीएचडी एडमिशन टेस्ट 2024 का परिणाम जारी करते हुए सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पैट 2024 के प्रभारी प्रो अशोक कुमार मेहता, कृष्ण मुरारी, डॉ सैयद मो जमाल अशरफ, सुमंत चन्द्रा आदि उपस्थित थे। प्रो मेहता ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट www.lnmu.ac.in एवं www.lnmupat.in पर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि 23 विषयों में परीक्षा देने वाले कुल 2498 छात्रों में से 831 अभ्यर्थी परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणाम 33.27% रहा। प्रकाशित रिजल्ट के अनुसार वाणिज्य में 141, प्रबंधन में 35, एजुकेशन में 49, संगीत में 37, अंग्रेजी में 38, हिन्दी में 15, मैथिली में 6, दर्शनशास्त्र में 19, संस्कृत में 11, उर्दू में 14, वनस्पति में 34, रसायन शास्त्र में 116, गणित में 25, भौतिकी में 36, जन्तु विज्ञान में 23, एआईएच में 12, अर्थशास्त्र में 11, भूगोल में 34, इतिहास में 81, गृह विज्ञान में 39, राजनीति विज्ञान में 8, मनोविज्ञान में 35 तथा समाजशास्त्र में 12 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए।

# सुल्तानगंज नगर परिषद के चेयरमैन की गोली लगने से मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर की सुल्तानगंज नगर परिषद के चेयरमैन राज कुमार गुड्डू की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई है। वो पटना के मेदांता अस्पताल में 11 दिनों से भर्ती थे। राज कुमार गुड्डू को सीने और सिर में गोली लगी थी। परिजन पटना से बॉडी लेकर भागलपुर के लिए निकल गए हैं। राज कुमार गुड्डू के शव को पटना पुलिस एस्कॉर्ट कर के जिले की बॉर्डर तक ले जाएगी। वहां से बॉडी भागलपुर पुलिस को हैंडओवर करेगी। पैतृक आवास तक शव को एस्कॉर्ट किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजकुमार गुड्डू की मौत पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि, भागलपुर गोलीकांड में शामिल दोषियों को स्पीडी ट्रायल के माध्यम से जल्द से जल्द कठोर सजा दिलाने का निर्देश दिया गया है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। दरअसल, 28 अप्रैल को भागलपुर की सुल्तानगंज नगर परिषद ऑफिस में अपराधियों ने घुसकर गोलियां बरसाई थीं। इस हमले में चेयरमैन राज कुमार गुड्डू को 2 गोलियां लगी थीं, जबकि एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कृष्णा भूषण की मौत हो गई थी। हत्या के अगले दिन यानी 29 अप्रैल को पुलिस ने हत्याकांड के मास्टरमाइंड डिप्टी चेयरमैन के पति रामधनी यादव को गिरफ्तार किया था। पुलिस उससे हथियार रिकवर लगने जा रही थी, तभी उसने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में रामधनी को पेट में गोली लगी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

**28 अप्रैल को ऑफिस में घुसकर बरसाई थीं गोलियांः** 28 अप्रैल को शाम 4 बजे भागलपुर की सुल्तानगंज नगर परिषद में हथियार के साथ 3 लोग दाखिल हुए। उस वक्त एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कृष्णा भूषण और चेयरमैन राजकुमार गुड्डू मीटिंग कर रहे थे। अपराधियों ने घुसते ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों के निशाने पर राजकुमार गुड्डू थे। इस दौरान बीच बचाव करने आए एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कृष्णा भूषण की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**मजदूर बनकर अपराधियों ने अंदर एंट्री लीः** घटना का CCTV भी सामने आया। इसमें तीन लोग चैयरमेन के चैंबर में घुसते दिख रहे हैं। सभी के हाथ में झोला दिखाई दे दिया। थोड़ी देर में सभी पिस्टल निकाल लेते हैं। पिस्टल देखते ही चैंबर में मौजूद लोग बाहर भागने लगते हैं। एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कृष्णा भूषण कुमार अपराधियों से भीड़ जाते हैं। उनकी पिस्टल छीनने की कोशिश करने लगते हैं। इसी दौरान 2 और अपराधी उनकी ओर बढ़ते हैं फिर खींचकर उन्हें चैंबर के बाहर ले जाते हैं। यहां उन्हें गोली मार देते हैं। बताया जा रहा है कि अपराधी 5 की संख्या में थे। इनमें से 3 चैंबर के अंदर दाखिल हुए थे। एक हाफ पैंट पहनकर अंदर घुसा था। बाकी 2 ने मजदूरों की तरह अपने चेहरे को गमछे से ढंका था। अपराधियों की हुलिया देखकर ही शायद गार्ड समझ नहीं पाया कि वो क्या करने जा रहे हैं।

# सरपंच 16 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ अरेस्ट



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** बिहार में शराबबंदी की सख्ती के बीच उत्पाद विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है। भरगामा थाना क्षेत्र के पेकवार गांव से एक सरपंच को 16 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब की कुल मात्रा 165 लीटर है। उत्पाद अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने बताया कि पेकवार गांव के वार्ड संख्या 10 के सरपंच राजकुमार मेहता के खिलाफ लंबे समय से अवैध शराब की खरीद-बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों में आरोप था कि सरपंच अपने घर और आसपास के क्षेत्र में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की आपूर्ति कर रहे थे।

**सरपंच के नए आवास पर छापेमारीः** सूचना की गंभीरता को देखते हुए उत्पाद विभाग की टीम ने तुरंत सत्यापन किया और कार्रवाई के लिए एक विशेष टीम गठित की। शनिवार को टीम ने सरपंच के नए आवास पर अचानक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर के पीछे खाली जमीन पर पॉलीथिन से ढकी हुई 16 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत शुरू




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** अररिया व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला जज गुंजन पांडे, जिला पदाधिकारी विनोद दुहन और अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर 15 बेंचों का गठन किया गया, जहां लंबित मामलों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू हुई। जिला जज गुंजन पांडे ने बताया कि बिहार में पहली बार पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के आह्वान पर ट्रैफिक नियमों से संबंधित चालानों को राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल किया गया है।

**2500 ट्रैफिक चालानों को चिन्हित किया गयाः** उन्होंने कहा कि अररिया जिले का डिस्पोजल रेट अन्य जिलों की तुलना में बेहतर है। कल 2500 ट्रैफिक चालानों को चिन्हित किया गया था, जिनमें से आज 700-800 मामले सुलझने की उम्मीद है। जज पांडे ने लोक अदालत को न्याय की सबसे तेज और किफायती प्रक्रिया बताया।

# विक्रमशिला पुल टूटा, राहगीरों को खाना खिला रही जीविका दीदी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर. विक्रमशिला सेतु के स्लैब टूटने के बाद सड़क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। ऐसे में लोग नाव से ही नवगछिया और भागलपुर आवागमन कर रहे हैं। इस बीच बरारी घाट पर इन दिनों जीविका दीदियों की एक अनूठी पहल लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय लोगों को कम कीमत पर शुद्ध और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यहां सार्वजनिक रसोई की शुरुआत की गयी है। इस पहल के माध्यम से जहां लोगों को सस्ता भोजन मिल रहा है, वहीं महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी हासिल हो रहा है। बरारी घाट पर संचालित इस रसोई की जिम्मेदारी 'गंगा जीविका स्वयं सहायता समूह' की महिलाओं ने संभाल रखी है। समूह की सदस्य लक्ष्मी देवी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और घाट पर आने वाले लोगों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही लोगों का अच्छा सहयोग और समर्थन मिल रहा है। जीविका दीदियों की ओर से संचालित इस रसोई की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सस्ती दरें हैं। महंगाई के दौर में जहां सामान्य होटलों में भोजन की कीमत काफी अधिक होती है, वहीं यहां मात्र 50 रुपये में भरपेट शुद्ध शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस थाली में चावल, दाल, सब्जी, पापड़ और सलाद शामिल है। भोजन पूरी तरह घरेलू स्वाद और स्वच्छता का ध्यान रखकर तैयार किया जाता है। इसके अलावा बिहार के पारंपरिक व्यंजन भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। यहां 20 रुपये में दो पीस लिट्टी-चोखा और चटनी उपलब्ध है।



**30 रुपये प्रति प्लेट की दर से चूड़ा फ्राई और घुघनीः** 30 रुपये प्रति प्लेट की दर से चूड़ा फ्राई और घुघनी भी परोसी जा रही है। शाम के समय घाट पर आने वाले लोगों के लिए 25 रुपये में प्याज पकौड़ा की प्लेट उपलब्ध करायी जाती है। चाय प्रेमियों के लिए 10 रुपये में चाय और गर्मी से राहत के लिए 20 रुपये में सत्तू का शरबत भी दिया जा रहा है। राहगीर राजीव चौबे ने बताया गंगा किनारे इतनी कम कीमत पर स्वच्छ और स्वादिष्ट भोजन मिलना बड़ी राहत की बात है। पहले घाटों पर खाने-पीने की चीजों के लिए अधिक पैसे देने पड़ते थे, लेकिन यहां तय दर सूची के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी खाद्य पदार्थों की कीमत बोर्ड पर स्पष्ट रूप से लिखी गयी है, जिससे पारदर्शिता बनी हुई है।

## छह साल से पानी के लिए परेशान 200 परिवार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना सबौर प्रखंड के राजंदीपुर पंचायत के वार्ड संख्या-2 में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। यहां करीब 200 घरों के लोग पिछले छह साल से शुद्ध पेयजल के लिए परेशान हैं। गर्मी बढ़ते ही स्थिति और भयावह हो गयी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद आज तक नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। जगह-जगह पाइपलाइन फटी हुई है, नल टूटकर बिखरे पड़े हैं और सड़क भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीण सुमित मंडल ने बताया कि जब पानी टंकी बनकर तैयार हुई थी, तब मात्र 15 दिनों तक पानी मिला। इसके बाद से आज तक नियमित जलापूर्ति नहीं हो सकी। मजबूरी में लोग चापाकल का गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी पीने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत मुखिया, वार्ड सदस्य और संबंधित अधिकारियों से की गयी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीण सुलेखा देवी ने बताया कि पानी की समस्या के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि "हम लोग छह साल से परेशानी झेल रहे हैं। घर के नल टूट चुके हैं, पाइपलाइन फट गयी है, लेकिन कोई देखने नहीं आता। चापाकल का पानी गंदा और बदबूदार निकलता है, फिर भी मजबूरी में उसी पानी का उपयोग करना पड़ता है। छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्ग कई बार बीमार पड़ चुके हैं।" उन्होंने



बताया कि शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में पानी की समस्या सबसे बड़ी परेशानी बन जाती है। कई परिवारों को दूसरे के घर जाकर चापाकल से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि दूषित पानी के कारण बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है।

**जनप्रतिनिधि पर कार्रवाई नहीं करने का आरोपः** वार्ड संख्या-2 के पंच सुमित कुमार ने बताया कि योजना की स्थिति खराब है और कई जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि "फंड आने के बाद ही मरम्मत का काम कराया जा सकेगा। फिलहाल विभाग की ओर से राशि नहीं मिलने के कारण काम प्रभावित है।" पानी उपलब्ध कराने के नाम पर लोगों से 30 रुपये की मांग की गयी थी, लेकिन इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी केवल आश्वासन देते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

## विक्रमशिला सेतु हादसा, व्यापारियों को सबसे ज्यादा परेशानी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर को सीमांचल से जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु का स्लैब टूटने के बाद लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। शनिवार सुबह महादेवपुर गंगा घाट पर भारी भीड़ देखने को मिली। भागलपुर जाने के लिए सब्जी विक्रेता, दूध कारोबारी, नौकरीपेशा और दैनिक यात्री नाव के सहारे गंगा पार करने को मजबूर नजर आए। घाट पर अन्य दिनों की तुलना में नावों की संख्या कम थी, जिससे यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान घाट पर आपदा मित्र, पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीम यात्रियों की सुरक्षा में लगी हुई थी। माइक से लगातार नाविकों को लाइफ जैकेट पहनने और नाव पर क्षमता से अधिक यात्रियों को नहीं बैठाने की घोषणा की जा रही थी। इसके बावजूद अधिकांश नावों पर सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी दिखी। कई यात्री बिना लाइफ जैकेट के ही सफर करते नजर आए।

नाव से आने जाने में खर्च भी बढ़ रहा हैः इस्माइलपुर दियारा के दूध कारोबारी सुनील यादव ने बताया कि पहले विक्रमशिला पुल के रास्ते आसानी से भागलपुर पहुंच जाते थे, लेकिन अब नाव के सहारे सफर करना पड़ रहा है। रोजाना नाव भाड़े में करीब 200 रुपए खर्च हो रहे हैं, जबकि बाइक में पेट्रोल का खर्च अलग से लग रहा है। यात्रा में एक घंटे से अधिक समय लग जाता है, जिससे होटल संचालक भी देर होने पर शिकायत करते हैं।

## राजमिस्त्री की मौत के बाद परिवार ने बुलाया तांत्रिक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बांका। बांका में शुक्रवार की शाम बिमार राजमिस्त्री की मौत हो गई। परिजन झाड़-फूंक के उद्देश्य से तांत्रिक सरयूग पुजहर को गांव बुलाए। इसके बाद तांत्रिक ने युवक को जीवित कर देने का दावा करते हुए गांव के ही बिनेसर साह की पत्नी सरस्वती देवी को बुलाने के लिए कहा। इसी दौरान सरस्वती देवी पर डायन होने का संदेह जताया गया, जिसके बाद गांव में तरह-तरह की अफवाहें फैलने लगीं। देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना फुल्लीडुमर प्रखंड के भीतिया पंचायत अंतर्गत तीनमुंडा गांव की है। मृतक की पहचान नरेश राय (40) के रूप में हुई है।

8 दिन से बिमार था युवकः नरेश राय गांव के ही बिनेसर साह के घर में सेंटरिंग का कार्य कर रहे थे। करीब आठ दिन पूर्व अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। परिजनों ने पहले उनका इलाज बांका सदर अस्पताल में कराया,फिर बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद उन्हें घर वापस लाया गया, लेकिन गुरुवार को उनकी हालत दोबारा गंभीर हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, परिजन झाड़-फूंक के उद्देश्य से गेड़ाटीकर नैयासी निवासी तांत्रिक सरयूग पुजहर को गांव बुलाए थे। आरोप है कि तांत्रिक ने नरेश राय को जीवित कर देने का दावा करते हुए गांव के ही बिनेसर साह की पत्नी सरस्वती देवी को



बुलाने के लिए कहा। इसी दौरान सरस्वती देवी पर डायन होने का संदेह जताया गया, जिसके बाद गांव में तरह-तरह की अफवाहें फैलने लगीं। देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

पुलिस ने दोनों पक्ष को कराया शांतः स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही फुल्लीडुमर थानाध्यक्ष गुलशन कुमार, बीडीओ अमित प्रताप सिंह और सीओ मनोज कुमार पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। बाद में एसडीओ और एसडीपीओ भी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया और लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। प्रशासन की मौजूदगी में मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेजा गया। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद गांव में स्थिति सामान्य हुई, हालांकि एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल की तैनाती जारी है।

**AFFIDAVIT**

Dinesh Prasad s/o Bira Sah age about **50** years R/O Village- Pahleja, P.O- Pahleja, P.S- Dehri (M), District- Rohtas do hereby solemnly affirm and declare as under :-

**01.** That I am citizen of India and my Aadhar No. **9229 5317 8355.**

**2.** That in the Aadhar Card (Name of Document) bears the name of my son birth Raj (Incorrect Name).

**3.** That by mistake my son name has been mentioned as Birth Raj (Incorrect name) instead of Bittu kumar (correct Name) in the said documents.

**4.** That this is also to categorically state that my son correct name is BITTU KUMAR.

**5.**That I therefore request the concerned authorities to my please update and rectify my son name as BITTU KUMAR.

**6.** That my above statement are true and correct to the best of my knowledge and belief.

दिनेश प्रसाद
(शपथकर्ता)
शपथ सं. 8228 दिनांक :07.05.2026

GOVT. OF BIHAR
BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2026
for Admission in B.E. / B. Tech. Course
**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/02 Dated 09.05.2026**

**Important Notice**

Online Applications are invited from candidates who have appeard in Joint Entrance Examination [JEE (MAIN)]-2026 (Paper-I), conducted by the National Testing Agency (NTA) and got valid score. Such candidates may apply for appearing in the Under Graduate Engineering Admission Counselling (UGEAC)-2026 for admission to the first year B.E. / B. Tech. Courses in Govt. Engineering Colleges of Bihar, SGIDT, Patna , Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga (Under Lalit Narayan Mithila University, Darbhanga), Bihar.
**Note :** Advertisement regarding admission in B. Arch. course in G.E.C., Gaya will be published later on.
2. The online Registration and submission of Application Form will start from **13.05.2026** and close on **05.06.2026 (10.00 p.m.)**.
3. Detailed Programme/ eligibility criteria for counselling / admission/ Fee payment precedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGEAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGEAC)-2026/01 dated 09.05.2026 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

## संक्षिप्त समाचार

### रश्मि रायफल शूटिंग में नेशनल के लिए क्वालिफाई

**आरा**| भोजपुर जिले के गीधा थाना अंतर्गत डुमरिया गांव निवासी मिथिलेश सिंह के छोटे भाई ऐ.के सिंह की बेटी रश्मि सिंह ने रायफल शूटिंग में नेशनल खेलने के लिए क्वालिफाई किया है। भोजपुर के छोटे से गांव डुमरिया से निकल कर नेशनल तक के सफर को तय करने में सफलता प्राप्त करने पर गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। रश्मि सिंह के पिता अतुल कुमार सिंह भारतीय सेना में कश्मीर में कुपवाड़ा डिस्टिक में हवलदार पद पर कार्यरत है। उन्होंने ने बताया कि बेटी रश्मि इन दिनों पटियाला के आर्मी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 वीं की छात्रा है। इसी के मद्देनजर वर्ष मार्च 2025 से 10 मीटर में एयर रायफल शूटिंग का अभ्यास शुरू किया है।

### भोजपुरिया जन मोर्चा के चंदन बने प्रदेश अध्यक्ष

**आरा**| भोजपुरिया जन मोर्चा की बैठक पटना के पाटलिपुत्र कार्यालय में शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष जयनाथ सिंह एवं संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राष्ट्रीय संगठन प्रभारी गोरखनाथ अकेला, हाई कोर्ट के अधिवक्ता कृष्ण बिहारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभय सिंह, राजेश कुमार सिंह, सुमन कुमार सिंह, शशि कुमार सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने चंदन तलवार को बिहार प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

### बिहार विधान परिषद उपचुनाव के लिए डीआईजी ने किया बैठक

**आरा**| शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को एसपी कार्यालय आरा में बिहार विधान परिषद उप-निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में कराने हेतु एक समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक भोजपुर एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने, संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, शराब के आवागमन पर रोक लगाने, आग्नेयास्त्र की जांच करने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने, सूचना संग्रह पर कार्रवाई करने, सोशल मीडिया पर फेक न्यूज चलाने पर कार्रवाई करने,आदर्श आचार संहिता को सख्ती से पालन करने, पूर्व के चुनाव से संबंधित लंबित कार्डों को निष्पादन करने और निरोधात्मक कार्रवाई करने के आदेश दिए। साथ ही डीआईजी ने बताया कि बिहार विधान परिषद उप-निर्वाचन में कुल 25 बूथ बनाए गए है। जिनमें आरा में 14 और बक्सर में 11 बूथ शामिल है।

**6000 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाईः** डीआईजी सत्य प्रकाश के द्वारा बताया गया कि इस चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए भोजपुर और बक्सर में मिलाकर कुल 6000 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। सीसीए का भी प्रस्ताव डीएम भोजपुर को भेजा गया है।

### एचडी जैन कॉलेज ने छात्र के खिलाफ थाने में आवेदन

**आरा**| एचडी जैन कॉलेज ने एक छात्र पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा कॉलेज परिसर में अनधिकृत रूप से घूमकर फोटोग्राफी करने का आरोप लगाते हुए नवादा थाना में आवेदन दिया है। प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि कौरा निवासी छात्र रंजन सागर महाविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों में बिना अनुमति घूमकर फोटोग्राफी कर रहा था। छात्र द्वारा यह दावा किया जा रहा था कि शिक्षा विभाग का "ऑब्जर्वर" होने के कारण उसे ऐसा करने की अनुमति मिली हुई है। छात्र ने महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया है। मामले को गंभीर मानते हुए कार्रवाई के लिए नवादा थाना में आवेदन दिया गया।

### पिकअप ने ऑटो में मारी टक्कर, युवती की मौत

**बक्सर**| बक्सर-इटाढ़ी मुख्य मार्ग पर हुकहां गांव के पास शुक्रवार को पिकअप ने ओवरटेक करने के दौरान ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। इससे ऑटो गड्ढे में पलट गया। हादसे में युवती की मौत हो गयी। कई यात्री घायल है। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। मृतका बजरंगी पाठक की 21 वर्षीय बेटी अंतिमा कुमारी थी। वह रोहतास जिले के सैसड़ गांव की रहनेवाली थी। 21 वर्षीय जया कुमारी की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ऑटो पर सवार अधिकांश यात्री सैसड़ के रहने वाले थे। बक्सर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हुकहां गांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना आउटपोस्ट प्रभारी गुड्डू चौधरी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। एसडीपीओ गौरव पांडेय ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद चालक पिकअप वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। रोटी बैंक के अध्यक्ष रासबिहारी ओझा अपनी पत्नी के साथ इटाढ़ी गांव से लौट रहे थे। उन्होंने घटनास्थल पर रुककर घायलों की मदद की कोशिश की तथा लोगों से सहयोग की अपील की। जब कोई आगे नहीं आया तो उन्होंने स्वयं एक ऑटो रुकवाया और घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कराई। इस दौरान परीक्षा देकर लौट रहे एक युवक ने भी घायलों को उठाने और अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। रासबिहारी ओझा की इस पहल की लोगों ने सराहना की। वीडियो बनाते रहे लोग कई घायल सड़क किनारे तड़पते रहे, लेकिन मौके पर मौजूद कुछ लोग मदद करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाते नजर आए। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि समय पर सभी लोग मदद के लिए आगे आते तो घायलों को और जल्दी अस्पताल पहुंचाया जा सकता था। इस घटना को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखी गई।

### जज के प्राइवेट ड्राइवर की मौत

**आरा**| आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। मृतक की पहचान खैरा गांव(वार्ड नंबर 2) के जगदीश शर्मा(50) के तौर पर हुई है। पेशे से ड्राइवर थे। वर्तमान में आरा सिविल कोर्ट के जज की गाड़ी चलाते थे। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला मोड़ के पास की है। मृतक के बेटे संतोष शर्मा ने बताया कि गुरुवार को मौसेरे भाई के नाती के तिलक में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद बाइस से घर लौट रहे थे। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। गंभीर हालत में अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने सदर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**घर में मचा कोहरामः** पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। परिवार में पत्नी उर्मिला देवी, तीन पुत्र संतोष शर्मा, सोनू शर्मा, गुड्डू शर्मा और दो पुत्री पुजा देवी, रीता देवी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ठनका की चपेट में आने से महिला की मौत

**आरा**| भोजपुर में ठनका की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। बारिश के बीच पॉलिथीन से गोइठा को तोपने गई थी। इस दौरान हादसे की शिकार हो गई। मृतका की पहचान चौधरी टोला निवासी विनोद चौधरी की पत्नी बबीता देवी(38) के तौर पर हुई है। घटना पीरो थाना क्षेत्र के पीरो नगर दुसाधी बधार की है। भाई अरविंद चौधरी ने बताया कि शुक्रवार शाम में तेज आंधी और बिजली के कड़क के साथ मूसलाधार बारिश हो रही थी। घर से बाहर बहन काम करने गई थी। अचानक ठनका उन पर गिर पड़ा। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही जान चली गई। आसपास मौजूद महिलाओं को भी झटका लगा है।

**घर में मचा कोहरामः** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया है। मृतक को चार पुत्र सोनू चौधरी, करिया चौधरी, रवि चौधरी और जीवन कुमार है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कांग्रेस का सदस्यता अभियान, संगठन मजबूत करने के लिए डिजिटल स्ट्रेटेजी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। बक्सर में कांग्रेस ने आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठन विस्तार और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बक्सर गोलंबर स्थित नवनिर्मित जिला कांग्रेस कार्यालय में 'संगठन सृजन साथी' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने की, जबकि बिहार प्रदेश कांग्रेस नेता और बक्सर प्रभारी मृणाल अनामय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन व्यावसायिक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष रामनारायण जायसवाल ने किया। बैठक में डिजिटल तकनीक के माध्यम से संगठन को मजबूत करने और सदस्यता अभियान को गति देने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य अतिथि मृणाल अनामय ने बताया कि कांग्रेस अब तकनीक और जनसंवाद दोनों के सहारे आगे बढ़ेगी। उन्होंने 'संगठन सृजन ऐप' की जानकारी देते हुए कहा कि यह ऐप सक्रिय कार्यकर्ताओं और सदस्यों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करेगा, जिससे संगठन में पारदर्शिता और मजबूती आएगी।

**जिला और प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया जाएगाः** जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने घोषणा की कि 15 मई से जिले के सभी 11 प्रखंडों, दो नगर परिषदों और तीन नगर पंचायतों में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने के लिए जल्द ही जिला और प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे। वरिष्ठ नेता कामेश्वर पांडेय ने कहा कि डिजिटल दौर में भी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क ही संगठन की असली ताकत है। व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दौलत चंद गुप्ता ने प्रत्येक कार्यकर्ता से कम से कम पांच नए लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की।

**वैचारिक विरासत को मजबूत बनाए रखने पर जोर दियाः** प्रो. पी.के. मिश्रा ने कांग्रेस की वैचारिक विरासत को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। संगठन विस्तार को लेकर सत्येंद्र ओझा ने मेहनती कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की बात कही, जबकि उमाशंकर पांडेय ने मजबूत प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति को संगठन की रीढ़ बताया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्मला देवी ने महिलाओं को सम्मान और घर-घर संपर्क के जरिए पार्टी से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में भाजपा की रणनीति का जवाब संगठनात्मक मजबूती से देने, हर घर तक कांग्रेस की पहुंच बनाने और आम जनता की समस्याओं से सीधे जुड़ने पर भी चर्चा हुई। नेताओं ने विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका बढ़ाने की बात कही। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

## बिजली विभाग की समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय, बकायेदारों की कटेगी बिजली



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। विद्युत विभाग की ओर से शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, आरा में राजस्व वसूली, बिलिंग व्यवस्था और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (के मुख्य अभियंता (परियोजना-1, ग्रामीण) जयशंकर साहनी ने की। बैठक में आरा एवं जगदीशपुर प्रमंडल के अंतर्गत राजस्व संग्रहण, लंबित बकाया वसूली, बिजली चोरी रोकथाम और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू श्रेणी में अब तक 312 उपभोक्ताओं के यहां सोलर पैनल लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। कुटीर ज्योति योजना के तहत 17 हजार उपभोक्ताओं ने सोलर पैनल लगाने के लिए सहमति दी है। मुख्य अभियंता ने पांच हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बकाया राशि जमा नहीं करने वालों की बिजली लाइन काटने तथा विद्युत ऊर्जा चोरी रोकने के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाने को कहा। बैठक में विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल भोजपुर, वरीय प्रबंधक (राजस्व), कार्यपालक विद्युत अभियंता आरा एवं जगदीशपुर, सहायक विद्युत अभियंता, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक, कनीय विद्युत अभियंता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# इजरायल में नौकरी का मौका




♦ 10वीं पास भी कर सकते हैं आवेदन, हर महीने 1.99 लाख सैलरी, रहना-खाना और वीजा फ्री

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत राज्य समुद्र पार नियोजन ब्यूरो, पटना ने इजरायल में नौकरी के अवसर प्रदान किए हैं। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर प्रणव प्रतीक ने बताया कि "होम बेस्ड केयर गीवर" पद के लिए योग्य और इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। उम्मीदवार 24 मई तक जिला नियोजनालय बक्सर में अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

**1 लाख 99 हजार 770 रुपये तक का वेतन दिया जाएगाः** चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से प्रतिमाह लगभग 1 लाख 99 हजार 770 रुपये तक का वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वीजा, कार्य अनुमति पत्र, रहने की व्यवस्था, भोजन, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। अभ्यर्थियों के लिए व्यावहारिक अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आवश्यक है। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास निर्धारित की गई है। साथ ही, अभ्यर्थियों के पास प्रतिष्ठित संस्थानों से प्राप्त नर्सिंग, फिजियोथेरेपी या नर्स सहायक प्रशिक्षण से संबंधित कम से कम 990 घंटे का केयर गीवर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र होना चाहिए। जीडीए, एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग अथवा पोस्ट बीएससी नर्सिंग उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र हैं।

**कम से कम तीन वर्ष की वैधता वाला पासपोर्ट अनिवार्यः** आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास कम से कम तीन वर्ष की वैधता वाला पासपोर्ट अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 25 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि यह विदेश में रोजगार प्राप्त करने का एक बेहतर अवसर है, इसलिए योग्य अभ्यर्थी समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरुकता ला अग्निकांड से लोगों को बचाएंगे कलाकार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। अग्निशमन पदाधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि पहले विभाग केवल चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक, जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक और पंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक करता था। लेकिन इस वर्ष सरकार ने एलईडी वाहन विभाग को सौंपा है। यह वाहन गांव-गांव और शहरों के मुख्य केंद्रों पर जाकर वीडियो के माध्यम से आग से बचाव के तरीके सिखा रहा है। विभाग से प्राप्त आंकड़े के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अगलगी की घटनाओं में भारी कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में छोटी बड़ी कुल 144 अगलगी की घटना हुई थी। जबकि वर्ष 2026 में अप्रैल माह तक मात्र 74 अगलगी की घटना हुई है। एलईडी वाहन के आने के बाद लोग आग लगने के कारणों और शुरुआती बचाव के प्रति अधिक सतर्क हुए हैं, जिससे बड़े हादसों में कमी आई है। क्राइम रिपोर्टर | आरा फायर विभाग की नई पहल पर नुक्कड़ नाटक के बजाए अब एलईडी वाहन से अग्निकांड से बचने के लिए लोगो को जागरूक करने का अब असर दिखने लगा है। पिछले वर्ष 2025 के मुकाबले में इस वर्ष अप्रैल 2026 तक 50% कम हुई आगजनी की घटनाएं। भीषण गर्मी और पछुआ हवा के बीच अग्निकांड की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए अग्निशमन विभाग ने अपनी रणनीति बदल दी है। अब विभाग पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर जन-जन तक पहुँच रहा है। जिले में सरकार द्वारा भेजे गए एलईडी प्रचार वाहनों ने जागरूकता की नई अलख जगाई है, जिसका सीधा परिणाम आंकड़ों में गिरावट के रूप में देखने को मिल रहा है। विभाग की अपील, सावधानी ही बचाव है अग्निशमन पदाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतें। विशेषकर दोपहर के समय खाना बनाते समय सचेत रहें और बिजली के उपकरणों का लोड सीमित रखें।

# सांसद ने स्टूडेंट लाठीचार्ज पर सरकार को घेरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने बिहार की आर्थिक स्थिति, स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना की अव्यवस्था और छात्र आंदोलन पर हुए लाठीचार्ज को लेकर राज्य सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से लाइव आकर कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार और शिक्षा देने के वादे से मुकर गई है। सिंह ने आरोप लगाया कि एनडीए और भाजपा ने चुनाव के दौरान एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का वादा किया था। उन्होंने अपने लाइव वीडियो में भाजपा का घोषणा पत्र भी दिखाते हुए कहा कि सरकार ने मेगा स्किल सेंटर और युवाओं को रोजगार देने जैसे बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है।

**छात्रों के स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड का भुगतान लगभग बंदः** सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले आठ महीनों से बिहार के छात्रों के स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड का भुगतान लगभग बंद है। इससे दूसरे राज्यों और बिहार के अंदर पढ़ाई कर रहे हजारों छात्र परेशान हैं, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने बिहार सरकार की आर्थिक स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। सिंह ने कहा कि राज्य की आर्थिक हालत इतनी खराब हो चुकी है कि सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, वृद्धा पेंशन और अन्य सामाजिक योजनाओं का भुगतान भी महीनों से लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने खर्चों पर अंकुश लगाया है, जिससे निर्माण कार्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़े भुगतान भी प्रभावित हो रहे हैं।

**''बिहार में शिक्षकों के करीब 1 लाख 20 हजार पद खाली''**: पटना में छात्रों के प्रदर्शन पर हुए लाठीचार्ज को लेकर सुधाकर सिंह ने कहा कि छात्र केवल सरकार को उसके वादे याद दिलाने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बिहार में शिक्षकों के करीब 1 लाख 20 हजार पद खाली हैं, लेकिन सरकार अब तक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं कर सकी है। उन्होंने पूर्व महागठबंधन सरकार के दौरान साढ़े तीन लाख शिक्षकों को स्थायी नौकरी दिए जाने का भी जिक्र किया। सांसद सुधाकर सिंह ने अंत में कहा कि बिहार में सरकार बदलने के बावजूद व्यवस्था और सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 20 वर्षों में राज्य के संसाधनों का गलत इस्तेमाल हुआ और बिहार की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया। शराबबंदी, खनन नीति और भूमि अधिग्रहण कानून का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि सरकार की नीतियों के कारण राज्य को हजारों करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

**बिहार में पलायन रोकने के लिए रोजगार सृजन जरूरी - सांसद सुधाकर सिंहः** उन्होंने कहा कि बिहार में पलायन रोकने के लिए रोजगार सृजन जरूरी है, लेकिन बिना शिक्षा और स्किलिंग के यह संभव नहीं है। सांसद ने आरोप लगाया कि राज्य की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है और सरकार के पास शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं बचे हैं।

# फौजियों के बीच फल व खाद्य सामग्री वितरित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**| बक्सर रेलवे स्टेशन पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक बटालियन रेलमार्ग से गुजरते हुए यहां थोड़ी देर के लिए रुकी। इस दौरान स्थानीय सामाजिक संगठन युवा शक्ति सेवा संस्थान के सदस्यों ने राष्ट्ररक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनके लिए फल एवं अन्य खाद्य सामग्री की व्यवस्था की। जवानों ने कहा कि इस प्रकार का स्नेह और सम्मान उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति और अधिक प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों में गर्व और उत्साह का माहौल रहा, वहीं देशसेवा के प्रति सम्मान की भावना भी स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजी सिंह ने की। इस अवसर पर एक्स आर्मी मैन मुन्ना सिंह, प्रमोद केशरी, कन्हैया यादव, त्रिभुवन ओझा एवं धीरज जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर लगभग 85 बीएसएफ जवानों के बीच फल, पानी एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री का वितरण किया।

# तिलक समारोह में तमंचे पर डांस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा में तिलक समारोह के दौरान हथियार लहराते हुए डांस करने का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में महिला डांसर के साथ दो युवक भोजपुरी गानों पर ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। एक युवक मंच पर खुलेआम पिस्टल लहराते दिख रहा है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव की है। जानकारी के मुताबिक गांव में 3 मई को तिलक समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कुछ युवक मंच के पास पहुंचकर डांस करने लगे। इसी बीच एक युवक हाथ में पिस्टल लेकर लहराते हुए दिखाई दिया। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

**पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की बात कहीः** पवना थाना पुलिस ने तिलक समारोह के आयोजक समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की तकनीकी जांच कराई जा रही है। हथियार का प्रदर्शन करना और सार्वजनिक कार्यक्रम में कानून व्यवस्था भंग करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस गांव और आसपास के इलाकों में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# कर्मों के फल निरंतर पीछा करते हैं : पीतांबरजी महाराज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। हमारे कर्मों के फल निरंतर हमारा पीछा करते हैं। इसलिए हमें सदैव अच्छे कर्मों का अनुगमन करना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा का सार ही कर्म की महत्ता को रेखांकित करना है। ये बातें सुविधा मेडिकल एजेंसी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन व्यास पीठ से आचार्य प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज ने कहीं। शुक्रवार को कथाक्रम में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बीच-बीच में प्रसंगानुसार सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं। व्यास जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में व्यास जी ने बताया कि किस प्रकार चाचा अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तब समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। प्रेमाचार्यजी महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन में कर्म के महत्व के बारे बताया। उन्होंने बताया कि अच्छे कर्म करने से ही मनुष्य का उद्धार होता है। इसलिए जीवन में लोगों को अच्छे कर्म करने चाहिए। हमें निरंतर अच्छी संगत में रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि अच्छे कर्म करने से ही मनुष्य की समाज में अलग से पहचान बनती है। क्योंकि कर्म ही प्रधान है, जो व्यक्ति जैसे कर्म अपने जीवन में करता है, उसी का फल उसे प्राप्त होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो पढ़ाएं गीता और रामायण महाराज जी ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नहीं मानती है। इसलिए संस्कार विहिन हो रहे हैं। लेकिन हम अपने धर्म को जानना चाहते हैं तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए हम गीता, भागवत ,रामायण पढ़ें। ऐसा करने से हम ही नहीं अपितु हमारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। कथाक्रम में उन्होंने बताया कि जब ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गिरिराज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिरिराज गोवर्द्धन को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर गांव में करंट लगने से बुजुर्ग की मौत, भैंस चराते समय हुआ हादसा

**पटना**। पटना में फतुहा प्रखंड के हाजीपुर गाँव में शनिवार को एक 60 वर्षीय व्यक्ति की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हाजीपुर गाँव निवासी सबल राय के रूप में हुई है। यह हादसा खेत में लगे लोहे के तार में करंट प्रवाहित होने के कारण हुआ। जानकारी के अनुसार, सबल राय शनिवार दोपहर अपनी भैंसों को चराने के लिए गाँव के बाहर खेत की ओर गए थे। भैंस चराते समय वे खेत में लगे लोहे के तार की चपेट में आ गए। तार में बिजली का करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र राहुल कुमार ने बताया कि उनके पिता घर से सकुशल निकले थे। उन्होंने आरोप लगाया कि खेत मालिक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ, क्योंकि दिन के समय खेत के तार में करंट प्रवाहित हो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शव को लेकर फतुहा थाना पहुँचे। उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी और उचित मुआवजे की माँग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कागजी कार्रवाई शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है।

### जयमाला से पहले दुल्हन की मौत, प्रेमी ने भी खाया जहर, मुजफ्फरपुर से आई बारात लौटी खाली

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के कटहरा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब जयमाल से ठीक पहले दुल्हन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि दुल्हन और उसके प्रेमी ने कथित तौर पर जहर खा लिया था। मुजफ्फरपुर से बारात गांव पहुंची थी और जयमाल की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान दुल्हन स्टेज पर अचानक गिर पड़ी। शुरुआत में वधू पक्ष के लोगों ने इसे ब्लड प्रेशर कम होने का मामला बताया और स्थिति को संभालने की कोशिश की। हालांकि, रात बढ़ने के साथ मामला गंभीर होता चला गया। दूल्हा पूरी रात दुल्हन के ठीक होने का इंतजार करता रहा, लेकिन देर रात दुल्हन की मौत की खबर सामने आई। इसके बाद बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि दुल्हन का प्रेमी भी उसी गांव का है और उसने भी जहर खाया था। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और परिवार वाले उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवा रहे हैं। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वधू पक्ष और वर पक्ष के बीच विवाद और मारपीट की भी चर्चा है। मामले को लेकर एक पंचायत भी बुलाई गई थी, जिसमें प्रेमी पक्ष पर आर्थिक दंड लगाने का फैसला किया गया है। स्थानीय थाना पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच की जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

### रेलवे ट्रैक के पास सिग्नल पर मिला इंटरनेट प्रोटोकॉल कैमरा

**हाजीपुर**। वैशाली में रेलवे ट्रैक के पास लगे सिग्नल टावर पर एक संदिग्ध इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) कैमरा मिला है। मामला हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर सराय स्टेशन के पास समपार ढाला संख्या-43 सी स्पेशल की है। इस कैमरे का इस्तेमाल आतंकी नेटवर्क द्वारा रेलवे ट्रैक और सड़क की निगरानी के लिए किया जा रहा था। इस मामले की जांच के लिए ATS (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) और STF (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीमें जुट गई हैं। यह कैमरा सोलर एनर्जी से ऑपरेट हो रहा था और इसे इंटरनेट के माध्यम से कंट्रोल किया जा रहा था। गुमटीमैन द्वारा दी गई सूचना के बाद जब कैमरे की जांच की गई, तो कई



सनसनीखेज जानकारियां सामने आईं। यह कैमरा इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) टेक्नोलॉजी पर आधारित है और अंधेरे में भी क्लियर रिकॉर्डिंग करने में सक्षम है। जांच के दौरान कैमरे में आतंकी यासीन भटकल की तस्वीर मिलने की बात सामने आई है। इसके IP एड्रेस की पड़ताल से कर्नाटक के तटीय क्षेत्र से पाकिस्तान कनेक्शन वाले आतंकी नेटवर्क द्वारा इसकी मॉनिटरिंग किए जाने का खुलासा हुआ है। घटना से एक दिन पहले, एक हरियाणवी बोलने वाला संदिग्ध युवक समपार फाटक पर पहुंचा था। उसने खुद को एक NGO से जुड़ा बताया और सिग्नल टावर पर यह कैमरा फिट करके चला गया। गुमटीमैन को शक होने पर उसने तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया। सराय स्टेशन के स्टेशन मास्टर मनोज कुमार के बयान पर प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई और मुख्यालय को घटना की सूचना दी गई। शुक्रवार देर शाम एटीएस की तीन सदस्यीय टीम और एसटीएफ जांच के लिए मौके पर पहुंची। पूर्व मध्य रेल के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार और रेल एसपी बीणा कुमारी को भी पूरी घटना से अवगत कराया गया है। शुरुआत में RPF ने मामला GRP हाजीपुर और मुजफ्फरपुर को भेजा था।

### आईटीबीपी जवान ने सर्विस पिस्टल से भाई को मारी गोली

**हाजीपुर**। वैशाली में एक किराना दुकानदार को गोली मारी गई है, उसकी हालत गंभीर है। घटना हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के आरएन कॉलेज के पास हुई। घायल की पहचान महनार के निवासी जितेंद्र सिंह (40) के तौर पर हुई है, जो आरएन कॉलेज के पास किराए के मकान में किराने की दुकान चलाते हैं। जितेंद्र सिंह को उनके ममेरे भाई और ITBP जवान रोहित सिंह उर्फ शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपनी सर्विस पिस्टल से गोली मारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रोहित सिंह ने जितेंद्र को अपने घर बुलाया था और निजी विवाद में फायरिंग की। आरोपी जवान का कहना है कि उनकी पत्नी से जितेंद्र सिंह का पुराना अफेयर है। दोनों के शादी से पहले से संबंध रहे हैं। मुझे शादी के बाद इसका पता चला। जितेंद्र सिंह को 3 गोलियां लगी, जिनमें से दो उनके हाथ में और एक सीने में लगी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए PMCH रेफर किया गया है। घटना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई है। नगर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित सिंह उर्फ शैलेंद्र कुमार सिंह को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर ली है। रोहित सिंह सहदेई थाना क्षेत्र का निवासी है। आरोपी जवान का कहना है कि उनकी पत्नी का ममेरे भाई से पुराना संबंध है। 'दोनों का शादी से पहले से अफेयर था, जो आज भी है। शादी के समय मुझे इस बात की भनक नहीं थी। कुछ दिन पहले ही पता चला, उसके बाद मैंने विरोध जताया। ये सब सुनकर मेरा दिमाग पहले से खराब था। कुछ दिन पहले भी इसे लेकर जितेंद्र सिंह को मैंने समझाया था। उसे पत्नी से दूर रहने को कहा था।'

### वैशाली में तेज आंधी-बारिश से 2 की मौत

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों पेड़ गिरने और फसलों के चौपट होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पहली घटना बिदुपुर के दाउदनगर मठखनवा गांव में हुई। यहां 70 वर्षीय राम प्रवेश चौधरी पर आसमानी बिजली गिरी, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र अभिनाश कुमार ने बताया कि उनके पिता आंधी-बारिश के बाद आम के बगीचे में पेड़ देखने गए थे। बारिश तेज होने पर वह मचान पर बैठ गए, तभी बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें बिदुपुर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना चांदपुरा गांव में सामने आई। यहां 9 वर्षीय निशांत कुमार (पिता सिनोद पासवान) आम के बगीचे में खेल रहे थे। तेज हवा और बारिश के दौरान ठनका गिरने से उनकी मौत हो गई। बच्चे को तुरंत हाजीपुर सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। तेज हवा और बारिश से दर्जनों स्थानों पर पेड़ उखड़कर गिर गए। बाजार की कई दुकानों के शेड भी उड़ गए। गिरे पेड़ों के कारण कई मार्गों पर यातायात बाधित हो गया। चकसिकंदर शिव मंदिर के पास सड़क, रजासन में एक दुकान पर, बिदुपुर थाने में जब्त वाहन पर, मयाराम हाट रोड, रामदौली गंगा घाट रोड और बिदुपुर आरएस रोड सहित कई प्रमुख स्थानों पर पेड़ गिरे। इसके अतिरिक्त, केले की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं।

# पटना में 200 पेड़ गिरे, रोड ब्लॉक, आज 20 जिलों में अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार में पिछले 10 दिनों से तेज आंधी और बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को पटना में 135Kmph की रफ्तार से चली आंधी और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा में पेड़ गिरने और ठनका गिरने से राज्यभर में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें सबसे अधिक 4 मौतें राजधानी पटना में हुईं। पटना में शुक्रवार को महज 30 मिनट की बारिश और तूफान ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। राजधानी में 200 से अधिक, जबकि जिलेभर में 600 से ज्यादा पेड़ गिर गए। तेज आंधी के कारण 50 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सड़कों पर पेड़ और होर्डिंग गिरने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। हालात ऐसे थे कि दो किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को डेढ़ घंटे तक का समय लगा। देर रात तक शहर के कई इलाकों में जाम की स्थिति बनी रही। जाम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी फंस गए, जिसके बाद उन्हें कार छोड़कर बाइक से जाना पड़ा। मौसम विभाग ने शनिवार को पटना समेत 20 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 11 मई तक राज्य में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। इसके बाद मौसम सामान्य होने की संभावना है।

**पटना में 4 की मौतः** पटना के गर्दनीबाग में पेड़ गिरने से 30 साल के अभय कुमार की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में एक टाटा पंच कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, पटना गोल्फ क्लब के सामने पेड़ गिरने से समनपुरा निवासी 20 साल के मो. इरफान की मौत हो गई। नेउरा स्थित कुम्हार टोली में ठनका गिरने से 15 साल के एक बच्चे की जान चली गई। IPS मेस के पास पेड़ के नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मंदिरी में पेड़ गिरने से 58 साल के सतीश राम घायल हो गए। आर ब्लॉक स्थित स्लम बस्ती में नित्यानंद पंडित घायल हो गए। उधर, पटेल गोलंबर पर चलती कार पर अचानक पेड़ गिर गया, जिससे चालक बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने चालक को कार से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया।

**चिड़ियाघर में विजिटर्स की इंट्री रोकी, बापू टावर तीन दिन बंदः** चिड़ियाघर में आंधी-पानी के दौरान 30 से अधिक पेड़ गिरे हैं। इस वजह से शनिवार को पटना जू में विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। 52 साल में पहली बार आंधी-बारिश के बाद पटना जू बंद कर दिया गया है। रविवार से विजिटर्स सैर कर सकेंगे। उधर, बापू टावर को तीन दिनों के लिए आम दर्शकों के लिए बंद कर दिया गया है। आंधी की वजह से परिसर में पेड़ गिर गए हैं। टावर के बाहरी हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है। दर्शकों की सुरक्षा और मरम्मत के काम को देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

# आर. पी. एस. में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। आर. पी. एस. पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट के शपथ-ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक विभा शर्मा एवं प्राचार्य शिशिर कुमार राहुल द्वारा संयुक्त रूप से दीप-प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर अनुशासन, उत्साह एवं नेतृत्व भावना से सराबोर नजर आया। समारोह में चयनित स्टूडेंट कैबिनेट के सदस्यों को प्राचार्य शिशिर कुमार राहुल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन, जिम्मेदारी तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि छात्र नेतृत्व बच्चों में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। वहीं निदेशक श्रीमती विभा शर्मा ने विद्यार्थियों को ईमानदारी एवं समर्पण के साथ विद्यालय और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। पूरे समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी बना रहा।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**! जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रेनों व स्टेशनों पर यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। तारेगना जीआरपी थाना प्रभारी सोनू कुमार के नेतृत्व में टीम गिरोह में शामिल अपराधियों की तलाश में जुटी थी। शनिवार को पुलिस टीम गश्त पर निकली थी।इसी बीच नदौल रेलवे स्टेशन के पास संदिग्धावस्था मे दो युवक दिखा।पुलिस को देख कर वह भागने का प्रयास कर रहा था कि सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़ लिया।उसके पास से चोरी का दो मोबाइल बरामद हुआ।उसकी पहचान तारेगना मठ निवासी सूरज कुमार एवं पुनपुन थाना क्षेत्र के केवड़ा ओपी अंतर्गत गंज पर गांव निवासी विक्रम डोम के रूप में हुई। पूछताछ में उसने रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों पर तथा ट्रेन में सो रहे यात्रियों के सामान व मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की, जिसे वह लोगों को बेच देता है।वह चोरी का मोबाइल बेचने आया था।जीआरपी के मुताबिक पकड़े गए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पटना-नशीले इंजेक्शन, पिस्टल के साथ 10 बदमाश गिरफ्तार, ई-रिक्शा से घूम-घूमकर बेचते थे सुई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना पूर्वी इलाके के सुल्तानगंज, मालसलामी और अगमकुआं थाना क्षेत्र से नशे के इंजेक्शन और चोरी की बाइक के साथ 10 अपराधी पकड़े गए हैं। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया, सुल्तानगंज थाने को सूचना मिली कि ई-रिक्शा पर घूम-घूमकर नशीली सुई बेची जा रही है। इस सूचना के आधार पर ग़रहुआ टोला के पास ई-रिक्शा को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान राहुल कुमार, विक्की कुमार को नशीली सुई के साथ पकड़ा गया। इन दोनों से पूछताछ के आधार पर मलेरिया ऑफिस के पास स्थित मॉल 99 के सामने से सूर्य उर्फ अभिषेक और विशाल को नशीली सुई के साथ अरेस्ट किया गया। इन लोगों से पूछताछ के आधार पर पीरबहोर इलाके से अफजल और मोहम्मद राजू को एक पिस्टल और 4 राउंड जिंदा कारतूस, नशे की सुई 28760 कैश के साथ गिरफ्तार किया गया।

इनके पास से कुल 340 पीस एविल इंजेक्शन, बुप्रेनोरफिन हाइड्रोक्लोराइड 117 पीस, एक ई-रिक्शा, 19 स्मार्टफोन, 13 कीपैड, 29420 रुपए कैश मिले हैं। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि इन लोगों के द्वारा मोबाइल फोन लेकर भी नशे के इंजेक्शन वगैरह प्रोवाइड करा दिए जाते थे।

**हथियार-कारतूस के साथ 8 चोरी की गाड़ियां भी जब्त**

**8 चोरी की बाइक भी मिलीः** पूर्वी एसपी ने बताया, अगमकुआं और मालसलामी इलाके से बाइक के साथ 4 अपराधी पकड़े गए हैं। पकड़े गए अपराधियों के नाम मोहम्मद अफरीदी, राहुल कुमार, ओम कुमार और छोटू कुमार ठठेरा है। उनके पास से एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल, 7 स्कूटी, 3 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। मो.अफरीदी के अगमकुआं, आलमगंज में 4 आपराधिक इतिहास पाए गए हैं। राहुल कुमार के खाजेकला और अगमकुआं में 2 अपराधी के इतिहास मिले हैं। छोटू कुमार ठठेरा का मालसलामी में एक अपराधी के इतिहास मिला है। ओमप्रकाश का चौक थाना में एक आपराधिक इतिहास मिला है।

# राहुल बोले- बेरोजगार युवाओं को बीजेपी का जवाब- लाठी, टीआरई-4 को लेकर प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। TRE-4 वैकेंसी की मांग को लेकर कल कैंडिडेट्स ने पटना में प्रदर्शन किया। पुलिस के लाठीचार्ज में कई लोग घायल हैं। आज पुलिस ने छात्र नेता दिलीप को रस्सी से बांधकर पुलिस जेल ले गई है। गांधी मैदान थानेदार अखिलेश मिश्रा ने बताया, प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर भीड़ को उकसाने का आरोप है। 5000 लोगों के ऊपर FIR दर्ज की गई है।

इससे पहले पुलिस छात्र नेता को गर्दनीबाग हॉस्पिटल लेकर पहुंची, जहां उनका मेडिकल कराया गया। उन्होंने कहा, हम लोगों ने सिर्फ नौकरी मांगी थी। ये हमें जेल भेज रहे हैं। गांधी मैदान थाने में पुलिस ने मजिस्ट्रेट के बयान के आधार पर अभ्यर्थियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अभ्यर्थियों पर ट्रैफिक बाधित करने, विधि-व्यवस्था भंग करने और पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने X पर पुलिस के लाठीचार्ज का वीडियो शेयर कर लिखा- अपने रोजगार का हक मांगते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को बिहार पुलिस ने बेरहमी से पीटा। फिर से बेरोजगार युवाओं को BJP का जवाब - लाठी। भारत का युवा BJP के झूठ से तंग आ चुका है। वो अब चुप नहीं बैठेगा। कांग्रेस उनके साथ हर मोड़ पर खड़ी है।

पटना में शुक्रवार को TRE-4 कैंडिडेट्स पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था। कैंडिडेट्स को सड़कों पर दौड़ा-दौड़कर पीटा गया। इस दौरान कई के सिर फटे। महिला कैंडिडेट को पुलिस वालों ने पैरों से कुचला। कैंडिडेट्स ने कहा, हम आने वाले भविष्य के टीचर हैं। ये लोग हमें गुंडा समझ कर पीट रहे हैं। लाठीचार्ज के बाद सड़कों पर कैंडिडेट्स की चप्पलें बिखरी दिखीं। एक कैंडिडेट के कपड़े सीने तक खून से सने थे। लाठीचार्ज के बाद कैंडिडेट्स ने आधे कपड़े उतार दिए और सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। बारिश के बीच अभ्यर्थी सड़क पर डटे थे। हालांकि, 7 घंटे बाद पुलिस ने जेपी गोलंबर से सभी कैंडिडेट्स को खदेड़ कर भगा दिया। इसके बाद अभ्यर्थी प्रदर्शन खत्म कर चले गए।

# मातृ दिवस पर आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। दानापुर स्थित आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार, 8 मई को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की छात्राओं की माताओं को आमंत्रित किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह एवं भावनात्मक जुड़ाव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु ठाकुर के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अत्यंत भावपूर्ण शब्दों में सभी माताओं का अभिनंदन किया तथा परिवार और समाज के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की।

चित्रकला प्रतियोगिता में सभी माताओं ने हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान माताओं और बच्चों के बीच स्नेह, अपनापन एवं रचनात्मकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापिका मधु ठाकुर ने बच्चों एवं उनकी माताओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस समारोह माताओं और उनके बच्चों के बीच रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाने तथा जीवनभर की मधुर स्मृतियां संजोने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है।

# महाराणा प्रताप के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**! नगर मुख्यालय स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवपूजन सिंह एवं संचालन वीरेंद्र सिंह ने की,जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिव पूजन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था।उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप ने कभी भी आताताइयों के सामने सर नहीं झुकाया और अंतिम सांस तक स्वतंत्रता और सम्मान के लिए लड़ते रहे।आज देश के युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।महाराणा प्रताप कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं माने थे। समिति के प्रांत मंत्री रवि गुप्ता ने कहा कि हमें नौजवानों में राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक जागरूकता फैलाने का कार्य करना चाहिए।इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह सुधीर कुमार सिंह गोलू कुमार सिंह जितेंद्र कुमार सिंह मनी सिंह पूर्व मुखिया सतेंद्र सिंह बौरही चिदानंद सिंह अभय सिंह पिंटू सिंह समेत कई गण्यमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# मंत्री दिलीप जायसवाल की भ्रष्ट अधिकारियों, जमीन माफियाओं को चेतावनी, बोले- गलत करने वाले जाएंगे जेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कल ही अपने विभाग का पदभार ग्रहण किया। जिसके बाद आज विभागीय अधिकारियों और जमीन माफियाओं को लेकर बेहद सख्त तेवर दिखाए। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि राजस्व विभाग के अंदर जो भी चुनौतियां हैं, उन्हें अवसर में बदलकर व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा।

**दिलीप जायसवाल बोले- गलत करने वाले जेल जाएंगेः** मंत्री दिलीप जायसवाल ने कड़े अंदाज में कहा कि, 'सरकार की प्राथमिकता आम जनता को जमीन से जुड़े मामलों में त्वरित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराना है।' उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि, 'जनता के प्रति जवाबदेही तय की जाएगी और लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे।' दिलीप जायसवाल ने कहा कि, 'सरकार अब राजस्व व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। अब जमीन से संबंधित लगभग सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से उपलब्ध हैं और किसी भी प्रकार की हेराफेरी की संभावना कम हो गई है।'

**बड़े अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी- राजस्व मंत्रीः** राजस्व मंत्री ने बताया कि, 'सरकार चाहती है कि राजस्व विभाग जनता के लिए भरोसेमंद विभाग बने और लोगों को पारदर्शी व्यवस्था का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि, 'हाल ही में विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जमीन विवाद, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन और अतिक्रमण जैसे मामलों में तेजी से कार्रवाई हो। साथ ही जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।' परिवारवाद के सवाल पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि, 'परिवारवाद का असली मतलब वही है, जहां किसी बड़े नेता का बेटा सीधे सर्वोच्च पद पर पहुंच जाए। परिवारवाद उसे कहते हैं, जब प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री बन जाए, मुख्यमंत्री का बेटा मुख्यमंत्री बन जाए। जैसे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव। राजस्व मंत्री ने निशांत कुमार का बचाव करते हुए कहा कि, 'निशांत कुमार अभी राजनीति में नए हैं और संगठन व पार्टी के माध्यम से काम कर रहे हैं। निशांत कुमार अभी-अभी राजनीति में आए हैं। संगठन में हैं, पार्टी में हैं, मंत्री बने हैं और आगे बेहतर काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि, 'विपक्ष को परिवारवाद पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि देश और राज्य की राजनीति में सबसे ज्यादा परिवारवाद विपक्षी दलों में ही देखने को मिलता है।'

## संक्षिप्त समाचार

### विप्स के पूर्वी क्षेत्र की बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में महिलाओं (विप्स) के पूर्वी क्षेत्र की छठी बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विप्स मेकॉन की ओर से शनिवार को रांची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्वी क्षेत्र के पीएसयू की महिला पेशेवरों ने भाग लिया। इस अवसर पर बतौर अतिथि विप्स पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्ष और जीआरएसई की सहायक महाप्रबंधक (सीसी) स्वगता सेन रॉय ने कहा कि निरंतर सीखने, सहयोग और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर ध्यासन देने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में अपनाई जाने वाली सावधानियों, साइबर अपराध के नवीनतम मामलों और साइबर सुरक्षा जागरूकता पर सूचनापरक सत्र पर चर्चा किया जाना लाभप्रद साबित होगा। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने महिलाओं को सशक्त बनाने और एक मजबूत पेशेवर समुदाय के निर्माण के प्रति नए संकल्प पर जोर दिया। इस दौरान स्वागत भाषण सीमंतिनी साहू, सहायक महाप्रबंधक (लौह निर्माण), निगमित संचार प्रभारी, विप्स पूर्वी क्षेत्र की ईसी सदस्य और विप्स फोरम, मेकॉन की संयोजक ने दिया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में विप्स पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्ष और जीआरएसई की सहायक महाप्रबंधक (सीसी) स्वगता सेन रॉय, विप्स पूर्वी क्षेत्र की उपाध्यक्ष और आइओसीएल के ईआरओ की वरिष्ठ प्रबंधक (आईए) नेहा दुगर गुप्ता, विप्स पूर्वी क्षेत्र की सचिव और एनआरएल की महाप्रबंधक (आयोजना) रंजना चक्रवर्ती, विप्स फोरम सहित अन्य मौजूद थे।

### ठेका मजदूर ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मेघाहातुबुरु क्षेत्र में शुक्रवार रात सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) के क्वार्टर में रहने वाले एक ठेका मजदूर ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद इलाके में शोक और मातम का माहौल है। मृतक की पहचान 38 वर्षीय बालाजी शर्मा उर्फ बाला के रूप में हुई है, जो मेघाहातुबुरु स्थित सेल क्वार्टर संख्या 12/5 ए-टाइप में रहता था। परिजनों ने बताया कि पिछले दो दिनों से बाला मानसिक तनाव में था। वह काफी परेशान नजर आ रहा था और घर से बाहर भी नहीं निकल रहा था। खाना-पीना भी उसने लगभग छोड़ दिया था। शुक्रवार रात करीब नौ बजे उसने घर के एक कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उस समय घर में उसकी मां और बहन मौजूद थीं। काफी देर तक कोई आवाज नहीं आने पर परिजनों को शक हुआ। इसी दौरान उसकी मां ने खिड़की से अंदर झांका तो बेटे को फंदे से लटका देख चीख पड़ी। मां की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। आनन-फानन में बाला को इलाज के लिए किरीबुरू अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार बाला बेहद मिलनसार और मददगार स्वभाव का व्यक्ति था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उसकी मां और तीन बहनें हैं। बाला घर का इकलौता बेटा था। उसकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**पश्चिमी सिंहभूम।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित पांड्रासाली ओपी इलाके में पांड्रासाली पेट्रोल पंप के समीप शनिवार सुबह एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान माटकोबेरा निवासी 35 वर्षीय रॉबिन बोदरा के रूप में हुई है। छोटा भाई राजेश बोदरा के अनुसार, रॉबिन बोदरा मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था और घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। परिवार में पत्नी सुशांति बोदरा और दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक बच्चा डेढ़ महीने का बताया जा रहा है। भाई राजेश बोदरा ने बताया कि शुक्रवार रात रॉबिन कुछ साथियों के साथ घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। शनिवार सुबह सड़क किनारे शव मिलने की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है।

# नाबालिग का शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



परसुडीह थाना क्षेत्र के सोपोडेरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में शनिवार सुबह एक नाबालिग का शव पुलिस ने बरामद किया है। स्कूल परिसर में शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। नाबालिग की हालत और शव की स्थिति को देखकर स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि उसके साथ दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या की गई है। हालांकि पुलिस ने फिलहाल इस मामले में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही है। जानकारी के अनुसार स्कूल परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका सुलेखा शांडिल्य शनिवार सुबह केंद्र पहुंचीं। इसी दौरान उनकी नजर स्कूल परिसर में पड़ी एक नाबालिग पर गई, जो अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ी थी। पास जाकर देखने पर पता चला कि नाबालिग की मौत हो चुकी है। घटना से घबराई संचालिका ने तत्काल स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और परसुडीह थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही परसुडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस टीम ने स्कूल परिसर और उसके आसपास से कुछ अहम साक्ष्य भी जुटाए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किशोरी के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे। इसी कारण ग्रामीणों के बीच दुष्कर्म और हत्या की चर्चा तेज हो गई। फिलहाल नाबालिग की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही किशोरी की तस्वीर और पहचान संबंधी जानकारी अन्य थानों को भी भेजी जा रही है, ताकि शव की शिनाख्त जल्द हो सके। थाना प्रभारी अविनाश कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## डीएवी स्कूल में मातृ दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन




**एजेंसी। खूंटी**

महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल तोरपा में शनिवार को मातृ दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन संध्या तोपनो और अनु कुमारी ने सुंदर ढंग से किया। विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मां के त्याग, प्रेम और महत्व को दर्शाया गया। विद्यालय के प्राचार्य ज्ञान हंस ओझा ने अपने संबोधन में माताओं निःस्वार्थ प्रेम के बारे में बताया और विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्राचार्या ऊषा हंस ओझा, डेविड तोपनो, अनंत कुमार नंद, मुनमुन कुमारी, ममता कंडुलना सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## गैंगस्टर प्रिंस खान के वायरल वीडियो पर बाबूलाल मरांडी का हेमंत सरकार पर हमला

**एजेंसी। रांची**

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गैंगस्टर प्रिंस खान के एक वायरल वीडियो को लेकर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। मरांडी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाते हुए पुलिस और अपराधियों की कार्यशैली पर निशाना साधा। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए मरांडी ने कहा कि सामान्यतः पुलिस अपराधियों का पर्दाफाश करती है, लेकिन झारखंड में स्थिति उलट दिखाई दे रही है। गैंगस्टर प्रिंस खान का वायरल वीडियो न केवल पुलिस को खुली चुनौती दे रहा है, बल्कि धनबाद के एसएसपी के कार्यकाल का भी "मूल्यांकन" कर रहा है। मरांडी ने आरोप लगाया कि धनबाद में पुलिस और अपराधियों के बीच संघर्ष नहीं, बल्कि दो समानांतर गिरोहों के बीच गैंगवार जैसी स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों में यह प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है कि व्यापारियों और आम लोगों के बीच कौन अधिक दहशत फैला सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि फर्क सिर्फ इतना है कि "एक वर्दी पहनकर कथित वसूली कर रहा है, जबकि दूसरा बिना वर्दी के।"



उन्होंने आगे कहा कि राज्य में सत्ता संरक्षण की आशंका और भी गंभीर चिंता का विषय है। मरांडी ने दावा किया कि जब यह चर्चा आम हो जाए कि संवेदनशील जिलों में करोड़ों रुपये की बोली लगाकर पोस्टिंग ली जाती है, तो जनता का प्रशासन और कानून व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होना स्वाभाविक है। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि क्या ऐसी पोस्टिंग कानून व्यवस्था सुधारने के लिए की जा रही है या फिर यह किसी "एक्सटॉर्शन लाइसेंस" की तरह काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की। मरांडी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वसूली और भय के माहौल वाली यह कार्यशैली जारी रही, तो झारखंड की स्थिति "जंगलराज" से भी बदतर हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब रक्षक ही भय का कारण बनने लगें, तब लोकतंत्र और जनता दोनों असुरक्षित महसूस करने लगते हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 7950 मामलों का निष्पादन

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खूंटी रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल 11 बेंच का गठन किया गया, जिनमें छह न्यायिक और पांच कार्यपालक पीठ शामिल थीं। इन बेंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निस्तारण किया गया। लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालयों के सुलहनीय मामले, बैंक ऋण विवाद, मोटरयान दुर्घटना दावा, एनआई एक्ट, बिजली, नगर पंचायत, परिवहन, वन एवं उत्पाद विभाग से जुड़े मामलों सहित विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई।


**झारखण्ड सरकार**
**न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी -सह- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर, वन प्रमण्डल**

**उपस्थिति सूचना**

मेदिनीनगर वन प्रमण्डल, मेदिनीनगर के विभिन्न प्रक्षेत्रों अन्तर्गत वन अपराध में जप्त निम्नांकित वाहनों एवं वन पदार्थ के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के न्यायालय में निम्नवत् अधिहरण वाद की कार्यवाही विचाराधीन है :–

| क्र0 सं0 | कम्पलेन वाद संख्या | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वाहन का प्रकार, निबंधन संख्या/इंजन संख्या/चेचीस संख्या | जप्त वन पदार्थ | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 426/2016 | 17/2016 | TVS लूना संख्या– JH-03B-3335 | साल चौकठ–05 पीस | 21.05.2026 |
| 02 | 239/2020 | 03/2020 | ट्रैक्टर संख्या–शून्य, इंजन संख्या–33.1008/SZG03506, चेचीस संख्या–WZTG254281 56799, टेलर संख्या– शून्य | साल काष्ठ–7 पीस एवं साल चिरान–28 पीस | 21.05.2026 |
| 03 | 723/2023 | 10/2023 | टेम्पू संख्या–JH-03G-6369 | 2 घ0मी0 जलावन लकड़ी | 21.05.2026 |
| 04 | 1703/2023 | 27/2023 | टेम्पू संख्या–JH-03G-8624 | 6 घ0मी0 जलावन लकड़ी | 21.05.2026 |
| 05 | 1841/2023 | 32/2023 | टेम्पू संख्या–JH-03G-7208 | 2 घ0मी0 जलावन लकड़ी | 21.05.2026 |
| 06 | 1465/2024 | 12/2024 | टेम्पू संख्या–JH-03H-3768 | 3 घ0मी0 जलावन लकड़ी | 21.05.2026 |
| 07 | 639/2024 | 16/2024 | 1. टेम्पू संख्या–JH-03H-3244, इंजन संख्या–R2K2218616 2. टेम्पू संख्या– JH-13B-2531, इंजन ख्या–S2L8059402 3. टेम्पू संख्या– JH-03G-3942, इंजन संख्या–W1M3250365 | 6 घ0मी0 जलावन लकड़ी | 21.05.2026 |
| 08 | 1737/2024 | 17/2024 | ट्रैक्टर संख्या–JH-03R-8990, इंजन संख्या–NHL5HAE0430, चेचीस संख्या– MBNSFAEBAHNL00727, टेलर संख्या–JH-03R-0137 | करम बोटा–7 पीस | 21.05.2026 |
| 09 | 3932/2024 | 19/2024 | टेम्पू संख्या–JH-03K-1444 | साल चौखठ–7 पीस | 21.05.2026 |
| 10 | 548/2023 | 01/2025 | टेम्पू संख्या–JH-03D-3569, इंजन संख्या–R8J0568304 | 2 घ0मी0 जलावन लकड़ी | 21.05.2026 |
| 11 | 1420/2024 | 03/2025 | टेम्पू संख्या–JH-03X-2503 | करम चिरान–49 पीस | 21.05.2026 |
| 12 | 1491/2025 | 21/2025 | टेम्पू संख्या–JH-03R-3860 | 2 घ0मी0 जलावन लकड़ी | 21.05.2026 |

उपर्युक्त वादों की सुनवाई के क्रम में बार–बार नोटिस दिये जाने के बावजूद भी उक्त वाद के प्रतिवादियों द्वारा कारण पृच्छा समर्पित नहीं किया गया और न ही किसी अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया है।

समाचार पत्र के माध्यम से उपरोक्त वाद के प्रतिवादियों को सूचित किया जाता है, कि अधिहरण वाद की सुनवाई हेतु अंतिम तिथि 21.05.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित किया गया है। प्राधिकृत पदाधिकारी सह वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि उक्त वाद के प्रतिवादियों को इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वाहन एवं वन पदार्थ को राज्यसात कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
मेदिनीनगर वन प्रमण्डल।

PR.NO.379423 Forest, Environment and Climate Changes(26-27):D


## झारखंड में बारिश से मौसम सुहाना, कई जिलों में झमाझम वर्षा; 15 मई तक येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**

झारखंड में इन दिनों मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों में रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी है। इस बीच मौसम विभाग ने मई माह के अधिकांश दिनों में इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में गर्जन, तेज हवा और वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के संयुक्त प्रभाव के कारण झारखंड में मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में भी राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहने, बारिश होने और तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 95.4 मिलीमीटर बारिश गोड्डा में दर्ज की गई। लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है और मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना हुआ है। कई इलाकों में लोगों ने उमस और गर्मी से राहत महसूस की। राज्य के अन्य हिस्सों में भी अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई। चाईबासा में 50.4 मिमी, गुड़ाबांधा में 46.4 मिमी, रामगढ़ जिले के भुरकुंडा में 38.3 मिमी, पथरगामा में 37.2 मिमी, पटमदा में 26.8 मिमी, चांडिल में 22.2 मिमी, बोडाम में 21.2 मिमी तथा हिरणपुर में 20.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा बड़कागांव, गोइलकेरा, खरसावां और सिसई सहित कई अन्य इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने 15 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। विभाग ने चेतावनी दी है कि इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है। बारिश के बावजूद कुछ इलाकों में गर्मी का असर बना हुआ है। राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के कांके क्षेत्र में 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप निकलने के कारण लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि शाम या रात के समय फिर से मौसम बदल सकता है और बारिश हो सकती है। तापमान के आंकड़ों के अनुसार, रांची में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम 19.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 35.2 और न्यूनतम 21.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.1 और न्यूनतम 20.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 35.6 और न्यूनतम 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com**

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना (3rd Call)**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 10.01.2026 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार लेस्लीगंज के बंदोबस्ती हेतु न्यूनतम डाक राशि 130000.00 रूपये निर्धारित की गयी है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2026 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लेस्लीगंज | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | 20-05-2026 | मध्याह्न– 12:00 बजे से | 130000.00 | 13000.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 19.05.2026 तक **कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा।** बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। **डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या–9006083521 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 379401 District(26-27)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Rural Works Department, Works Division Daltonganj**

**Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-02/2026-27 (2nd Call)**

Government of Jharkhand through its Cabinet Secretariat and Vigilance Department is engaged in revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for Hire Charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/ Owners/Lessee for respective items . The Hire Charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of Plant and Machineries online from 12.05.26 at 10:30 hrs. to 21.05.26 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 23.05.26 at 11.30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant and Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition**

1. The quotationer Shall submit Hire Charges of Plant & Machineries inclusive of POL, Maintenance, wages of driver/operator, statutory charges/fee and other taxes but exclusive of GST.
2. Plant and Machineries should have capability/capacity to perform as desired in specifications of Central Public Work Department (CPWD)/concerned Department of government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the Plant and Machineries/ Part of the Plant and Machineries for which they are concerned.
4. Plant and Machineries should not be older than 5(Five) years as on quotation due date.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer R.W.D. Works Div. Daltonganj

Address for Communication :-
Executive Engineer, Rural Works Department, Works Div. Daltonganj
Address –Court Cmound, Daltonganj
Mobile No - 9170538098, e- mail ID - ee-pal@jharkhandmail.gov.in

**Executive Engineer**
**R.W.D. Works Div.**
**Daltonganj**

PR 379375 Rural Development(26-27)#D



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र. | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | मासिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | प्रथम तल | B-32 | 01 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | बिश्रामपुर | भूतल | D-10, D-17 | 02 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | छतरपुर | भूतल | C-08 | 01 | 865.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | मनातू | प्रथम तल | A-20, A-21, A-22, A-23, A-24, A-25, A-26, A-27, A-28, A-29, A-30, A-31, A-32 | 13 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | हरिहरगंज | भूतल | A-06, A- 07, A-12 | 03 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 6 | नावाबाजार | भूतल | B-04, C-01, C-02, C -03, C-04, C-05, C-06, C-07, C-08, C-09, C-10, C-11, C-12, C-13, C-14, C-15, C-16, C-17, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22, C-23 | 24 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 7 | हुसैनाबाद | प्रथम तल | E-01 | 01 | 960.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | G-17, G-18, G-19, G-20, G-21, G-22, G-23, G-24, G-25, G-26, G-27, G-28, G-29, G-31, G-32, G-33, G-34, G-35, G-36, G-37, G-38 | 21 | 600.00-1190.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| 8 | मोहम्मदगंज | भूतल | A-08, A-09, A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, B-08, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13, B-14, B-15, B-16 | 18 | 400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 9 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-06, C-10, C-11, C-12 | 07 | 750.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-17 | 01 | 785.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 10 | पाँकी (तेतराई) | भूतल | 101, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 110, 111, 112 | 10 | 720.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | 102, 109, | 02 | 780.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 11 | चैनपुर (चान्दो) | भूतल | A-01, A-02, A-03, A-04, A-05, A-06, A-07, A-08, A-09 A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, A-17, A-18 A-19, A-20, A-21, A-22, A-23 | 23 | 800.00-910.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| 12 | सतबरवा | भूतल | S-23 | 01 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| कुल :– | | | | 136 | | | |

' **दुकानवार किराया दर की सूची विस्तृत आम सूचना के साथ संलग्न।**

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 16.05.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क :–
(प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :–दिनांक 18.05.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :–20.05.2026 को 12:00 बजे मध्याह्न
7. डाक का स्थान :–अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय वेश्म।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :–वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त छवद त्मनिदकंइसम राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि ;छवद त्मनिदकंइसमद्ध 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:–दुकानों की संख्या घट– बढ़ सकती है। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।

नोट 3:–दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC ds Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 379403 (District)26-27*D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# शादी में रसमलाई खाते ही उल्टी-पेट दर्द, राजस्थान में बच्चों समेत 105 लोग पहुंचे अस्पताल

**कोटपूतली, एजेंसी।** राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में एक शादी में रसमलाई खाने से 105 लोगों के बीमार होने की खबर सामने आई है। घटना विराटनगर क्षेत्र के ढाणी गैसकान गांव की बताई जा रही है। यहां एक शादी समारोह उस समय अफरा-तफरी में बदल गया, जब समारोह में परोसी गई रसमलाई खाने के बाद करीब 105 ग्रामीण और बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। घटना के बाद शादी समारोह में हड़कंप मच गया और लोग खुशी के माहौल को छोड़ बीमार बच्चों और परिजनों को संभालने में जुट गए।

बताया जा रहा है कि उल्टी और पेट दर्द होने की शिकायत पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आतेला में पीड़ितों को भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने 16 बच्चों और 14 वयस्क मरीजों को शाहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलती विराटनगर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय बीसीएमएच सुनील मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। फूड प्वाइजनिंग से शिकार हुए सभी मरीजों का शुरुआती उपचार कर उन्हें छुट्टी दे दी गई।

जानकारी के अनुसार शादी समारोह में मेहमानों को मिठाई के रूप में रसमलाई परोसी गई थी। मिठाई खाने के कुछ समय बाद ही बच्चों और बड़ों को उल्टी, पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई। हालत खराब होने पर परिजन



तुरंत बीमार लोगों को विराटनगर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आतेला लेकर पहुंचे, जहां एक साथ बड़ी संख्या में मरीजों के पहुंचने से अस्पताल में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। डॉक्टरों की टीम ने सभी मरीजों का तुरंत इलाज शुरू किया। प्राथमिक जांच में मामला फूड पॉइजनिंग का सामने आया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार 105 लोगों को उपचार के लिए लाया गया था, जिनमें बच्चों की संख्या अधिक थी। इनमें से 16 बच्चों और 14 वयस्कों की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए शाहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। बाकी मरीजों का मौके पर इलाज कर उनकी हालत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही विराटनगर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, बीसीएमएच सुनील मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंचे और मरीजों की स्थिति की जानकारी ली। प्रशासन ने चिकित्सा विभाग को तत्काल बेहतर इलाज व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि शादी समारोह में मिठाई खाने के बाद करीब 105 लोग फूड पॉइजनिंग की चपेट में आ गए थे।

## कांग्रेस हराएगी, फिर देखना क्या कार्रवाई करते हैं नरेंद्र मोदी के साथ: राहुल गांधी

**गुरुग्राम , एजेंसी।** राहुल गांधी शुक्रवार को सद्भाव यात्रा के तहत गुरुग्राम पहुंचे और बीजेपी पर बड़ा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस नरेंद्र मोदी को हराएगी। फिर देखना हम नरेंद्र मोदी के साथ क्या कार्रवाई करते हैं क्योंकि इन्होंने देश पर आक्रमण किया है। इन्होंने लोकतंत्र पर हमला कर के संविधान को नुकसान पहुंचाया है। राहुल गांधी ने कहा कि इन्होंने मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, बंगाल और असम के विधानसभा चुनाव में चोरी किया। इन्होंने चुनाव चोरी करने का सिस्टम बना लिया है। लाखों नाम काट देते हैं। लाखों नए नाम जोड़ देते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को हरियाणा कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की 'सद्भाव यात्रा' में शामिल हुए। इस मौके पर राहुल गांधी साथ बृजेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला, हरियाणा प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद के साथ अन्य नेता मौजूद थे। राहुल गांधी ने 'सद्भाव यात्रा' के बाद एक सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरियाणा का चुनाव चोरी किया, अब पश्चिम बंगाल और असम में चुनाव चोरी किया है। इन्होंने चुनाव चोरी करने का सिस्टम बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव आयोग, नौकरशाही को कंट्रोल कर लिया है। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह यह सोच रहे हैं कि इनका राज बना रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा हाईकोर्ट ने साहूपुरा सरपंच पद के चुनाव पर नहीं लगाई रोक, मतदान 10 मई को

**बल्लभगढ़, एजेंसी।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने साहूपुरा खादर के सरपंच पद के



चुनाव पर रोक लगाने दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया। अब 10 मई को मतदान होगा। शुक्रवार को चुनाव प्रचार बंद हो गया। मतदान कराने के लिए शनिवार को टीम मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएंगी। साहूपुरा खादर के सरपंच ताराचंद भाटी ने पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। यह कब्जा एसडीएम की रिपोर्ट में प्रमाणित हो जाने के बाद उपायुक्त ने सरपंच ताराचंद भाटी को बर्खास्त कर दिया। गांव का सरपंच पद खाली हो जाने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा को चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने के आदेश दे दिए। ताराचंद भाटी ने सरपंच की प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका पर दायर की थी। मतदान का दिन नजदीक आ गया और शुक्रवार की शाम को प्रचार बंद हो गया। हाई कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। अब सरपंच पद के लिए मतदान कराने में किसी भी तरह की कोई बाधा नहीं है। गांव में चुनाव शांतिपूर्वक कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रबंध किए जा रहे हैं। दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सुबह आठ से शाम के छह बजे तक मतदान होगा। शाम को मौके पर मतगणना की जाएगी और चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

### गाजियाबाद: नंदग्राम में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

**गाजियाबाद, एजेंसी।** अवैध रूप से कब्जाई गई जमीनों को लेकर नगर निगम सख्त हो चला है। इसी क्रम में शुक्रवार को नंदग्राम में 11 करोड़ की भूमि कब्जामुक्त कराई गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर संपत्ति विभाग की टीम द्वारा नंदग्राम क्षेत्र में अभियान चलाया गया। वार्ड संख्या 11 और वार्ड संख्या छह में निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। कब्जामुक्त कराई गई जमीन का क्षेत्रफल 1400 वर्ग मीटर है। इस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की योजना है। लोक निर्माण विभाग के नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर तुरंत ग्रेवांस कमेटी की बैठक बुलाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने लिखा है कि बैठक न होने के चलते फील्ड स्टाफ की लंबित समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है।जनगणना में ड्यूटी भी संघ की बिना सहमति के लगाई गई है।

### दिल के मरीजों के लिए जीवनरेखा बनी मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना

**चंडीगढ़, एजेंसी।** दिल के मरीजों के लिए पंजाब सरकार की कैशलेस इलाज योजना काफी लाभकारी साबित हो रही है। दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में हर सेकंड कीमती होता है। कुछ मिनटों की देरी जीवन और मृत्यु के बीच अंतर पैदा कर सकती है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत तेज और कैशलेस एंजियोप्लास्टी सेवाएं मरीजों को जरूरत पड़ने पर समय पर और आपातकालीन इलाज उपलब्ध करवा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों अनुसार पहले इलाज के लिए पैसों का प्रबंध करने, जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने और अस्पताल से मंजूरी लेने में परिवारों का कीमती समय बर्बाद हो जाता था। अब यह स्थिति तेजी से बदल रही है। स्वास्थ्य कार्ड सिस्टम के तहत सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों को तुरंत लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों के अनुसार, दिल की बीमारियों के मामले अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आरामदायक जीवनशैली, तनाव, अस्वास्थ्यकर खानपान और डायबिटीज के बढ़ते मामले इसके मुख्य कारणों में शामिल हैं।

## बेअदबी रोधी कानून पर भगवंत सरकार और अकाल तख्त में आर-पार, जत्थेदार ने थमाया 15 दिनों का अल्टीमेटम

**जालंधर, एजेंसी।** अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने शुक्रवार (8 मई) को पंजाब सरकार को बेअदबी रोधी कानून से उन प्रावधानों को हटाने के लिए 15 दिनों की समय सीमा दी, जो ''गुरु ग्रंथ साहिब, खालसा पंथ और सिख समुदाय की भावनाओं के खिलाफ हैं।'' शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां अमृतसर में जत्थेदार के समक्ष पेश हुए। जत्थेदार ने उनसे पूछा कि बेअदबी रोधी अधिनियम पारित करने से पहले पंथ से परामर्श क्यों नहीं किया गया। जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 को पंजाब विधानसभा ने 13 अप्रैल को ध्वनिमत से पारित कर दिया था। इसमें गुरु ग्रंथ साहिब के विरुद्ध किसी भी प्रकार के अपमान के कृत्य के लिए आजीवन कारावास सहित कठोर दंड का प्रावधान है। जत्थेदार के समक्ष पेश होने के बाद, संधवां ने बैठक के बारे में कोई खुलासा नहीं किया, लेकिन कहा, ''हम पंथ के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उसकी भावनाओं के अनुरूप कार्य करेंगे। जो कुछ भी किया गया है वह पंथ की भावनाओं के अनुसार ही किया गया है।'' श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय में आयोजित बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने कानून के संबंध में विस्तृत चर्चा की और जत्थेदार ने सिख संस्थानों, पंथिक विद्वानों, कानूनी विशेषज्ञों और अन्य सिख संगठनों द्वारा कानून के संबंध में उठाई गई आपत्तियों पर अध्यक्ष से जवाब मांगा। विचार-विमर्श के बाद, गड़गज ने संधवां से कहा कि सरकार को 15 दिनों के भीतर अधिनियम से उन प्रावधानों को हटाना होगा जो गुरु ग्रंथ साहिब, खालसा पंथ और संगत (सिख समुदाय) की भावनाओं के विरुद्ध हैं, और जिन्हें सिख संस्थानों से परामर्श किए बिना कानून में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रावधानों के कारण, यह कानून श्री अकाल तख्त साहिब और खालसा पंथ को स्वीकार्य नहीं है, इसलिए सरकार को इसे सिखों पर जबरदस्ती नहीं थोपना चाहिए। संधवां ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब को धर्म का अपमान करने के दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

## डीडवाना में साड़ी पहनाकर ऊंट तस्करों को फिल्मी गानों पर कराया डांस; गौरक्षकों ने पकड़ा 21 ऊंटों से भरा ट्रक

**डीडवाना , एजेंसी।** राजस्थान के डीडवाना जिले के परबतसर इलाके में ऊंट तस्करी का एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। यहां गोरक्षकों ने ऊंटों से भरे एक ट्रक को पकड़ने के बाद न सिर्फ तस्करों को पुलिस के हवाले किया, बल्कि बीच सड़क उन्हें साड़ी पहनाकर फिल्मी गाने पर डांस भी कराया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि घटना 3 मई की देर रात की है। गोरक्षा दल किशनगढ़ को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में ऊंटों को क्रूर तरीके से भरकर मेवात की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही गोरक्षक सक्रिय हो गए और किशनगढ़-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर परबतसर थाना क्षेत्र में ट्रक को रुकवा लिया। जब ट्रक की तलाशी ली गई तो अंदर का नजारा देखकर हर कोई दंग रह गया।

तिरपाल के नीचे 21 ऊंट और ऊंटनियों को इस तरह ठूंस-ठूंस कर भरा गया था कि कई जानवर सांस तक नहीं ले पा रहे थे। दम घुटने से दो ऊंटों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। बाकी जानवर भी बदहाली की हालत में मिले। यह दृश्य देखकर गोरक्षक भड़क उठे और उन्होंने मौके पर मौजूद तीन आरोपियों को पकड़ लिया। इसके बाद सड़क पर जो हुआ, उसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। गोरक्षकों ने आरोपियों को महिलाओं की साड़ी पहनाई और फिर फिल्मी गाना 'मुझको राणा जी माफ करना, गलती म्हारे से हो गई...' बजाकर उनसे डांस करवाया। वीडियो में



आरोपी हाथ जोड़कर माफी मांगते दिखाई दे रहे हैं, जबकि आसपास मौजूद लोग मोबाइल से वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं। कुछ लोग इस कार्रवाई को गोरक्षकों का गुस्सा बता रहे हैं तो कुछ इसे कानून हाथ में लेने की घटना मान रहे हैं।

घटना की सूचना मिलने पर राजस्थान पुलिस की परबतसर थाना टीम मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और सभी ऊंटों को मुक्त कराया। मामले में मेवात निवासी वसीम अकरम, हरियाणा निवासी एक अन्य आरोपी और मेरठ निवासी जिशान को गिरफ्तार किया गया है।

परबतसर थानाधिकारी सुमन बुंदेला ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ऊंटों को अवैध रूप से दूसरे राज्य ले जाया जा रहा था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस तस्करी के पीछे कोई बड़ा गिरोह सक्रिय है या नहीं।

इस घटना ने एक बार फिर राजस्थान में ऊंट तस्करी के मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया है। राज्य पशु होने के बावजूद ऊंटों की अवैध खरीद-फरोख्त और तस्करी के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने बहस छेड़ दी है कि क्या गोरक्षकों का आरोपियों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना सही था या कानून को अपना काम करने देना चाहिए था। फिलहाल तीनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है। दूसरी ओर वायरल वीडियो ने इलाके में माहौल गर्मा दिया है और लोग इस घटना पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## हृदय मा छे काबा, नयने मदीना; गाने वालीं सायोनी घोष तंग आ गईं, लगाना पड़ा एक 'ताला'

**कोलकाता, एजेंसी।** हृदय मा छे काबा, नयने मदीना... गाकर सुर्खियों में आई सांसद सायोनी घोष इन दिनों ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। टीएमसी की सांसद सायोनी घोष को तो इस तरह निशाना बनाया गया को तंग आकर उन्हें कॉमेंटबॉक्स पर 'ताला' लगाना पड़ा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद जहां एक तरफ पार्टी के नेताओं को सड़कों से विमानों तक में विरोध का सामना करना पड़ रहा है तो सोशल मीडिया पर भी उनकी खूब ट्रोलिंग की जा रही है।

जादवपुर से टीएमसी की लोकसभा सांसद सायोनी घोष के खिलाफ 4 मई से ही बहुत अधिक नकारात्मक टिप्पणियां की जा रही थीं, जब पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा और भाजपा ने 200 से अधिक सीटों पर कब्जा करके टीएमसी को 15 साल पुरानी सत्ता से बेदखल कर लिया। बहुत से लोग सायोनी घोष को टीएमसी की हार के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे थे।

कुछ लोगों ने तो उनके खिलाफ बेहद अभद्र टिप्पणियां कीं और तस्वीरों को एडिट करके उनके कॉमेंट बॉक्स में पोस्ट करना शुरू कर दिया। सायोनी घोष ने तंग आकर कॉमेंट बॉक्स को नियंत्रित कर दिया है। अब सामान्य यूजर्स उनके पोस्ट पर ना तो कॉमेंट कर सकते हैं और ना पुरानी टिप्पणियां दिख रही हैं। सायोनी घोष के पोस्ट के नीचे ताले के निशान के साथ मैसेज दिख रहा है, 'ओनली सम अकाउंट्स कैन रिप्लाई (कुछ ही अकाउंट्स जवाब



दे सकते हैं।)' यह संदेश तब दिखता है जब कोई अकाउंट होल्डर कुछ या सभी लोगों को कॉमेंट के लिए प्रतिबंधित कर देता है। सायोनी घोष ने भले ही कॉमेंट सेक्शन बंद कर दिया लेकिन उनके आलोचक इससे भी बाज नहीं आ रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग उन्हें टैग करते हुए पोस्ट कर रहे हैं और उन्हें कॉमेंट सेक्शन खोलने की चुनौती दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सायोनी जी ज्यादा सयानी बन गईं और कॉमेंट सेक्शन बंद कर दिया ताकि लोग उन्हें उनकी सच्चाई नहीं दिखा सकें और प्रोपेगेंडा ध्वस्त ना कर सकें। अच्छा प्रयास है।

## वंदे मातरम का विरोध करने वालों को देश में रहने का हक नहीं : संजय निरुपम

**मुंबई, एजेंसी।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की वंदे मातरम पर की गई टिप्पणी पर शिवसेना प्रवक्ता संजय निरुपम ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत का विरोध करने वाला असल में भारतीय नहीं है और उसे इस देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

मुंबई में मीडिया बातचीत में शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा कि वंदे मातरम गीत अपनी 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों स्वतंत्रता सेनानियों और आम लोगों ने इसे गाया था और इससे प्रेरणा ली थी। अगर कोई वंदे मातरम पर आपत्ति जताता है, तो वह असल में भारतीय नहीं है। जो कोई भी इस गीत का विरोध करता है, उसे इस देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी के पूर्वजों ने शायद यह गीत न गाया हो लेकिन अंग्रेजों के खिलाफ हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे गाया था। निरुपम ने साफ चेतावनी दी कि वंदे मातरम का अपमान भारत का अपमान है और ऐसे लोगों की नागरिकता तक रद्द की जानी चाहिए।

हिंदी भाषा का जिक्र करते हुए संजय निरुपम ने कहा कि कोई किसी को हिंदी बोलने के लिए मजबूर नहीं करता। भले ही हिंदी को राष्ट्रभाषा न माना जाए, लेकिन यह राजभाषा और संवाद की भाषा के रूप में स्थापित है। इसे किसी ने थोपा नहीं है। अगर सरकारी अधिकारियों के लिए हिंदी सीखने का कोई प्रस्ताव आया है, तो मुझे नहीं लगता कि इस पर ज्यादा विवाद होना चाहिए। हिंदी सीखना नुकसान का सौदा नहीं है।

संजय निरुपम का कांग्रेस पर तीखा वार तमिलनाडु में




एक्टर विजय की पार्टी टीवीके को समर्थन देने वाले कांग्रेस के फैसले पर संजय निरुपम ने कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गठबंधन का धर्म कभी नहीं निभाया। कांग्रेस का इतिहास यही रहा है। तमिलनाडु चुनाव में कांग्रेस ने डीएमके के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

निरुपम ने कहा कि एक नई पार्टी और अभिनेता विजय एक राजनीतिक नेता के रूप में उभरे हैं, तो कांग्रेस ने सत्ता की मलाई खाने के लिए अपने 5 विधायकों के साथ उसका समर्थन कर दिया, जबकि वह पार्टी डीएमके के खिलाफ चुनाव लड़कर आई थी।

## छत्तीसगढ़ में निकाय-पंचायत उपचुनाव की तारीखों का ऐलान

### एक जून को पूरी हो जाएगी प्रक्रिया

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों और पंचायतों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह 11 मई से शुरू होकर 4 जून को चुनाव नतीजों के साथ समाप्त होगी। इस चुनाव में कुल 82 नगरीय पदों और 1228 पंचायत पदों पर मतदान होगा जिसके लिए नामांकन 18 मई तक जमा किए जा सकते हैं। मतदान 1 जून को होगा जिसमें नगरीय निकायों में ईवीएम और पंचायतों में मतपेटियों का उपयोग किया जाएगा।

निष्पक्षता बनाए रखने के लिए चुनाव क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता लागू है। आयोग ने स्वतंत्र चुनाव के लिए स्पेशल प्रेक्षक नियुक्त किए हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, चुनावी प्रक्रिया 11 मई से शुरू होकर 4 जून को परिणामों की घोषणा के साथ संपन्न होगी। नगर पालिकाओं में अध्यक्ष के 5 पद और वार्ड पार्षद के 77 पदों समेत कुल 82 रिक्त पदों पर चुनाव कराया जाएगा। वहीं त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य



के 10, सरपंच के 82 तथा पंच के 1136 पदों सहित कुल 1228 पदों के लिए निर्वाचन होगा। नामांकन प्रक्रिया 11 से 18 मई तक चलेगी। नामांकन की जांच 19 मई को की जाएगी। उम्मीदवार 21 मई तक नाम वापस ले सकेंगे। मतदान की प्रक्रिया एक जून को पूरी हो जाएगी। नगरीय निकायों के लिए मतदान उसी दिन होगा जबकि पंचायत क्षेत्रों में मतदान के साथ ही मतगणना भी की जाएगी। नगरीय निकायों के परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे। वहीं पंचायतों के परिणाम भी इसी दिन टेबुलेशन के बाद जारी होंगे।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, नगरीय निकायों में मतदान ईवीएम के माध्यम से किया जाएगा जबकि पंचायत चुनाव मतपेटियों से कराए जाएंगे। मतदान का समय नगरीय निकायों में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक और पंचायतों में सुबह 7 बजे से अपराह्न 2 से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। चुनाव में कुल 44,525 मतदाता नगरीय निकायों में जबकि 10,37,789 मतदाता पंचायत क्षेत्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए नगरीय निकायों में 115 और पंचायत क्षेत्रों में 937 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 18 प्रकार के पहचान पत्र मान्य होंगे। मतदाता इनमें से किसी एक दस्तावेज के आधार पर मतदान कर सकेंगे।

## यूपी कैबिनेट विस्तार: न कोई हटेगा, न विभाग बदलेंगे

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में योगी मंत्रिमंडल विस्तार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। बिहार, बंगाल और असम के बाद यूपी की बारी है यानी 12 मई के बाद कभी भी टीम योगी का आकार बढ़ सकता है। खास बात यह है कि यह केवल विस्तार होगा, बदलाव नहीं। मतलब ये कि मंत्रिमंडल में सिर्फ छह नये चेहरे शामिल होंगे। प्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक होने के चलते किसी बड़े बदलाव पर सहमति नहीं बन सकी है। सूत्रों की मानें तो किसी मंत्री को हटाए जाने की संभावना नहीं है। विभाग बदले जाने के आसार भी कम ही हैं। प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार का खाका लगभग तैयार है। इस पर अंतिम मुहर दिल्ली से लगना बाकी है। इसके लिए जल्द मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली जा सकते हैं। फिलहाल, जिन नामों को मंत्री बनाए जाने की संभावना बताई जा रही है, उनमें पूजा पाल, मनोज पांडेय, सुरेंद्र दिलेर, भूपेंद्र चौधरी के नाम शामिल हैं। इनके अलावा पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, कृष्णा पासवान, संतोष सिंह, हंसराज विश्वकर्मा, आशा मौर्य के नाम भी रेस में शामिल बताए जा रहे हैं। इनके अलावा संगठन से जुड़े ब्राह्मण चेहरे और ब्रज के एक विधायक का नाम इस फेहरिस्त में शुमार है। पूजा पाल का नाम इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि पार्टी इस दांव से कई निशाने साध सकती है। महिला और पिछड़े वर्ग का कोटा पूरा करने के साथ ही भाजपा उन्हें सपा को घेरने के लिए सियासी हथियार के रूप में भी इस्तेमाल कर सकती है। मंत्रिमंडल में बड़ा बदलाव न होने की संभावनाओं ने पार्टी के उम्रदराज मंत्रियों के साथ ही उनको भी राहत दे दी है, जिनके विभाग बदले जाने की चर्चाएं तेज थीं। बीते कुछ दिनों से इनमें से कई दिल्ली दरबार हो आए थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### स्कूल जा रही बच्ची को नोच डाला, आखिर आवारा कुत्तों को रोकने की जिम्मेदारी किसकी

पंजाब के होशियारपुर जिले के एक गांव में बुधवार को आवारा कुत्तों के एक बच्ची पर हमले की घटना ने एक बार फिर सभी को झकझोर दिया है। कुत्तों के झुंड ने बच्ची को उस समय नोच कर मार डाला, जब वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। सवाल है कि अगर इलाके में कुत्ते आक्रामक हो गए थे, तो समय रहते स्थानीय शासन ने क्यों नहीं ध्यान दिया। जबकि जोखिम बन गए कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत की ओर से स्पष्ट आदेश दिए जा चुके हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोगों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। मगर यह दायित्वबोध किसी भी स्तर पर नहीं दिखता। पंजाब में जो हुआ, वह कोई अकेली घटना नहीं है। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं। इन्हीं कारणों से लोगों का आक्रोश भी फूटा और हिंसक कुत्तों को निशाना बनाया गया। होशियारपुर जिले में आवारा कुत्तों का समूह हिंसक हो चुका है, तो उन्हें पकड़ने की जिम्मेदारी किसकी थी? समय रहते उनकी पहचान कर ली जाती और उन्हें आश्रय गृह में भेज दिया जाता, तो मासूम बच्ची की जान नहीं जाती। यह एक विचित्र विडंबना है कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाना सरकारी महकमों को जरूरी नहीं लगता है। अदालत में महीनों चली सुनवाई और उस पर आए निर्देशों के बाद भी आम लोगों, खासकर बच्चों की जान जोखिम में है। देश भर में इस मुद्दे पर चिंता जताए जाने और मामले सुर्खियों में आने के बावजूद संबंधित विभागों और अधिकारियों का रवैया अब भी उदासीन दिखता है। रिहाइशी इलाकों से हिंसक कुत्तों को हटाने की कोई कवायद नहीं हो रही, तो इसे अब गंभीरता से लेना होगा। अगर नगर निकाय और जिला प्रशासन निर्देशों की अवहेलना करेंगे, तो आखिर आम लोग कहां जाएंगे। निकायों से पूछा जाना चाहिए कि हिंसक हो गए कुत्तों को पकड़ने तथा उन्हें आश्रय गृहों में रखने की हिदायत दी गई थी, तो उसका पालन क्यों नहीं हुआ? आवारा कुत्ते आक्रामक हो रहे हैं, तो तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। नगर निकायों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। इस दिशा में अब सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास की जरूरत है।

### नतीजों के बाद क्यों जल उठता है बंगाल? चुनाव खत्म होते ही फिर सड़कों पर लौट आई हिंसा

पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान और उसके बाद हिंसक घटनाओं का एक लंबा इतिहास रहा है। विडंबना यह है कि इस तरह की घटनाओं की निंदा तो सभी दल करते हैं, लेकिन उसे रोकने के लिए कुछ भी ऐसा नहीं किया जाता, ताकि हिंसा के हालात बनें ही नहीं। गौरतलब है कि राज्य में इस बार विधानसभा के लिए हुए चुनावों के दौरान कोई बड़ी हिंसक घटना सामने नहीं आई, लेकिन नतीजे आने के बाद जैसी खबरें आ रही हैं, उससे साफ है कि हिंसा का सहारा लेने वाले असामाजिक तत्वों को रोकने के मद्देनजर एहतियातन कुछ भी नहीं किया गया। नतीजतन, बुधवार को राज्य में भाजपा के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के सहायक सहित पांच लोगों की हत्या की खबर आई। इसके अलावा, कई लोग घायल भी हुए। पहले से ही वहां इस बात की आशंका लगातार बनी हुई थी कि चुनाव प्रचार के दौरान आक्रामक खींचतान का असर नतीजों के बाद टकराव के तौर पर सामने आ सकता है। मगर ऐसी स्थितियों से निपटने में प्रशासनिक विफलता का ही यह नतीजा है कि राज्य में कई जगहों पर हिंसा और अराजकता के हालात पैदा हुए। सवाल है कि आखिर किन वजहों से राज्य प्रशासन इस बात का आकलन करने में नाकाम रहा कि चुनावी नतीजों के बाद मुख्य राजनीतिक पक्षों के बीच का तनाव हिंसा में भी फूट सकता है। चुनाव के दौरान बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की वजह से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संभव हो सका, तो क्या ऐसा बाद में भी नहीं हो सकता था? राज्य के चुनावों में एक समय ऐसे तनाव और टकराव के पक्ष अलग थे, लेकिन वहां की सियासी तस्वीर में समय के साथ हुए बदलाव के बाद अब वहां के दो प्रतिद्वंद्वी दल मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी हैं। करीब पंद्रह वर्ष बाद वहां तृणमूल कांग्रेस के सत्ता से बाहर होने के बाद राज्य में कई जगहों पर सुरक्षा बलों की उपस्थिति के बावजूद हिंसक झड़प और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तोड़फोड़, आगजनी और उनके समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं के घरों तक पर हमले की खबरें यह बताती हैं कि राजनीतिक दलों के बीच अपने विरोधियों के प्रति लोकतांत्रिक उदारता दिखाने की औपचारिकता भी खत्म होती जा रही है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हिंसक घटनाओं के दो सौ से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज की गईं और करीब साढ़े चार सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया।

*भारतीय राजनीति एक ऐसे दौर में पहुंच चुकी है, जहां मतदाता अधिक सजग और निर्णायक हो चुका है। ऐसे में गठबंधन की राजनीति को केवल संख्या के खेल से आगे बढ़कर विश्वास, समन्वय और स्पष्टता की नींव पर खड़ा होना होगा। बिखराव केवल राजनीतिक शक्ति को ही कमजोर नहीं करता, बल्कि लोकतंत्र के संतुलन को भी प्रभावित करता है। अंततः राजनीति में वही सफल होता है जो समय के साथ सीखता है।*

# इंडी में बिखराव का खतरा: विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय

**ललित गर्ग**

भारतीय लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की अपनी-अपनी अनिवार्य भूमिकाएं हैं। जहां सत्ता नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन करती है, वहीं विपक्ष उन नीतियों की समीक्षा, संतुलन और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। लेकिन जब विपक्ष स्वयं ही असंगठित, दिशाहीन और अंतर्विरोधों से ग्रस्त हो जाए, तब लोकतांत्रिक संतुलन भी प्रभावित होता है। हाल के पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि विपक्षी एकता का दावा करने वाला गठबंधन अपने भीतर ही गंभीर संकट से गुजर रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की पराजय और तमिलनाडु में द्रमुक की स्थिति ने विपक्षी खेमे को झकझोरने का काम किया है। यह केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि रणनीतिक विफलता का भी संकेत है और यह प्रश्न भी खड़ा करता है कि क्या विपक्ष केवल भाजपा-विरोध के आधार पर टिक सकता है या उसे एक ठोस वैचारिक और नीतिगत आधार की भी आवश्यकता है। भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता केवल सत्तापक्ष की नीतियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि एक सजग, विवेकशील और रचनात्मक विपक्ष पर भी उतनी ही आधारित होती है। विपक्ष का मूल दायित्व केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना, नीतियों की खामियों को तथ्यों के आधार पर उजागर करना और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संसद एवं समाज के समक्ष रखना है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष सरकार का विरोधी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन का संरक्षक होता है। उसे विकास कार्यों में सहयोग करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बना रहे। दुर्भाग्यवश, पिछले दो दशकों में विपक्ष का एक बड़ा वर्ग इस रचनात्मक भूमिका से भटकता दिखाई दिया है, जहां नीतिगत बहसों की जगह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक शोर-शराबा अधिक प्रमुख हो गया है। इंडिया गठबंधन का गठन एक बड़े राजनीतिक उद्देश्य के साथ हुआ था-भाजपा के वर्चस्व को चुनौती देना। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रयास कुछ हद तक सफल भी दिखाई दिया, जब इस गठबंधन ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट होता गया कि यह गठबंधन वैचारिक एकता से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। गठबंधन की सबसे बड़ी कमजोरी उसका आंतरिक समन्वय है, जहां विभिन्न दलों के अपने-अपने क्षेत्रीय हित, नेतृत्व की महत्वाकांक्षाएं और अलग-अलग राजनीतिक एजेंडे अक्सर एक-दूसरे से टकराते हैं। सीट बंटवारे से लेकर नेतृत्व के प्रश्न तक, हर स्तर पर मतभेद सामने आते रहे हैं, जिससे यह स्थिति बनती है कि केवल एक साझा विरोध के आधार पर गठबंधन को स्थायी नहीं बनाया जा सकता। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी जैसे प्रमुख चेहरों के बीच जिस तरह की बयानबाजी सामने आई है, वह गठबंधन की आंतरिक स्थिति को और अधिक उजागर करती है। सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे की आलोचना करना न केवल राजनीतिक परिपक्वता की कमी को दर्शाता है, बल्कि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भी भ्रम की स्थिति पैदा करता है। राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन उन्हें व्यक्त करने का तरीका और मंच भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि जब गठबंधन के नेता ही एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने लगें, तो यह संदेश जाता है कि गठबंधन केवल नाम का है और वास्तविकता में वह बिखराव की ओर बढ़ रहा है। महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष का रुख भी उसकी रणनीतिक कमजोरी को उजागर करता है। यह विधेयक भारतीय समाज की आधी आबादी से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय था, लेकिन इसका विरोध जिस रूप में सामने आया, उसने विपक्ष की स्थिति को कमजोर किया। विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका स्वरूप रचनात्मक होना चाहिए था। यदि विपक्ष इस विधेयक में सुधार के सुझाव देता, उसके क्रियान्वयन की समय-सीमा और प्रक्रिया पर सवाल उठाता, तो वह अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बन सकता था, लेकिन सीधे विरोध में खड़ा होना, वह भी बिना स्पष्ट जनसंदेश के यह दर्शाता है कि विपक्ष मुद्दों को समझने और उन्हें सही तरीके से प्रस्तुत करने में चूक कर रहा है। इसका प्रभाव विशेष रूप से महिला मतदाताओं पर पड़ा, जिन्होंने इसे अपने अधिकारों के विस्तार के रूप में देखा और इसी का राजनीतिक लाभ भाजपा ने अपनी रणनीति के माध्यम से उठाया। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसकी आत्मसमीक्षा और सुधार की क्षमता रही है। हार के बाद भी वह अपने संगठन, नेतृत्व और रणनीति में बदलाव करती है, जिससे वह और अधिक मजबूत होकर सामने आती है। इसके विपरीत, विपक्ष अक्सर अपनी हार के कारणों को बाहरी परिस्थितियों में खोजता है, जिससे वह अपनी कमजोरियों को पहचानने और उन्हें दूर करने में असफल रहता है। राजनीति में परिपक्वता का अर्थ है हार को स्वीकार करना, उससे सीखना और भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाना, लेकिन इस दिशा में विपक्ष को अभी लंबा रास्ता तय करना है। विपक्षी गठबंधन के भीतर सबसे बड़ा संकट हितों का टकराव है, जहां हर दल अपने क्षेत्रीय आधार को मजबूत करने की कोशिश करता है और इसी प्रक्रिया में वह अपने सहयोगी दलों से भी प्रतिस्पर्धा करने लगता है। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में यह द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां सहयोग और प्रतिस्पर्धा एक साथ चलते हैं और अंततः यही स्थिति बिखराव को जन्म देती है। जब तक गठबंधन के भीतर स्पष्ट भूमिका निर्धारण, न्यूनतम साझा कार्यक्रम और नेतृत्व की स्वीकृति नहीं होगी, तब तक यह टकराव समाप्त नहीं होगा। विपक्षी दलों की यह नाकामी केवल रणनीतिक कमजोरी नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व की मंशा और प्राथमिकताओं पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। जब विपक्ष जनहित के मुद्दों को छोड़कर सत्ता प्राप्ति के लिए अवसरवादी गठजोड़, भ्रामक प्रचार और व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेता है, तब वह अपनी नैतिक विश्वसनीयता खो देता है। लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व जनभावनाओं का सच्चा प्रतिनिधित्व करना और सरकार को सही दिशा में प्रेरित करना है, न कि केवल विरोध के लिए विरोध करना। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपने आचरण और दृष्टिकोण में सुधार लाए, सिद्धांतों और मूल्यों पर आधारित राजनीति को पुनर्जीवित करे तथा जनता के विश्वास को पुनः अर्जित करे। तभी भारतीय लोकतंत्र वास्तविक अर्थों में मजबूत और संतुलित बन सकेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष स्वयं को पुनर्गठित करे, अपनी वैचारिक स्पष्टता स्थापित करे और जनता के सामने एक सकारात्मक एवं ठोस विकल्प प्रस्तुत करे। केवल विरोध की राजनीति अब पर्याप्त नहीं है, बल्कि जनहित के मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण और व्यवहारिक समाधान भी आवश्यक हैं। आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक करने के बजाय संवाद के माध्यम से सुलझाना होगा।

# रील, स्क्रीन और भागती दुनिया के बीच आखिर क्यों छूटता जा रहा है 'समझने' का हुनर

**विजय सिंह अधिकारी**

देखने और समझने के बीच एक सूक्ष्म-सी दूरी है, पर यही दूरी धीरे-धीरे जीवन को एक अनकही थकान में बदल देती है। हम जीवन भर देखते रहते हैं- चेहरे, सड़कें, भीड़, घटनाएं, समाचार- पर उन्हें समझने का ठहराव जैसे हमारी दिनचर्या से धीरे-धीरे विलुप्त हो गया हो। जीवन हमारे सामने घटता रहता है, पर उसका अर्थ भीतर पहुंचने से पहले ही कहीं फिसल जाता है, जैसे कोई नदी रेत में समा जाए और हम केवल उसकी नमी को महसूस कर सकें, प्रवाह को नहीं। समय ने समय से कहा होगा कि मैं वही हूं, जो हर युग में अपने अर्थ बदल लेता हूं- कभी प्रतीक्षा बनकर, कभी गति बनकर और कभी उस मौन ठहराव की तरह, जो किसी अनुभव के बाद मनुष्य के भीतर बच जाता है।' शायद इन्हीं पंक्तियों में देखने और समझने के बीच की पूरी कथा छिपी है- एक ऐसी कथा जो हर युग में लिखी जाती है, पर कभी पूरी नहीं होती। इसी संदर्भ में यह कहावत भी सटीक प्रतीत होती है- 'आंखों देखी पर यकीन कर लेते हैं, पर समझी हुई बात जीवन बदल देती है। आज यह दूरी और भी सूक्ष्म होकर सर्वव्यापी हो गई है। मोबाइल फोन ने देखने को गति नहीं दी, उसने देखने को एक निरंतर प्रवाह में बदल दिया है। अब दृश्य रुकते नहीं, वे बहते हैं। सुबह आंख खुलते ही स्क्रीन, दिनभर सूचनाओं की अनवरत दस्तक और रात तक अनगिनत चित्रों का सिलसिला- जैसे दुनिया अब कोई स्थिर यथार्थ नहीं, बल्कि एक निरंतर संपादित होती हुई फिल्म हो। दिल्ली मेट्रो में एक युवक अपने मोबाइल में लगातार रील बदल रहा था। एक दृश्य की हंसी अभी पूरी भी नहीं होती कि दूसरा दृश्य शुरू हो जाता था। मृत्यु, विवाह, विज्ञापन, युद्ध- सब एक ही समतल पर समान गति से गुजरते हैं। उस गति में किसी भी दृश्य का भार नहीं बचता। उसी डिब्बे में एक वृद्ध महिला अपने बैग को कसकर पकड़े खड़ी थी। उसके चेहरे पर वर्षों का धैर्य था, पर वह दृश्य नहीं बना, क्योंकि दृष्टि पहले ही आगे बढ़ चुकी थी। दिल्ली में एम्स के बाहर हल्की बारिश में एक परिवार प्रतीक्षा कर रहा था। समय वहां रुकता नहीं, फैल जाता है। पिता की आंखें दरवाजे पर जमी थीं, मां की हथेलियां आपस में बंधी थीं, बच्चा हर आहट पर सिहर उठता था। यह केवल प्रतीक्षा नहीं थी- यह समय का वह रूप था, जहां भय और आशा एक ही क्षण में सांस ले रहे थे। पर बाहर से देखने वाला इसे केवल 'कतार' कह देता है। यही वह बिंदु है, जहां देखने और समझने के बीच की सबसे गहरी दरार दिखाई देती है। इसी तरह एक चौराहे पर एक बच्चा फूल बेच रहा था। हर बार लाल बत्ती पर वह आगे आता, हर हरी बत्ती पर पीछे छूट जाता। उसकी गति नियमों से नहीं, जीवित रहने की विवशता से तय थी। एक कार में बैठे व्यक्ति ने उसे देखा, क्षणभर ठहरा, फिर स्क्रीन में लौट गया। दृश्य पूरा था, पर अर्थ अधूरा रह गया। स्टेशन पर एक वृद्ध व्यक्ति ट्रेन छूट जाने के बाद भी उसी जगह खड़ा रहा। भीड़ आगे बहती रही, घोषणाएं बदलती रहीं, पर उसके भीतर समय जैसे एक बिंदु पर जम गया था।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6087

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6086

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज नौकरी वालों के लिए खुशखबरी है। नया पद या प्रमोशन मिल सकता है। लक्ष्य पर फोकस रखेंगे तो सफलता तय है। प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो हर काम समय पर पूरा होगा। लेकिन सेहत को नजरअंदाज किया तो बड़ी समस्या बन सकती है। दिनचर्या सुधारेंगे तो लाइफ बैलेंस में आ जाएगी। पर मन फिर भी कुछ अधूरा महसूस करेगा।

### वृष
आज किस्मत आपको एक बड़ा संकेत दे रही है। प्रॉपर्टी से जुड़ा अटका काम अचानक सुलझ सकता है और समाज में आपकी पहचान चमक सकती है। दिल कह रहा है कुछ बड़ा करो और आप वही करने वाले हैं। लेकिन प्रेम में थोड़ी सावधानी जरूरी है, साथी को नजरअंदाज किया तो दूरी बढ़ सकती है। मां की सेहत चिंता दे सकती है।

### मिथुन
सुबह की शुरुआत ही खुशखबरी लेकर आएगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। पुराने झगड़े खत्म होंगे और काम की रफ्तार तेज होगी। जिम्मेदारियों को समय पर निभाकर आप सबका दिल जीत लेंगे। प्रमोशन की बात भी आगे बढ़ सकती है।

### तुला
आज आत्मविश्वास आपका सबसे बड़ा हथियार है, लेकिन मन में चल रही उलझनें आपको थोड़ा परेशान कर सकती हैं। प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो जीत आपकी होगी। सेहत खासकर शुगर और बीपी को नजर अंदाज ना करें। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन खास है, मनचाहा रिजल्ट मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन परीक्षा ले सकता है, लेकिन आप संभाल लेंगे। काम में फोकस बढ़ेगा और बॉस की नजर में आपकी वैल्यू भी। दिल में सहयोग की भावना रहेगी, जो आपको आगे बढ़ाएगी। छोटी-छोटी बातों का तनाव रहेगा, लेकिन परिवार के विवादों से राहत मिलेगी। लाइफस्टाइल में पॉजिटिव बदलाव दिखेगा। प्रॉपर्टी मामले में भाइयों से बात आगे बढ़ेगी।

### धनु
आज सेहत पर बिल्कुल भी लापरवाही मत कीजिए। पेट से जुड़ी परेशानी आपको परेशान कर सकती है। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है। बुलावा आ सकता है, लेकिन जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। अपने राज किसी से शेयर ना करें, कोई फायदा उठा सकता है। फोकस बनाए रखेंगे तो रास्ता खुद बन जाएगा।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए मौके लेकर आया है। कोई नई खरीदारी दिल खुश कर देगी और परिवार में रिश्ते पहले से मजबूत होंगे। घर में नई शुरुआत चाहे वाहन हो या मरम्मत। शुभ संकेत दे रही है। लंबे समय से अटकी डील फाइनल हो सकती है। लेकिन सेहत को हल्के में लिया तो परेशानी बढ़ सकती है।

### सिंह
आज थोड़ा संभलकर चलना होगा। खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए कंट्रोल जरूरी है। आपके काम आपको नई पहचान दिलाएंगे। बच्चे आपकी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देखेंगे। अनजान लोगों की बातों में आकर फैसला लेना नुकसान दे सकता है। लेकिन एक शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। भागदौड़ बढ़ेगी। इच्छा पूरी होगी।

### कन्या
आज का दिन आपको मुस्कुराने की वजह देगा। समस्याओं का हल मिलेगा और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है। कोई अच्छी खबर मिलेगी। नया वाहन लेने का सपना भी पूरा हो सकता है। पर मन फिर भी कुछ अधूरा महसूस करेगा।

### मकर
आज रिश्तों में पारदर्शिता जरूरी है। जीवनसाथी से कुछ भी छुपाना भारी पड़ सकता है। डूबा हुआ पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। राजनीति या नए काम में हाथ आजमाने का मन बनेगा। बिजनेस में ग्रोथ दिखेगी और पेंडिंग काम पूरे होंगे। पिता से बहस से बचें, नहीं तो बात बिगड़ सकती है। प्रॉपर्टी मामले में भाइयों से बात आगे बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए सफलता के दरवाजे खुल सकते हैं।

### कुंभ
आज धैर्य ही आपकी असली ताकत है। मीठी वाणी से आप हर मुश्किल आसान कर सकते हैं। प्रॉपर्टी मामले में भाइयों से बात आगे बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए सफलता के दरवाजे खुल सकते हैं। सरकारी काम में जल्दबाजी नहीं, सोच-समझकर कदम बढ़ाएं।स्कॉलरशिप तक मिल सकती है, लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी जरूरी है, वरना परेशानी हो सकती है। बुलावा आ सकता है, लेकिन जल्दबाजी नुकसान दे सकती है।

### मीन
भागदौड़ भरा दिन है, लेकिन राहत की बात कि मदद खुद चलकर आएगी। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है, नहीं तो बजट बिगड़ सकता है। अपने काम खुद करें, दूसरों पर भरोसा भारी पड़ सकता है। बच्चों पर नजर रखें, उनकी दिशा सही रखना आपकी जिम्मेदारी है। सरकारी काम में जल्दबाजी नहीं, सोच-समझकर कदम बढ़ाएं।

## वर्ग पहेली 6087

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | ■ |
| 8 | 9 | | | 10 | ■ | ■ | 11 |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | 15 | |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | | | |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 19 | 20 | | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1957 को यह देश संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल हुआ (4)
4. संभवतः, कदाचित (3)
6. बांक, सूती धागा (2)
7. आदि पुरूष, निपुण, कुशल (2)
8. भारत में उर्दू शायरी के दिग्गज व फिल्मी गीतकार अखलाक मुहम्मद खान का यह उपनाम है (5)
12. विस्मृति, खता, त्रुटि (2)
13. जांच, तथ्यान्वेषण, गुप्तचरी (5)
16. परिपक्व होना, पीयूत होना (3)
18. दक्षिण पवन, चंदन, मलयानिल (4)
19. जो अदालतों में किसी ओर से बहस करे, एडवोकेट (3)
22. ऊंचे स्वर से बुलाना या आवाज देना (4)
23. यह देश हिमालय पर्वत के दक्षिण ढलान पर भारत और चीन के बीच स्थित है (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. भारत के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी जिसने अभिनेत्री लारा दत्ता से विवाह किया (6)
2. आखेट, मृगया (2)
3. आने-जाने का साधन, आमदरफ्त (4)
4. प्रसन्न, खुश, आनंदित, हर्षित (उर्दू)(2)
5. एक प्रकार के देवता जो कुबरे के सेवक और उसकी निधि के रक्षक कहे गए है (2)
9. ग्रीवी, कंठनली (3)
10. जिसके मन में करूणा का भाव हो, दयालु, कृपालु (5)
11. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
14. आभूषण पेंच, मुंहासा, लौ स्तंभ (2)
15. डरपोक, असहासी, कातर, भीरू (3)
17. ख्याति प्राप्त, प्रसिद्ध, मशहूर, यशवान (उर्दू) (4)
20. दुश्मनी, अदावत, शत्रुता, बैर (2)
21. जड़, नींव, उत्पत्ति का हेतु, आधार (2)

### वर्ग पहेली 6086 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिं | गा | पु | र | ■ | खा | ■ | का |
| दू | ना | ■ | वि | का | स | का | र्य |
| र | ■ | आ | शं | का | ■ | ल | क |
| दा | न | ■ | क | ■ | जौ | ■ | र्ता |
| नी | र | ■ | र | व | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | ■ | शु | क्र | गु | जा | र |
| ह | म | श | क्ल | ■ | जा | ल | ■ |
| च | म | क | ■ | ध | रा | ■ | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# ‘कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा’

- रोहित शर्मा टीवी पर डेब्यू करने के लिए तैयार



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा अपने टेलीविजन डेब्यू के लिए तैयार हैं। ‘हिटमैन’ के शो का टीजर शुक्रवार (8 मई) को रिलीज हुआ। फिलहाल शो किस चीज को लेकर होगा, उसका क्या नाम होगा यह जानकारी सामने नहीं आई है। इसका प्रसारण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा। नीचे इस शो का टीजर देख सकते हैं। एक मिनट और 40 सेकंड से अधिक की क्लिप में रोहित शर्मा अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत करते हुए दिखते हैं, जो उत्सुकता से उनसे ‘कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा’ बोलने का आग्रह करते हैं। एक-एक करके प्रशंसक उनसे यह लाइन दोहराने के लिए कहते रहते हैं।

## जब मेरा पूरा शो आएगा तो क्या होगा?

प्रोमो में एक समय रोहित शर्मा इतने परेशान हो जाते हैं कि वह फोन करके अपने असिस्टेंट से कहते हैं कि उनके घर की छत पर गार्डन में हो रहा काम रोक दें, क्योंकि वह बार-बार गार्डन के बारे में सुनकर तंग आ चुके हैं। वीडियो के अंत में रोहित कहते हैं, ’दो लाइन क्या बोल दी इतना वायरल हो गया... जब मेरा पूरा शो आएगा तो क्या होगा?’

## रोहित शर्मा का करियर

अभी रोहित शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने अब तक पांच मैचों में 55.25 के औसत और 174.01 के स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक और 84 का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। 2007 में डेब्यू के बाद से रोहित ने भारत के सबसे बड़े ऑल-फॉर्मेट स्टार्स में से एक के रूप में अपना नाम बनाया है। उन्होंने 508 मैचों में 42.33 के औसत से 20,109 रन बनाए हैं। इसमें 50 शतक और 111 अर्धशतक शामिल हैं। रोहित की कप्तानी में भारत टी20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस पांच बार आईपीएल का खिताब जीती।

# वैभव सूर्यवंशी नंबर 1, फिन एलन ने की ग्रीन की बराबरी

### द्भक्कष्में चेज करते हुए सबसे तेज शतक लगाने वाले टॉप-8 बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 51वें मैच में केकेआर के ओपनर फिन एलन (नाबाद 100 रन, 10 छक्के व 5 चौके) ने दिल्ली के खिलाफ 47 गेंदों पर शतक लगाया। इसके बाद वो इस लीग में केकेआर की तरफ से सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने साथ ही साथ आईपीएल में रन चेज करते हुए सबसे तेज शतक लगाने के मामले में कैमरन ग्रीन की बराबरी पर भी आ गए। इस लीग में चेज करते हुए सबसे कम गेंदों पर शतक लगाने का रिकॉर्ड अब भी वैभव सूर्यवंशी के नाम पर दर्ज है।

**चेज करते हुए सबसे तेज शतक वैभव के नाम-** आईपीएल में चेज करते हुए फिन एलन ने दिल्ली के खिलाफ 47 गेंदों पर शतक लगाया और वो इस लीग में चेज करते हुए सबसे तेज शतक लगाने के मामले में कैमरन ग्रीन के साथ संयुक्त रूप से 8वें नंबर पर आ गए। ग्रीन ने भी साल 2023 में हैदराबाद के खिलाफ रेज करते हुए 47 गेंदों पर ही शतक लगाया था। इस लीग में चेज करते हुए सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड वैभव के नाम पर दर्ज है जिन्होंने साल 2025 में गुजरात के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक लगाया था।

# फिन एलन का तूफानी शतक

## केकेआर ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 51वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 8 विकेट से हराया। अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में डीसी से मिले 143 रनों के लक्ष्य को केकेआर ने आसानी से 2 विकेट खोकर 14.2 ओवर में हासिल कर लिया। यह केकेआर की लगातार चौथी जीत है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। कप्तान अजिंक्य रहाणे 9 गेंदों में 13 रन बनाने के बाद रन आउट होकर पवेलियन लौटे। वहीं, अंगकृष रघुवंशी को अक्षर पटेल ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। हालांकि, इसके बाद फिन एलन और कैमरून ग्रीन ने मोर्चा संभाला। दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय साझेदारी निभाई। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 64 गेंदों में 116 रनों की अटूट साझेदारी की। एलन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाए। अपनी इस पारी में एलन ने 5 चौके और 10 छक्के लगाए। वहीं, ग्रीन 27 गेंदों में 2 छक्कों की मदद से 33 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में डीसी की तरफ से एकमात्र विकेट कप्तान अक्षर पटेल की झोली में आया। इससे पहले, दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 142 रन लगाए। पाथुम निसांका और केएल राहुल ने मिलकर टीम को सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़े। राहुल 14 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश राणा बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 8 रन बनाकर आउट हुए। समीर रिजवी को सुनील नरेन ने 3 रनों के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स (2 रन) और कप्तान अक्षर पटेल (11 रन) का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। पाथुम निसांका ने 29 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। वहीं, अंत के ओवरों में आशुतोष शर्मा ने 28 गेंदों में 39 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में केकेआर की ओर से कार्तिक त्यागी ने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर 2 विकेट निकाले। दिल्ली कैपिटल्स की यह इस सीजन की सातवीं हार है, जिसके चलते टीम का प्लेऑफ में पहुंच पाने का रास्ता बेहद मुश्किल हो गया है।



# राहुल ने रचा इतिहास

- दिल्ली कैपिटल्स के लिए 1000 रन पूरे, पंत का रिकॉर्ड भी तोड़ा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 51वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार (8 मई) को केएल राहुल 14 गेंद पर 23 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी के दौरान उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 1000 पूरे किए और इतिहास रच दिया। वह आईपीएल में तीन फ्रेंचाइजियों के लिए 1000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। केएल राहुल ने पंजाब किंग्स के लिए 2548 रन बनाए हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 1410 रन बनाए। अब दिल्ली कैपिटल्स के लिए 1000 से ज्यादा रन हो गए। राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे कम पारियों में 1000 रन पूरे किए उन्होंने साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी और ऋषभ पंत का रिकॉर्ड तोड़ा। डुमिनी और पंत ने 35-35 पारियों में 1000 रन पूरे किए। राहुल ने सिर्फ 23 पारियों में उपलब्धि हासिल कर ली।



● दूसरे दौर में बड़ा उलटफेर

# युवा खिलाड़ी प्रिजमिक से हारे जोकोविच

**रोम:** जोकोविच का इटेलियन ओपन 2026 में सफर दूसरे दौर में ही समाप्त हो गया। छह बार के चैंपियन जोकोविच को क्रोएशिया के युवा खिलाड़ी Dino Prizmic ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। तीन सेट तक चले मुकाबले में प्रिज़मिक ने अनुभवी सर्बियाई स्टार को 2-6, 6-2, 6-4 से मात देकर टूर्नामेंट के अंतिम-32 में जगह बनाई।

**निर्णायक सेट में प्रिज़मिक ने दिखाया दम-** तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। लेकिन पांचवें गेम में प्रिज़मिक ने अहम ब्रेक हासिल किया और फिर बढ़त बनाए रखते हुए 6-4 से सेट और मैच जीत लिया। इस जीत के साथ क्रोएशियाई खिलाड़ी ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

**हार के बाद क्या बोले जोकोविच? -** मैच के बाद जोकोविच ने माना कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं थे। उन्होंने कहा, ‘मुझे नहीं लगता कि मैंने बहुत खराब खेला, लेकिन मैं आधा कदम पीछे रह गया।’ जोकोविच ने प्रिज़मिक की जमकर तारीफ भी की। उन्होंने कहा, ‘उसने बेहद उच्च स्तर का टेनिस खेला। पिछली भिड़ंत के मुकाबले उसके फोरहैंड में काफी सुधार दिखा।’

**अब सिनर पर होंगी सबकी नजरें -** शनिवार को घरेलू स्टार और दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी Jannik Sinner रोम में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। वहीं चीन की झेंग किनवेन का सामना पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको से होगा।

● **शानदार शुरुआत के बाद पिछड़े जोकोविच -** मैच की शुरुआत में जोकोविच पूरी तरह लय में नजर आए। उन्होंने पहले सेट में बेहतरीन ड्रॉप शॉट और दमदार फोरहैंड विनर्स के दम पर मुकाबले पर पकड़ बनाई और 6-2 से सेट अपने नाम किया। हालांकि दूसरे सेट में मुकाबले का रुख पूरी तरह बदल गया। प्रिज़मिक ने आक्रामक खेल दिखाते हुए तेजी से 4-0 की बढ़त बना ली। जोकोविच की पहली सर्विस कमजोर पड़ने लगी, जिसका फायदा उठाकर युवा खिलाड़ी ने दूसरा सेट 6-2 से जीत लिया।

# डोप टेस्ट मिस करने पर मुश्किल में फंसे भारत के दो युवा स्टार, NADA ने भेजा नोटिस

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज Yashasvi Jaiswal और महिला टीम की स्टार ओपनर Shafali Verma को नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी ने डोप टेस्ट मिस करने के मामले में नोटिस जारी किया है। दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ ‘व्हेयरअबाउट फेल्योर’ नियम के तहत पहला ‘मिस्ड टेस्ट’ दर्ज किया गया है।

**तय जगह पर मौजूद नहीं मिले खिलाड़ी -** यशस्वी जायसवाल और शेफाली वर्मा दोनों NADA के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल का हिस्सा हैं। इसके तहत खिलाड़ियों को किसी भी समय अचानक डोप टेस्ट के लिए उपलब्ध रहना होता है और उन्हें अपनी लोकेशन





की जानकारी एजेंसी को देनी होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोप कंट्रोल ऑफिसर पिछले साल 7 नवंबर को यशस्वी और 17 दिसंबर को शेफाली के तय स्थान पर पहुंचे थे, लेकिन दोनों खिलाड़ी वहां मौजूद नहीं मिले।

**NADA ने मांगा जवाब, नहीं मिला कोई उत्तर -** NADA ने फरवरी 2026 में दोनों खिलाड़ियों से स्पष्टीकरण मांगा था। यशस्वी जायसवाल को 18 फरवरी और शेफाली वर्मा को 20 फरवरी को जवाब देने के लिए कहा गया, लेकिन एजेंसी को उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कई महीनों तक जवाब नहीं मिलने के बाद द्वष्ठ ने दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ पहला ‘मिस्ड टेस्ट’ दर्ज करने का फैसला लिया। इस पूरे मामले की जानकारी Board of Control for Cricket in India (BCCI) को भी दे दी गई है।

**क्या यशस्वी और शेफाली पर लगेगा बैन-** फिलहाल दोनों खिलाड़ियों पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। एंटी डोपिंग नियमों के अनुसार, एक साल के भीतर तीन बार डोप टेस्ट मिस होने पर खिलाड़ी पर अधिकतम दो साल का बैन लगाया जा सकता है। अगर यशस्वी और शेफाली का जवाब वैध नहीं माना जाता है, तो पहला ‘मिस्ड टेस्ट’ रिकॉर्ड स्थायी रूप से दर्ज रहेगा। हालांकि एक टेस्ट मिस होने पर तत्काल निलंबन का प्रावधान नहीं है।

**उस समय क्या कर रहे थे दोनों खिलाड़ी -** जब NADA ने जवाब मांगा, उस समय यशस्वी जायसवाल रणजी ट्रॉफी 2025-26 खेलने के बाद ब्रेक पर थे। दूसरी ओर शेफाली वर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला टीम के साथ टी20 सीरीज खेल रही थीं। एजेंसी का कहना है कि खिलाड़ियों को अपनी लोकेशन में बदलाव की जानकारी स्म्स्, ईमेल या एप के जरिए देनी होती है, लेकिन दोनों ऐसा करने में नाकाम रहे।

**IPL और वर्ल्ड कप में व्यस्त हैं दोनों स्टार -** Yashasvi Jaiswal फिलहाल Rajasthan Royals के लिए IPL 2026 खेल रहे हैं। आईपीएल के बाद वह अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। वहीं Shafali Verma को ICC महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।

# टूर्नामेंट जीता, फिर भी नहीं मिली पुरस्कार राशि

## » भारतीय ग्रैंडमास्टर ने खेल मंत्रालय से लगाई गुहार «

**स्पोर्ट्स डेस्क:** अभिजीत गुप्ता ने इस साल आयोजित ओडिशा ओपन शतरंज टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि नहीं मिलने पर गहरी नाराजगी जताई है। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अब इस मामले में खेल मंत्रालय से हस्तक्षेप करने की मांग की है। अभिजीत ने इससे पहले All India Chess Federation को भी पत्र लिखकर शिकायत की थी, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

**‘अब आयोजकों ने जवाब देना भी बंद कर दिया’ -** अभिजीत गुप्ता ने कहा, ‘मैंने जनवरी में ओडिशा ओपन जीता था। आयोजकों ने भरोसा दिलाया था कि एक महीने में पुरस्कार राशि दे दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।’ उन्होंने आगे कहा, ‘जब मैंने बाद में उनसे संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने जवाब देना भी बंद कर दिया।’

**खिलाड़ियों को नहीं मिल पा रहा बकाया -** सूत्र ने कहा, ‘संघ के अंदरूनी विवाद की वजह से बैंक खाता फ्रीज हो गया है। यही कारण है कि खिलाड़ियों को उनकी पुरस्कार राशि नहीं मिल पा रही है।’ इस मामले ने भारतीय शतरंज जगत में खिलाड़ियों के हितों और टूर्नामेंट प्रबंधन को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सोशल मीडिया पर छलका दर्द

ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर भी अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा, ‘मैं खेल मंत्रालय से विनम्र अनुरोध करता हूं कि इस मामले पर ध्यान दिया जाए और खिलाड़ियों को पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ उनकी उचित पुरस्कार राशि दिलाई जाए।’ उन्होंने कहा, ‘यह सिर्फ पुरस्कार राशि का मामला नहीं है, बल्कि भारत के हर शतरंज खिलाड़ी की गरिमा और भरोसे का सवाल है।’



● **जनवरी में जीता था ओडिशा ओपन खिताब -** अभिजीत गुप्ता ने जनवरी 2026 में ओडिशा ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया था। उनका दावा है कि आयोजकों पर अभी भी 5.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि बकाया है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट जीतने के बाद आयोजकों ने एक महीने के भीतर भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक राशि नहीं मिली।

● **राज्य संघ के विवाद से फंसा मामला -** सूत्रों के मुताबिक, Odisha Chess Association के भीतर आंतरिक विवाद चल रहा है। इसी कारण संघ का बैंक खाता फ्रीज हो गया है, जिससे खिलाड़ियों को भुगतान नहीं हो पा रहा। द्भष्टस्न से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि राज्य संघ के भीतर दो गुटों के बीच विवाद चल रहा है, जिसके चलते आर्थिक लेनदेन प्रभावित हुआ है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ

**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत सूही टोले रोहीदास खाप गांव में शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ हुआ। नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, गणेश जी एवं बजरंग बली की प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा और हर-हर महादेव के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिवत पूजा-अर्चना के बीच आचार्य राधेकृष्ण पांडेय, भरत मिश्र, कंचन पांडेय, सौरभ शास्त्री, सत्यम शास्त्री, सचिन शास्त्री एवं सूरज शास्त्री ने कलश यात्रा का शुभारंभ कराया। इस दौरान 501 महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश रखकर धार्मिक यात्रा में भाग लिया। महिलाएं पारंपरिक लाल एवं पीले वस्त्रों में शामिल हुईं, जिससे शोभायात्रा का दृश्य आकर्षक बन गया। करीब तीन किलोमीटर लंबी शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकलकर रोहिदास खाप, ओरडीह एवं शिवपुर होते हुए पाढ़ी गांव पहुंची।

चोरी की मोटरसाइकिल से देते थे वारदात को अंजाम

# चाकू दिखाकर सोने का लॉकेट लूटने वाला गिरोह गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भगवान बिगहा निवासी रॉकी कुमार उर्फ सोनू, मौलाबाग निवासी खुरम खान और राजा बाबू उर्फ राजा के रूप में हुई।
- पुलिस के अनुसार रॉकी कुमार उर्फ सोनू गिरोह का सक्रिय सदस्य और नेटवर्क संचालक है, जिस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर पुलिस ने बाजार क्षेत्र में चाकू का भय दिखाकर युवक से सोने का लॉकेट लूटने वाले गिरोह का 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एक अलग मोटर चोरी कांड का भी खुलासा किया गया है। दाउदनगर थाना परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने बताया कि गुरुवार रात रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिहरगंज निवासी मोनू कुमार से मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने चाकू के बल पर गले से सोने जैसा हनुमान जी का लॉकेट लूट लिया था। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए दाउदनगर थाना कांड संख्या-297/26 दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच दल ने घटनास्थल और आसपास लगे निगरानी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी साक्ष्य जुटाए तथा लगातार छापेमारी अभियान चलाया।

जांच के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने लूटकांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर लूटा गया लॉकेट और घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार, वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल पहले से चोरी की थी। यह वाहन दाउदनगर थाना कांड संख्या-265/26 में चोरी हुआ था। गिरफ्तार अपराधियों ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस का मानना है कि गिरोह पहचान छिपाने के लिए चोरी के वाहनों का उपयोग करता था। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान भगवान बिगहा निवासी रॉकी कुमार उर्फ सोनू, मौलाबाग वार्ड संख्या-22 निवासी खुरम खान तथा पचकठवा देवी मंदिर वार्ड संख्या-26 निवासी राजा बाबू उर्फ राजा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रॉकी कुमार उर्फ सोनू गिरोह का सक्रिय सदस्य होने के साथ पूरे नेटवर्क का संचालन करता था। उसके खिलाफ दाउदनगर थाना में कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दाउदनगर थाना कांड संख्या-290/26 में दर्ज मोटर चोरी मामले का भी खुलासा करते हुए उमरचक निवासी सिकंदर कुमार यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी का मोटर भी बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि रॉकी कुमार उर्फ सोनू के खिलाफ दाउदनगर थाना में कांड संख्या-535/24, 747/24, 265/26 एवं 555/21 दर्ज हैं। अन्य गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी विकास कुमार, अवर निरीक्षक सुदीश कुमार, परमानंद कुमार यादव, अभिषेक कुमार, प्रेम रौशन कुमार, विक्की कुमार तथा सिपाही सोनू कुमार शामिल रहे। संवाददाता सम्मेलन के दौरान पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2015 मामलों का निपटारा, 5.14 करोड़ रुपये का हुआ समझौता

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



व्यवहार न्यायालय परिसर तथा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, बैंक एवं बीमा अधिकारियों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में वादकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक दंडाधिकारी शिवांगी ने किया। स्वागत भाषण देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके माध्यम से न केवल वादकारियों को त्वरित न्याय मिलता है, बल्कि न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों का बोझ भी कम होता है। उन्होंने मीडिया की भूमिका की भी सराहना की। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत सामाजिक सौहार्द बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है, जहां छोटे-छोटे मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जाता है। वहीं जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों के त्वरित निस्तारण का सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन नोटिस तामिला कराने और लोगों को जागरूक करने में लगातार सहयोग करता है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत समाधान का मंच है, शोषण का नहीं। उन्होंने विशेष रूप से बैंक ऋण मामलों में बैंक अधिकारियों को संवेदनशील रवैया अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आर्थिक मजबूरी में ऋण लेने वाले लोगों को अधिक से अधिक राहत और ब्याज में छूट प्रदान की जानी चाहिए। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना 2026 के तहत विशेष कैंप का आयोजन नगर भवन में किया गया। इस योजना के अंतर्गत 90 दिनों से अधिक समय से लंबित यातायात ई-चालानों का निपटारा किया गया। कुल 319 मामलों का निष्पादन करते हुए 5 लाख 14 हजार रुपये की वसूली की गई। इससे सैकड़ों वाहन मालिकों को राहत मिली। कार्यक्रम के दौरान सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में अपने-अपने विद्यालयों में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें डीएवी पब्लिक स्कूल की आकृति सोनल एवं अर्णव सिसोदिया, संत इग्नेशियस की अलिष्बा रेहान, अंबिका पब्लिक स्कूल की सलोनी कुमारी, विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल की गुनगुन कुमारी तथा महेश एकेडमी के अभिनव राज शामिल रहे। सभी को प्रशस्ति पत्र, पौधा एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा विधिक साक्षरता क्लब से जुड़े विद्यालयों में आयोजित लेखन प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का विषय "जीवन में वैज्ञानिक आविष्कारों का महत्व" था। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2015 मामलों का निस्तारण किया गया, जिनमें पारिवारिक, आपराधिक सुलहनीय, बैंक ऋण, चेक बाउंस, टेलीफोन, यातायात चालान एवं अनुमंडल पदाधिकारी न्यायालय से जुड़े मामले शामिल थे। इन मामलों में कुल 5 करोड़ 14 लाख 17 हजार 565 रुपये का समझौता कराया गया।

# सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के भूगोल विभाग में स्नातकोत्तर सत्र 2024-26 के छात्र-छात्राओं के लिए शुक्रवार को सेमिनार हॉल में विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. विभीषण कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा तथा भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. रामाधार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि सफलता की सबसे बड़ी कुंजी कठिन परिश्रम और ईमानदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, समर्पण और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा प्रदान करती है और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. विभीषण कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखते हुए पूरी ईमानदारी और लगन के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास के महत्व को समझाया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत और अपने विचारों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालय जीवन के अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिजीत कुमार, राजू रंजन सिंह, गोल्डी कुमारी, राज प्रकाश, चंदन कुमार, नीतीश कुमार, धनंजय कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राओं की भूमिका सराहनीय रही। समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, महिला समेत पांच लोग घायल

कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)। जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक ही बाइक पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कुटुंबा थाना मोड़ के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। घायलों की पहचान बहुआरा गांव निवासी मिथिलेश राम की पत्नी 25 वर्षीय इंदु देवी, गोविंद राम के पुत्र 25 वर्षीय निर्भय कुमार, शिवशंकर राम के पुत्र 18 वर्षीय इंदल कुमार, छह वर्षीय सार्थक कुमार तथा एक वर्षीय कौशल कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि सभी लोग एक ही बाइक पर सवार होकर तिताई बिगहा गांव से बहुआरा लौट रहे थे।परिजनों के अनुसार इंदु देवी का मायका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तिताई बिगहा गांव में है। वह कुछ दिनों से अपने मायके में रह रही थी।

# मई में न्यू जेल के पास शिफ्ट होगी फल-सब्जी मंडी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद में फल एवं सब्जी मंडी के स्थानांतरण को लेकर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की संयुक्त फल एवं सब्जी मंडी को पुराने स्थान से हटाकर न्यू जेल परिसर के समीप निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। इस मंडी में कुल 82 फल एवं सब्जी विक्रेता शामिल हैं, जिन्हें नए स्थान पर व्यवस्थित रूप से बसाया जाएगा। बैठक के दौरान विक्रेताओं के प्रतिनिधियों ने नए स्थल पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि मंडी के सुचारु संचालन के लिए बिजली, सड़क, पेयजल एवं शौचालय जैसी सुविधाएं आवश्यक हैं। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि नए स्थल पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु समुचित योजना तैयार की जाए। साथ ही आवश्यक कार्यों का शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर कार्य प्रारंभ करने को कहा गया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मई माह के भीतर मंडी का स्थानांतरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि नए स्थल पर सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि फल एवं सब्जी विक्रेताओं के साथ-साथ आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## धर्म जागरण समन्वय की ओर से महाराणा प्रताप मनाई गई जयंती

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। औरंगाबाद में शनिवार को राजपूत परियोजना धर्म रक्षा समिति की ओर से शुभम इंटरनेशनल होटल, कुंडा हाउस में महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम धर्म जागरण समन्वय के बैनर तले हुआ। धर्म जागरण की ओर से बताया गया कि परियोजना का उद्देश्य जातियों में उत्पन्न समस्याओं को सुलझाकर, उन्हें संस्कारित कर सामाजिक जीवन में प्रतिस्थापित करते हुए राष्ट्र के लिए समर्पित करना है। साथ ही जातीय समस्याओं से निकलकर राष्ट्रीय सनातन संस्कृति को बचाने के लिए कार्य करना है। कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक गांव स्तर पर महाराणा प्रताप धर्म रक्षा समिति बनाकर हर साल जयंती मनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के बाद धर्म जागरण समन्वय जिला प्रमुख अजीत कुमार सिंह एवं सभी उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के मूर्ति पर जाकर जयकारा लगाते हुए पुष्पार्चन किया।

# दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर अभियान जारी, विभिन्न योजनाओं से जोड़े जा रहे लाभुक

निज संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दिव्यांगजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, त्रिचक्र वाहन सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंच सके। इसी क्रम में शुक्रवार को कुटुंबा प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुटुंबा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित हुए तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड एवं त्रिचक्र वाहन जैसी योजनाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लाभुकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया गया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह विशेष अभियान 2 मई 2026 से जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगातार चलाया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मदनपुर में 11 मई, नवीनगर में 12 मई, ओबरा में 13 मई तथा रफीगंज में 14 मई को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी शिविर स्थलों पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि शिविरों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके और अधिकाधिक दिव्यांगजन विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। जिला प्रशासन ने सभी पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी निर्धारित शिविर में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

# नए फल एवं सब्जी मंडी स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

- विभागों द्वारा तैयार प्राक्कलन जल्द जिला पदाधिकारी को सौंपा जाएगा।



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में प्रस्तावित नए फल एवं सब्जी मंडी स्थल को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा नगर परिषद अध्यक्ष ने न्यू जेल परिसर के समीप प्रस्तावित मंडी स्थल एवं फोरम का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थल पर उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान बिजली, सड़क, पेयजल एवं शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित विभागों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने मौके पर आवश्यक कार्यों की रूपरेखा तैयार करने तथा शीघ्र प्राक्कलन बनाकर प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने बताया कि नए मंडी स्थल पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा तैयार प्राक्कलन जल्द ही जिला पदाधिकारी को सौंपा जाएगा, ताकि आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मंडी स्थानांतरण की प्रक्रिया के दौरान विक्रेताओं और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। नए स्थल को व्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

गौरतलब है कि शहर की संयुक्त फल एवं सब्जी मंडी में शामिल कुल 82 विक्रेताओं को मई माह के भीतर नए स्थल पर स्थानांतरित करने की योजना है। जिला प्रशासन का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और मंडी संचालन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।


